वैशाख कृष्ण पक्ष 07
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
20 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-183
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

# राष्ट्रीय नवीन मेल

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते
₹3.00 | हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर | पेज 12



## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के टोनाटाड निवासी स्व मनोज सिंह के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार सिंह की मौत बाइक दुर्घटना में हो गई। दीपक शुक्रवार रात्रि अपने घर से अपने किसी काम के लिए इटखोरी मोड़ की ओर बाइक से जा रहा था। इस क्रम में दीपक का बाइक पदमा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे दीपक की मौत दुर्घटना स्थल पर ही हो गयी। पदमा के ग्रामीणों ने इखोरी लोरम निवासी कैलाश सिंह को घटना की जानकारी दी। कैलाश सिंह ने यह जानकारी उसके परिजनों को दी। पुलिस ने दुर्घटना स्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

### जेईई मेन में डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** अद्भुत प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस के छात्रों ने एक बार फिर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2025 (फाइनल) में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर द्रीप्त दिव्यांश पांडे टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में डीपीएस के 18 छात्रों ने 99 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया। 58 से अधिक छात्रों ने 95 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए हैं एवं 74 से अधिक छात्र 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किया है। साथ ही, डीपीएस के 200 से ज्यादा छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए क्वालीफाई किया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## गिरते भूजल स्तर से जिले में बोरिंग व हैंडपंप हो रहे बेअसर, पानी के लिए मची अफरातफरी

# 45% हैंडपंप सूखे, 7,000 से ज्यादा चापाकल मरम्मत योग्य, वर्षा जल संचयन ही अब अंतिम उपाय

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** एक वक्त था जब गांवों और कस्बों में चापाकल खुदाई के कुछ घंटों में पानी देने लगते थे। अब वही चापाकल सूखे खड़े हैं और बोरिंग के समरसेबुल पंप भी बेकार साबित हो रहे हैं। भूजल स्तर में लगातार गिरावट पलामू में जल संकट को और गंभीर बना रही है। यह संकट केवल गर्मियों का नहीं, बल्कि साल भर की विकराल समस्या बनता जा रहा है।

केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा वर्ष 2023 में किए गए सर्वे के अनुसार, पलामू जिले के 9 प्रखंडों में भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है। इनमें मेदिनीनगर, पाटन, चैनपुर, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, उंटारी रोड और लेस्लीगंज प्रमुख हैं।

विशेषकर मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर 130 फीट से भी नीचे जल स्तर रिकॉर्ड किया गया, जबकि 15 साल पहले यह 40 से 50 फीट के बीच था।

पलामू में 1.5 लाख से अधिक चापाकल हैं, जिनमें से 45% गर्मी आते ही सूख जाते हैं। पेयजल स्वच्छता विभाग के अनुसार, 2024 के पहले तिमाही में ही 7,000 से अधिक हैंडपंप मरम्मत योग्य घोषित किए जा चुके हैं, लेकिन मरम्मत कार्य बेहद धीमा है।

पाटन और छत्तरपुर में लगाए गए 80 से अधिक समरसेबुल पिछले वर्ष गर्मियों में बेकार हो गए क्योंकि बोरिंग की गहराई पर्याप्त नहीं थी या पानी की परतें सूख चुकी थीं।



भूजल संकट का सबसे बड़ा असर कृषि पर पड़ रहा है। पलामू कृषि विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट बताती है कि गर्मी में 70% किसान सिंचाई नहीं कर पाते क्योंकि उनके नलकूप सूख चुके होते हैं। कई क्षेत्रों में फसल समय पर तैयार नहीं हो पाते और बुआई में देरी होती है। लोग मानसून पर निर्भर हैं।

पलामू के शहरी वार्डों, खासकर समाहरणालय क्षेत्र, शिवाजी मैदान का इलाका, आबादगंज, हमीदगंज, पहाड़ी मुहल्ला, लेस्लीगंज रोड आदि इलाकों में पेयजल की भीषण समस्या है। घरों में लगे बोरिंग मई आते ही पानी देना बंद कर देते हैं।

स्थानीय प्रशासन द्वारा भेजे गए टैंकर भी जरूरत से काफी कम होते हैं।

2001 से 2023 के बीच पलामू जिले में औसत वर्षा में 28% तक गिरावट दर्ज की गई है। वर्षा जल संचयन की व्यवस्थाएं न के बराबर हैं और शहरीकरण के कारण जमीन में जल रिसाव नहीं हो पा रहा है।

तालाब, नदी, पोखर जो भूजल रिचार्ज में सहायक थे, वे या तो सूख गए या पाट दिए गए।

विश्रामपुर और हुसैनाबाद के कुछ गांवों में ग्रामीणों ने खुद के प्रयासों से छत वर्षा जल संचयन की शुरूआत की है। इससे उनके हैंडपंप सूखे नहीं हैं। आहर और पइन जैसी पारंपरिक रिचार्ज नालियों को पुनर्जीवित करने की मांग भी उठने लगी है।

भूजल स्तर का गिरना चेतावनी है, आने वाली पीढ़ी के लिए पानी की लड़ाई अभी से शुरू हो चुकी है। यदि समय रहते रिचार्ज संरचनाओं, पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों और वर्षा जल संचयन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य का पलामू प्यासा ही नहीं, विस्थापन झेलता इलाका बन सकता है।

## नामकुम के आर्मी ग्राउंड में हुआ भव्य और रोमांचक एयर शो का आयोजन

# भारतीय वायुसेना के कौशल, शौर्य और पराक्रम देख छाती गर्व से हो गई चौड़ी

- सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम ने शानदार प्रदर्शन से बांध दिया समां
- रांची में पहली बार हुआ एयर शो, विमानों ने शानदार करतब दिखाए

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायुसेना के भव्य एयर शो के पहले दिन शनिवार को प्रतिष्ठित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के हॉक जेट विमानों ने शानदार कौशल और करतब का प्रदर्शन किया। लगभग एक लाख की संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे रांचीवासियों ने इस एयर शो को देखा। लोगों ने एयर शो को अपनी आंखो से प्रत्यक्ष देख कर सुखद रोमांच का अनुभव किया।



भारतीय वायुसेना के कौशल, शौर्य और पराक्रम का अद्भुत नजारा देखकर रांचीवासियों की छाती गर्व से चौड़ी हो गई। रांची के लिए यह गर्व का क्षण था कि यहां भव्य एयर शो का आयोजन किया गया। रांची के आसमान में पराक्रम की गूंज से सभी का चेहरा खिल उठा। उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर भारतीय वायुसेना के जाबांज पायलटों का मनोबल बढ़ाया। लोग ह्यभारत माता की जयह्न का उद्घोष भी कर रहे थे। वहीं, सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने आसमान में बेहतरीन करतब दिखाए। सूर्य किरण की टीम ने कुशलता और अनुशासन के जरिए बेहतरीन हवाई करतब से दर्शकों का मन मोह लिया।



एयर शो कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने आसमान में मनोहर एवं हैरतअंगेज कारनामे से सब को हैरत में डाल दिया। रांची के आसमान में विमान द्वारा तिरंगे को लहराया गया। भारतीय वायुसेना के ये विमान 5 मीटर की दूरी मेंटेन करते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आए। विमानों ने अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए आसमान में अलग-अलग आकृतियां **शेष पेज 11 पर**

# सीएम सोरेन प्रतिनिधिमंडल के साथ यूरोप हुए रवाना

- औद्योगिक व ऊर्जा निवेश संबंधों को मजबूत करने जा रहे स्पेन और स्वीडन

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यूरोप (स्पेन और स्वीडन) के दौरे पर नई दिल्ली से रवाना हो गए। यह दौरा 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चलेगा। यह ह्यहेमंत सोरेन 2.0ह्न सरकार के किसी प्रतिनिधिमंडल का पहला विदेशी दौरा है। यह प्रतिनिधिमंडल स्पेन की राजधानी मैड्रिड एवं बार्सिलोना तथा स्वीडन के गोथनबर्ग जैसे प्रमुख शहरों का दौरा करेगा। स्पेन एवं स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव अरवा



राजकमल, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव के साथ अन्य विशिष्ट लोग शामिल हैं। यह दौरा इस्पात और धातु, ऊर्जा (पारंपरिक और नवीकरणीय), उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित अपने सबसे गतिशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने की झारखंड की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल को यह टीम मैड्रिड में प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। 22 अप्रैल को मैड्रिड में ही माइनिंग और स्टील सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। 23 अप्रैल को बार्सिलोना **शेष पेज 11 पर**

## आज कल

### तीसरी आंख




# एसबी ट्रेडर्स के मालिक को मारी गोली, गंभीर

- अपराधियों ने सरायकेला-खरसावां में कांड्रा-डुमरा मुख्य मार्ग पर दिया वारदात को अंजाम

नवीन मेल डेस्क

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा-डुमरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े एसबी ट्रेडर्स के मालिक संजय बर्मन को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल संजय को उठाकर कांड्रा थाना पहुंचाया। पुलिस उन्हें लेकर इलाज के लिए टीएमएच ले गई, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि संजय को दो गोलियां लगी हैं। एक पैर में और एक जांघ में गोली लगी है। थाना प्रभारी विनोद मुर्मू के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ बताना संभव है। कांड्रा में दिनदहाड़े इस तरह की घटना से लोगों में भय का माहौल है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है।

## रातू प्रखंड में कानूनी सेवाओं पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** रातू प्रखंड में नालसा की योजना-2024 के तहत मानसिक बीमारी और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर पीएलवी सुनिता देवी, सुजिता देवी व अन्य उपस्थित थे। सुनिता देवी ने कहा कि रिनपास में डालसा के पीएलवी नियुक्त हैं। मानसिक रूप से विक्षिप्त पीड़ित या पीड़िता कार्यरत पीएलवी या जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क कर सकते है। पीएलवी सुनिता देवी ने रेप-गैंगरैप में पीड़ितों को मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। डायन बिसाही पर कहा कि किसी को भी डायन कहना गलत है। डायन कहकर लोगों को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है, इसमें सजा का भी प्रावधान है।

# लातेहार के गारू में सिलेंडर बम बरामद

- बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय किया

नवीन मेल डेस्क

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में शनिवार को सर्च अभियान चला कर सिलेंडर बम बरामद किया। यह सफलता एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के बाद मिली है। बाद में सिलेंडर बम को बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। लातेहार के एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों द्वारा साल्वे जंगल में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना के बाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ की टीम



द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान जंगल में एक स्थान पर सिलेंडर बम बरामद हुआ। इसे बम निरोधक दस्ते द्वारा विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया गया। एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए सिलेंडर बम लगाया होगा। उन्होंने कहा कि जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# डीएवी हेहल में महात्मा हंसराज की जयंती मनी

- महात्मा जी का जीवन आदर्शों का प्रतीक है : एसके मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हेहल डीएवी में डीएवी आंदोलन के संस्थापक पिता महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रातःकालीन सभा एवं हवन का आयोजन किया गया। इस महान विभूति की जयंती पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे एसके मिश्रा ने कहा कि 19 अप्रैल 1864 को पंजाब के होशियारपुर जिले के बजवाड़ा गाँव में अवतरित महात्मा हंसराज का जीवन त्याग, सेवा और आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने लाहौर के एक मिशनरी स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। आगे चलकर स्वामी दयानंद सरस्वती के व्याख्यानों से प्रभावित होकर आर्य समाज में प्रवेश किया और शिक्षा के माध्यम से समाज सुधार के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर डीएवी शिक्षण संस्थानों की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचार्य ने बताया कि 22 वर्ष की आयु में उन्होंने डीएवी हाई स्कूल लाहौर में प्रधानाचार्य के रूप में अवैतनिक सेवा शुरू की और जब डीएवी कॉलेज लाहौर की स्थापना हुई तो वे इसके मानद प्रिंसिपल बने। उन्होंने अपने वक्तब्य में कहा कि डीएवी शिक्षा संस्थानों के लिए कई नए विद्यालय खोले और उनका मार्गदर्शन किया। वे जातिवाद के प्रबल विरोधी थे और समाज के सभी वर्गों की शिक्षा और उन्नति के लिए काम करते थे। हमसब सौभाग्यशाली हैं कि हमसब इतने बड़े परिवार के सदस्य हैं।


## इंडिया

# संबंधों की मर्यादाओं को भूलता भारत और तार तार करता इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सामाजिक मर्यादाओं और संस्कारों से जिस भारत की पहचान बनती है जहां परपुरुष से बचने के लिए पद्मिनियां जौहर करतीं थीं, एक महिला के अपमान से रामायण और महाभारत के ऐतिहासिक युद्ध में लाखों मारे गए और आज भी किसी महिला के अपमान को भारतीय समाज बर्दास्त नहीं कर पाता, उस 'इंडिया' में ऐसी खबरें सोशल मीडिया में उड़ रहीं हैं जो भारत की मयार्दा को ही नहीं पूरे सामाजिक ताने-बाने को उड़ाकर रख देंगी। आगरा में उड़ी रिश्ते की धज्जियां सगे बाप ने बेटी से किया कई बार दुष्कर्म, 7 सालों तक सहती रही बाप की बेरहमी । यूपी में होने वाली सास दामाद के साथ फरार हो गई तो समधन समधी के साथ फरार हो गई । कानून की बात करें तो नए बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) में, सहमति से यौन संबंध बनाना अपराध नहीं है, बशर्ते कि सहमति देने वाले दोनों वयस्क हों और उनकी सहमति स्पष्ट और स्वैच्छिक हो। कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में, जैसे कि नाबालिग के साथ संबंध या जब सहमति धोखे से या जबरदस्ती प्राप्त की जाती है, तो यह बलात्कार माना जाता है। कोर्ट पहले ही इसे मान्यता दे चुकी है जिस कारण ओयो होटल बुकिंग एप में स्पष्ट लिखा है कि उनके होटल में अविवाहित जोड़ों का स्वागत है। देश के अनेक हिस्सों से अमर्यादित यौन संबंधों की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। इसके साथ ही पारिवारिक, नजदीकी और मर्यादित रिश्तों में अमर्यादित यौन संबंधों का चलन भारतीय समाज के लिए चिंताजनक बनता जा रहा है इसे अंग्रेजी में इन्सैस्ट भी कहा जाता है। अंग्रेजी शब्द इन्सैस्ट का अर्थ है-समाज द्वारा निषिद्ध यौन संबंध यानी निकट संबंधियों के बीच आपसी यौन संबंध। इस तरह के यौन संबंधों को दुनिया का कोई भी समाज मान्यता नहीं देता है। अंग्रेजी में यह शब्द प्राचीन लातिनी भाषा से आया है। लातिनी में इन्सैस्ट का मतलब होता है-पाप या अपराध। यह नैतिक दृष्टि से एक जघन्य अपराध माना जाता है इन्सैस्ट यानी




पारिवारिक व्यभिचार का मतलब है कि अपने ही रक्त संबंध में अनैतिक यौन संबंध स्थापित करना। यह एक संवेदनशील और अमर्यादित विषय होने के कारण हमारी निःसंकोच बातचीत का हिस्सा नहीं होता। इससे जुड़ी खबरों में लगातार वृद्धि से सामाजिक मयार्दाओं की धज्जियां उड़ा रहे इस मुद्दे पर मुखरता से बहस देखने में आ रही है। इस विषय पर बात करना और यहां तक लिखना भी असामान्य अनुभव है। भारत में भी इन्सैस्ट आमतौर पर होता है और पर्दे के पीछे ही रहता है।आज भी देश के कई घरों की चारदीवारी में मर्यादित रिश्तों में अमर्यादित यौन संबंधों का बोलबाला है जिसके बारे में जानकारी जल्दी नहीं हो पाती। कई बार तो इसमें पारिवारिक सदस्यों की मौन सहमति भी मौजूद रहती है। इन्सैस्ट की भावना कैसे पनपती है इसके बारे में मनोवैज्ञानिक एक साधारण उदाहरण देते हैं। जैसे किसी घर की स्त्री घर के बच्चे को छोटा समझ कर उसके सामने कपड़े बदल लेती है या पति-पत्नी को संबंध बनाते हुए बालक या बालिका देखे तब उसके अंदर यह भावना घर कर जाती है।उसको यह पता है कि यह गलत है पर खुद की यौनेच्छा पर काबू नहीं कर पाता और यह बात इसके अंदर मानसिक रूप से फंस जाती है। इसके पीछे इंटरनेट पर खुले तौर पर उपलब्ध इन्सैस्ट पोर्न भी बराबर जिम्मेदार है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि बहुत से लोग इसमें इसलिए ज्यादा सम्मिलित रहते हैं क्योंकि इसमें वह अपने साथी से आसानी से मिल सकते हैं और सुविधानुसार यौन संबंध बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच यौन संबंध इसलिए भी गलत होता है क्योंकि वह अक्सर धमकी या पावर का इस्तेमाल करके बनाया जाता है।चाहे इस पावर का इस्तेमाल दिखाई दे या न दे परिवार के सदस्य के बीच यौन संबंध यह उस व्यक्ति के दिमाग पर खराब असर डाल सकता है जिसे इस तरह के यौन एक्शन के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस तरह के यौन संबंध परिवार के ढांचे को खतरे में डाल सकते हैं। अमर्यादित रिश्तों के जन्म लेते ही घर की चारदीवारी में हमारी मां, बहन, बेटियां और नाबालिग असुरक्षित हो जाती हैं।यदि यौन संबंध रखने वाले भागीदारों में से एक नाबालिग या दूसरा वयस्क है, तो इस कारण से बहुत से नाबालिग वर्षों तक परिवार के भीतर यौन शोषण का शिकार होते रहते हैं क्योंकि उनको डर होता है कि बता देने से उनके परिवार के व्यक्ति को जेल हो सकती है और परिवार का नाम खराब होगा। इसके अलावा, परिवार के अन्य लोग उनकी बात पर विश्वास करने से इंकार कर सकते हैं।ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्राजील, डेनमार्क, कनाडा और अमरीका जैसे कई देशों में इसे गैर-कानूनी माना जाता है, लेकिन भारत में इसके लिए स्पष्ट कानून तय नहीं किया गया है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आईपीसी की धारा 497 खत्म करने के कारण अब ऐसे रिश्ते बढ़ रहे हैं जोकि एक बहुत ही खतरनाक सामाजिक प्रवृति है।

## पीएम आवास के कार्यों में तेजी लाने के लिए टीम गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** पीएम आवास के कार्यों में तेजी लाने के लिए पांडू बीडीओ रणबीर कुमार ने प्रत्येक पंचायत में अलग-अलग टीम गठित कर कार्य करने का आदेश दिया है। बीडीओ ने पत्र निर्गत करते हुए तीन दिनों के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही है। टीम में पंचायत डालकाला, महूगांवा, कजरुकला में रितेश दुबे (बीपीओ ), अनिल कुमार (मनरेगा ),चंदन कुमार उपाध्याय (ऑपरेटर ),पंचायत सिलदिली, रतनाग में ओम प्रकाश कुमार(प्रभारी आवास समन्वयक ), गौतम कुमार रवी (कंप्यूटर ऑपरेटर ) पंचायत कुटमू, पांडू हेतू विवेक चंद्र पाल (जनसेवक ), सदाम हुसैन (कम्प्यूटर ऑपरेटर ), पंचायत मुसिखाप, तिसिबार कला, फुलिया में मुकेश कुमार (प्रखंड समन्वयक लघु कुटिर ), मो यूसुफ (बीटीएम), अमर कुमार मेहरा (कंप्यूटर ऑपरेटर) को रखा गया है।

# चचेरे साले की शादी में ससुराल गए युवक की फंदे पर लटका मिला शव

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**चैनपुर।** चचेरे साले की शादी में ससुराल गए एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। ससुराल से 500 मीटर दूर उसकी डेड बॉडी देखी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच डेड बॉडी को कब्जे में लेकर एमएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। शनिवार सुबह 9 बजे डेड बॉडी का दाह संस्कार किया गया। यह मामला पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाजार स्थित कुसुम टोला का है। युवक की पहचान वहां के रहने वाले 25 साल के मंटू भुइयां पिता रामवृक्ष भुइयां के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी, मां समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह लगातार बेहोश हो रही हैं। मंटू की मां हिरोइया देवी, भाई चंदन कुमार ने मृतक के सास और साले पर मारपीट कर फांसी के फंदे पर लटका देने का आरोप लगाया है। रामगढ़ के थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह का कहना है कि डेड बॉडी का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। रिर्पोट आने के बाद स्पष्ट होगा कि मौत का कारण क्या था? ऐसे परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### जमीन विवाद में की गई फायरिंग, देसी कट्टा, कारतूस व तलवार के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शनिवार की सुबह करीब 7:40 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि पाटन थाना क्षेत्र के बैदाकला गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग की जा रही है। सूचना को रोजनामचा में दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया, जिनके निर्देश पर पाटन थाना से सशस्त्र बल के साथ पुलिस टीम सत्यापन के लिए रवाना हुई। जब टीम बैदाकला गांव स्थित आहर के पास पहुँची, तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे सशस्त्र बल ने तत्परता दिखाते हुए दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका और जब उसका नाम व पता पूछा गया, तो उसने अपना नाम नरेन्द्र कुमार महतो (उम्र लगभग 65 वर्ष), पिता स्व. पृथ्वी नाथ महतो, निवासी बैदाकला, थाना पाटन बताया। उसकी विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा (.315 बोर), एक जिन्दा कारतूस (.315 बोर), दो खाली खोखा (.315 बोर) और एक लोहे की तलवार (जो उसके कंधे पर लटकी हुई थी) बरामद हुई। जब उससे हथियारों और कारतूस के वैध कागजात मांगे गए, तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे पाया, जिसके बाद पुलिस ने विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी वस्तुएं जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए थाना लाया। पाटन थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि इस मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### समाजिक समरसता के पथ प्रदर्शक थे संविधान निर्माताः विधायक

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मैदान स्थित विवाह मंडप भवन में आंबेडकर चेतना परिषद की हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतना परिषद के अध्यक्ष बीके रंजन ने की । संचालन विजय कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व उदघाटनकर्ता हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो,मुख्य वक्ता डॉ. विजय कुमार त्रिशरण, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार,जाकिर अली उर्फ राज अली, बसपा नेता शत्रुघ्न कुमार शत्रु आदि ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व तथागत भगवान बुद्ध के चित्रों पर पुष्पर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय मे देश व समाज की जो हालात है, वह बहुत ही चिंताजनक हैं। बाबा साहब द्वारा दी हुई संविधान व अधिकार से आम आदमी बहुत दूर है। आज भी हमारे समाज के लोग वास्तविक अधिकार से वंचित हैं। कर्तव्यनिष्ठा में हम आगे हैं। वर्तमान परिपेक्ष्य में जहां विश्व के लोग उनके आदर्शों को अपनाने व रिसर्च कर रही हैं। वहीं आज भी हमारे देश में समाजिक समरसता का अभाव है। बाबा साहब ने भगवान शंकर की तरह सारा विष को पीकर अमृत जैसा संविधान दिया है। हम लोगों को उनके बताए हुए मार्गो पर चलना चाहिए। आज देश में शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान विज्ञान के दौर में उनके आदर्शों पर चलना ही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि हैं। एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि बाबा साहेब के मार्गदर्शन में लिखा गया संविधान के ताकत ही मुझे आज एसडीएम बनाया हैं। देश भर में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि के अलावा उनके जीवन को अध्ययन करने की जरूरत हैं। इस मौके राकेश कुमार पासवान,गुरु प्रसाद राम,कृष्णा बैठा, हरि यादव रामप्रवेश पासवान,रामेश्वर बौद्ध,अनिता बौद्ध समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नहीं थम रही है शराब पर प्रिंट रेट से अधिक की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थापित शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने का आरोप लगातार लगता आ रहा है। अंग्रेजी शराब के ग्राहकों से क्वार्टर साइज के पैक पर 10 से 20, हाफ पर 30 से 40 और फुल साइज के पैक पर 50 से 70 रुपया अधिक मूल्य लिया जाता है। वही केन बियर में अंकित मूल्य से 50 रुपये अधिक लिया जा रहा है। ताजा मामला 100 का बियर 150 में बिक्री किए जाने के विरोध पर दुकानदार का सीधा जवाब मिलता है कि जहां जाना है जाओ, इसी रेट से मिलेगी शराब। भाजपा नेता विमलेश सिंह, सरजू प्रसाद गुप्ता सहित अन्य कई ग्राहकों के अनुसार इस संबंध में कई बार आवाज उठती रही है। पर आज तक संबंधित विभाग मूल्य नियंत्रण पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। गत माह ही एसडीओ गौरांग महतो ने कुछ दिनों पहले शराब दुकानदारों को चेतावनी भी दी। पर कोई असर नही दिख रहा है। सवाल उठता है कि शराब दुकानदारों के सिर पर आखिर किनका हाथ है, जो खुलेआम अधिक राशि वसूली कर रहे है। उत्पाद विभाग का औचक निरीक्षण भी निष्क्रिय उजागर होता है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और उत्पाद विभाग के अधिकारी से इस खुलेआम लूट पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही दोषी पर जुर्माना लगाने और इनकी लाइसेंस रद्द करने की भी मांग की है। जिससे भविष्य में आम ग्राहक ठगी का शिकार न बन सके।

**एसडीओ की चेतावनी के बाद भी अंग्रेजी शराब का नहीं हुआ मूल्य नियंत्रण**




### ऑटो खाई में गिरने से एक की मौत, एक घायल

**भवनाथपुर।** तिलक जाने के क्रम ऑटो व बाइक के टक्कर में यूपी के नीरूइया दामर घाटी में एक की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। दोनो अरसली दक्षिणी के हेसलदाग के रहने वाले हैं। मृतक घुराई चेरो पिता जवाहिर चेरो, घायल विनय सिंह पिता प्रसाद सिंह के नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अरसली दक्षिणी के हेसलदग से तिलक एक ऑटो से यूपी शुक्रवार के देर शाम जा रहा था। इस बीच विढ़मगंज के रास्ते में दुर्गम पहाड़ी नीरूइया दामर के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक को बचाने में ऑटो खाई में गिर गई।

## ग्रामीण ने पेंशन बढ़ाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** पंडवा प्रखंड के लोहड़ा पंचायत निवासी बलराम विश्वकर्मा ने पेंशन बढ़ाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार 25 सौ रुपये पेंशन दे रही है, लेकिन वह और अन्य पुराने पेंशनधारियों को केवल एक हजार रुपये पेंशन प्राप्त करते हैं। महंगाई के इस दौर में एक हजार रुपये से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। बलराम विश्वकर्मा ने कहा कि पेंशनधारियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए सरकार को एक टॉल-फ्री नंबर



जारी करना चाहिए, जिससे पेंशनधारी चौबीस घंटे और सातों दिन सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने सरकार से पेंशन बढ़ाकर 25 सौ रुपये करने की मांग की ताकि पेंशनधारियों की जिंदगी में कुछ सुधार हो सके।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जुलूस कल, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के मुस्लिम समाज में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस काले कानून के खिलाफ आगामी 21अप्रैल को निकलने वाले जुलूस को लेकर शनिवार को शहर के मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। बैठक में निर्णय लिया गया की जुलूस शहर के लंबी गली स्थित इमली के पेड़ के समीप से शुरू किया जायेगा, जो शहर के प्रमुख चौक चौराहों व मुख्य बाजार होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक जाएगा। वहां एक शिष्टमंडल अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपेगा। ज्ञापन सौंपने के बाद जुलूस की समाप्त होगी। बैठक में निर्णय लिया गया की जो भी राजनीतिक दल यह सामाजिक संगठनों के लोग इस कानून के खिलाफ है, उन्हें भी इस जुलूस में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से इस जुलूस के सरपरस्त मुखिया नवाजिश खान, सैयद मशरूर अहमद, शकील अहमद, हाजी अब्बास कादरी,निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, अफरोज आलम, महताब खान, सैयद फिरोज हुसैन, परवेज अहमद, गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान, यासिन अंसारी, समेत कई लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े में हाथ धुलाई पर दिया विशेष बल


**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े में महिलाओं व बच्चों की हाथ धुलाई पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसे लेकर जल सहियाओं ने स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर इसके प्रति जागरूकता और सजगता पैदा करने का काम किया। इसमें टीचर्स, सेविका, सहायिका और स्वास्थ्य सहिया का भी सहयोग मिलता रहा। इसके साथ ही उन्होंने पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित और जागरूक किया गया। पेयजल के नमूने की जांच कर रिपोर्ट तैयार किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि इस पखवारे में भजनियां की जल सहिया शकुंतला देवी ने दिन प्रतिदिन के शेड्यूल को फॉलो किया है। जिससे अन्य कई जल सहिया को कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने भी निर्धारित समय पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता व पोषण के प्रति जागरूकता का बोध कराया। नतीजतन ग्रामीण क्षेत्र में इसके प्रति माहौल बन गया। इसका दूरगामी परिणाम प्राप्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि शनिवार को दूबा की जल सहिया शबनम प्रवीण,लटपौरी सोना देवी, रसूलपुर की जुवैदा खातून, देवंती देवी कवलपुरा और सुनीता देवी कादलकर्मी ने भी इस पखवारे के कार्यक्रम के तहत स्वच्छता और पोषण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं एवं बच्चों को इस दिशा में प्रेरित किया। इनके साथ ही किरण देवी मोहम्मदगंज, पूनम देवी रानीदेवा, शारदा अधौरा, लालमती कोरियाडीह, कान्ति पंशा, संगीता राणाडीह, मंजू माली, प्रभा झरहा, मीना गजरही , पूनम पंचपोखरी, कविता करडंडा, किरण पिपराबांध, शशिबाला चचेरिया, रीना माहुर और प्रतिमा गंगापुर लंकासुर सहित अन्य कई जलसहियाओं के कार्य इस संबंध में सराहनीय कदम हैं।

**जल सहियाओं के कार्य की सराहना**



## नहीं रहे तबला वादक राजकिशोर



**कलाकार जगत में तीसरी पीढ़ी का अंतः पं. कुंडल तिवारी**

वयोवृद्ध कलाकार व तबलावादक राजकिशोर सिंह के उनके बीच दुनिया से चले जाने से पूरा क्षेत्र मर्माहत है। सन 1952 में संचालित यूनियन ड्रामेट्रिक क्लब के तत्कालीन निदेशक वयोवृद्ध पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि हैदरनगर में ग्रामीण कलाकारों के तीसरी तीसरी पीढ़ी का अंत हो गया। इनके कार्यकाल के सभी कलाकार संगीत, कला और वाद्ययंत्र के कला प्रेमी कभी यहां की गलियों में धमाल मचाया करते थे। संगीत व वाद्ययंत्र की स्वर की गूंज प्रातःकाल में ही इन कलाकारों की अभ्यास से शुरू हो जाती थी। जिसमें राजपुतान टोला के ही तबला वादक स्व. नागेश्वर सिंह उर्फ लंगा सिंह, नरेश सिंह, राजकिशोर सिंह, सारंगी पर परमेश्वर राम, ढोलकिया रघुनंदन राम व डोमन प्रसाद, हारमोनियम पर दारोगा कश्यप व भानू प्रताप साहिदेव ने ख्याति प्राप्त की। इन दिवंगत आत्माओं की चिर शांति की कामना के साथ उन्होंने कहा कि अब वर्तमान में इन सभी कलाकारों का स्थान कोई नहीं भर सकता।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वयोवृद्ध किसान व कलाकार के निधन से किसान, जनप्रतिनिधि व कलाकार जगत में शोक ही लहर है। बाजार क्षेत्र हैदरनगर के राजपुतान टोला निवासी प्रतिष्ठित किसान व वयोवृद्ध तबलावादक राजकिशोर सिंह (90 वर्ष) का निधन रांची स्थित नवनिर्मित निवास पर शुक्रवार की रात करीब 11 बजे हो गया। इनके पार्थिव शरीर को हैदरनगर स्थित आवास पर शनिवार की सुबह लाया गया है। शव आते ही क्षेत्र के किसान, कलाकार और जनप्रतिनिधि जगत में शोक की लहर उमड़ पड़ी है। सूचना मिलते ही भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अजय जयसवाल, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य शैलू, जायसवाल, पूर्व विधायक कमलेश सिंह आदि ने मृतक की शांति और शोकाकुल परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है। उन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र धीरेन्द्र कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह और दो पुत्री प्रमिला देवी, प्रतिमा देवी सहित भरपूरा परिवार छोड़ गये हैं। शनिवार को बाजे जपला सोन नदी के तट पर उनकी अंत्येष्टि की गई। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र धीरेन्द्र कुमार सिंह ने दी है। उनके निधन पर मुखिया संतोष, कुमार सिंह, चंचल सिंह, मेनका सिंह, पुष्पा सिंह, सृष्टि सिंह, लड्डू सिंह, रानू नैंसी, सक्षम, सत्यम, दृष्टि, तृप्ति, केशव नाथ ने शोक व्यक्त किया है।

### खाद्य आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि बने पंकज

**गढ़वा।** भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने सदर प्रखंड के बेलचंपा गांव निवासी पंकज पासवान को खाद्य आपूर्ति विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक ने अपने जारी पत्र में कहा है कि पंकज उनकी अनुपस्थिति में खाद्य आपूर्ति विभाग की सभी बैठकों में भाग लेंगे। साथ ही उक्त विभाग से आने वाली समस्याओं का निराकरण करा कर आम जनता के कार्यो को गति देंगे। विधायक ने उसकी सूचना डीसी, एसपी, गढ़वा और रंका एसडीओ के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दे दी है।

## किसान का बेटा जेई मेंस में सफल, हर्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जेईई मेंस का परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित कर दिया गया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव के छात्र रूपक कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 99 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किया हैं। रूपक ने 99.080 परसेंटाइल हासिल किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेंस 2025 के दूसरे चरण का परिणामजारी कर दिया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव निवासी किसान सुरेंद्र मेहता व गृहणी निर्मला देवी के बेटे रूपक कुमार की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। रूपक की प्रारंभिक शिक्षा बुन पब्लिक स्कूल जपला से हुई, जबकि वर्तमान में शहीद भगत सिंह इंटरमीडिएट महाविद्यालय का वह छात्र हैं। रूपक ने बताया कि रोजाना 10-12 घंटे की पढ़ाई करता है। उसने बताया कि उसका आगे का लक्ष्य आइआइटी मुंबई से बीटेक करना है। उनकी इस सफलता पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम नाथ सिंह, बुन स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह, बीरेंद्र कुमार, अक्षय कुमार मेहता, दीपक मेहता, रंजन कुमार रवि, ललन प्रसाद मेहता, रबिन्द्र कुमार मेहता आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दाता पीर बख्श रहमतुल्लाह के सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली 10 मई को

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित हजरत दाता पीर बख्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स पाक 10 मई को होगा। इस आशय की जानकारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां ने दी। उन्होंने बताया कि उर्स को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य इसमें जुट गए हैं। मजार शरीफ का रंग रोगन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उर्स के मौके पर कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। कव्वाली कार्यक्रम हैदरनगर के बल्डीहरी गांव निवासी सेठ इब्राहीम के सौजन्य से होगा। सेठ इब्राहिम मुंबई से हुसैनाबाद जल्द ही पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेठ इब्राहिम के हुसैनाबाद स्थित आवास पर कार्यक्रम को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई है। इसमें सुरक्षा समेत सभी कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मामले में प्रशिक्षु आइपीएस एस मोहम्मद याकूब ,एसडीओ गौरांग महतो व स्थानीय थाना प्रभारी को भी अवगत कराया जाएगा। कमेटी के सचिव आरजू खां ने बताया कि कार्यक्रम के लिए महशूर कव्वाला रौनक परवीन व मशहूर टीवी आर्टिस्ट कव्वाल बाबू गुलाम साबरी 10 मई को हुसैनाबाद पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि दोनो कलाकारों के साथ कमेटी ने एकरारनामा भी कर लिया है। कार्यक्रम को लेकर सदस्यों व आम लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया की कार्यक्रम में कौन कौन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि होंगे, यह निर्णय कमेटी की अगली बैठक में लिया जाएगा।

**अनदेखी** | सिंचाई विभाग खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण का भेजा गया प्रस्ताव

# स्टेडियम निर्माण का सपना 4 साल बाद भी पूरा नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण का सपना 4 साल बाद भी पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। इसके निर्माण का प्रस्ताव उपायुक्त के स्तर से सरकार के संयुक्त सचिव पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग को भूमि विवरणी सहित 5 मार्च 2022 को पत्रांक के माध्यम से प्रसंगाधीन पत्रांक के आलोक में समर्पित किया गया है। ऐसी स्थिति में भी स्टेडियम निर्माण के प्रति नाउम्मीदी को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में निराशा व्याप्त हो गया है।

**2.63 एकड़ में फैले मैदान में स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव**


बताया जाता है कि सिंचाई विभाग के खेल मैदान (खाता 520 और प्लॉट संख्या 1286 में रकबा 2.63 एकड़) समतल रूप में फैला हुआ है। जिसका राज्य सरकार के पोटो हो खेल मैदान योजना के तहत भी रखरखाव किया गया है। वैसे, इस खेल मैदान की खेलकूद को लेकर सदा से अलग पहचान रही है। नदियों और जंगलों-पहाड़ों के मध्य स्थित यह खेल मैदान आबोहवा के लिहाज से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल बताया जाता है। यही वजह है कि खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास और सेना व पुलिस बहाली के लिए दौड़ लगाने को लेकर यह खेल मैदान सदैव गुलजार रहता है। इसके साथ ही क्रिकेट खासकर, फुटबॉल के बड़े टूनार्मेंट को लेकर आयोजकों, खिलाड़ियों और दर्शकों का पसंदीदा मैदान है। एक दशक से भी अधिक समय से इस मैदान पर सद्भावना कप फुटबॉल टूनार्मेंट होता रहा है। एक साल अंतर जिला महिला फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आयोजन किया गया था। लोग बताते हैं कि जिले के गिने-चुने खेल मैदानों में इसकी गिनती की जाती है। सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी उपयोग में लाया जाता है। हाल में इसके एक किनारे पर डीएमएफटी के तहत ओपेन जिम भी बनाया गया है। इसी मैदान के एक तरफ थाना और दूसरे तरफ प्रखंड मुख्यालय के अवस्थित होने की स्थिति में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी यह मैदान अनुकूल है। ऐसे में लोगों ने इस मैदान पर स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव को धरातल पर उतारना जरूरी बताया है।

### बिजली समस्या को लेकर विधायक ने की अधिकारियो के साथ बैठक

**हुसैनाबाद।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व एसडीएम गौरांग महतो ने अधिक्षण अभियंता विधुत विभाग पलामू,संतोष कुमार,सहायक विद्युत अभियंता छतरपुर गुणवंत कुमार,सहायक विद्युत अभियंता हुसैनाबाद रामप्रसाद महतो के साथ बैठक किया,जिसमें क्षेत्र में बिजली वितरण से लेकर विद्युतीकरण योजना कार्यो की समीक्षा किया गया,जिसमे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जर्जर हालत में तार व पॉल को बदलने,लोड सीडिंग की बंटवारा, जर्जर ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदले ,विद्युतीकरण योजना द्वारा चल रही कार्यो की प्रगति रिपोर्ट आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देश दिया कि काम मे तेजी लाइये टारगेट बनाकर काम कीजिये, खेती किसानी से पूर्व किसी भी हाल में ग्रामीण क्षेत्रों में काम दुरस्त चाहिए एवं शहरी क्षेत्रों दुर्घनाग्रस्त जर्जर तार पॉल को जल्द बदलें।

# लहर बंजारी में बनेगा एफओबी विद रैंप, रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति

■ सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से मिली मंजूरी, जल्द होगी निविदा प्रकाशित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम लहर बंजारी में एफओबी विद रैंप (लाइट आरओबी) निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 अप्रैल 2025 को पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी है।

बताया गया कि सांसद कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र (पत्रांक 86/DLI, दिनांक 10 फरवरी 2025) के आलोक में यह स्वीकृति प्राप्त हुई है।

ग्राम लहर बंजारी, उंटारी रोड और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को रेलवे लाइन पार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसको देखते हुए सांसद ने यह मुद्दा 'लोकसभा में नियम 377 के तहत', धनबाद मंडल की बैठकों में, पत्राचार और रेल मंत्री से व्यक्तिगत भेंट के दौरान लगातार उठाया था।

अब रेलवे बोर्ड द्वारा एफओबी विद रैंप निर्माण की मंजूरी के बाद जल्द ही इसकी निविदा प्रकाशित की जाएगी और निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

सांसद विष्णु दयाल राम ने स्वीकृति के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति व्यक्तिगत रूप से एवं पलामू की जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# ताश में हार व पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

● छत्तरपुर के रुद गांव में हुई हत्या का हुआ खुलासा, वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी कड़ियां



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुद गांव में पारिवारिक रंजिश और ताश में हार की वजह से एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कृष्ण भुइयां उर्फ कईला (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई नरेश भुइयां ने 18 अप्रैल 2025 को थाना छत्तरपुर में इस संबंध में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम गठित की गई। वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी सहायता के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मुख्य अभियुक्त दिलीप भुइयां (19 वर्ष, ग्राम बारा) और उसका नाना नंदेव भुइयां (65 वर्ष, ग्राम रुद) शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में दिलीप भुइयां ने स्वीकार किया कि उसने मृतक को अपनी ममेरी बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा था और पूर्व में उसे चेतावनी भी दी थी। घटना वाले दिन यानी 17 अप्रैल को मृतक और आरोपी ताश खेल रहे थे, जिसमें मृतक ने ?3300 जीत लिए। इसी बात को लेकर दिलीप नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगा और अचानक टांगी से मृतक के सिर पर तीन बार वार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को छिपाने में उसने अपने नाना की मदद ली।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सनी टांगी और खून लगे कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। छापामारी टीम में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि राहुल कुमार, अनुसंधानकर्ता पुअनि सुशील उरांव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पलामू के आठ कराटे खिलाड़ी साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में होंगे शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के आठ कराटे खिलाड़ी झारखंड के गिरिडीह में आयोजित प्रथम साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फुनाकोशी शोतो-कॉन कराटे ऑर्गनाइजेशन इंडिया के तत्वावधान में 18, 19 एवं 20 अप्रैल को गिरिडीह टाउन हॉल में आयोजित हो रही है।

प्रतियोगिता में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, वर्मा, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों के कराटे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पलामू से चयनित खिलाड़ियों में संत मरियम विद्यालय के रौनक कुमार, अनिकेत कुमार और युवराज कोरवा शामिल हैं। इसके अलावा मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी, पलामू की आकांक्षा कुमारी, मिरा मखारिया, लाडली कुमारी, संध्या कुमारी और डोली कुमारी भी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगी। टीम का नेतृत्व मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार कर रहे हैं, जबकि दीपक कुमार और गोल्डी कुमारी को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। टीम गिरिडीह के लिए रवाना हो चुकी है।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन

# अग्निशमन सुरक्षा के टिप्स और प्रशिक्षण से बच्चों को दी गई आग से बचाव की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एक मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो और अन्य अग्निशमन कर्मचारियों ने बच्चों को अग्नि सुरक्षा के उपायों के बारे में प्रशिक्षण दिया।

मॉक ड्रिल के दौरान, अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आग से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि एल.पी.जी. स्टोव का उपयोग करते समय गैस को रेगुलेटर से बंद करना चाहिए और किचन में जलने वाली सामग्रियों का भंडारण कम से कम करना चाहिए। आग लगने की स्थिति में लिफ्ट का प्रयोग नहीं करना चाहिए और फ्यूज व स्विच की सही रेटिंग वाले उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने बिजली के तारों को गर्म या भीगी सतहों से दूर रखने और उपकरणों का उपयोग करने के बाद स्विच को बंद करने की सलाह दी। इसके अलावा, दिनेश कुमार शर्मा, पलामू जिला प्रधान अग्नि चालक, ने बच्चों को यह बताया कि सिलेंडर में लगी आग को कैसे बुझाया जा सकता है। उन्होंने आग बुझाने के लिए अग्नि सुरक्षा यंत्र के उपयोग का भी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान, स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने अग्नि सुरक्षा यंत्र का प्रयोग करके आग को नियंत्रित करने की कला सीखी। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारियों और सहकर्मियों को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में काजल कुमारी, अर्चना पांडेय, अनु दूबे, प्रिया दूबे, सतीश कुमार, और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। इस मॉक ड्रिल से बच्चों को आग से बचाव के कई महत्वपूर्ण उपायों के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने इसे अपनी सुरक्षा के लिए लागू करने की कसम खाई।

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप-बजरंग दल का धरना

▸▸ राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के दौरान हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में शनिवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने बंगाल की स्थिति को भयावह बताते हुए राज्य सरकार पर प्रशासनिक विफलता और पक्षपात का आरोप लगाया। जिला पालक दामोदर मिश्र ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून राज्य सरकार द्वारा लाया गया है, फिर भी हिंदुओं को निशाना बनाना चिंताजनक और अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि दंगे के दौरान प्रशासन की भूमिका सहायक और प्रेरक जैसी रही है।

धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त, पलामू को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने और वर्तमान राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई।

इस धरना प्रदर्शन में प्रांत सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक दामोदर मिश्र, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, संगठन मंत्री विजय यादव, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक (अधिवक्ता), मंत्री अमित तिवारी (अधिवक्ता), पूर्व उपमहापौर सह भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह समेत दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय (अधिवक्ता), दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह (अधिवक्ता), बालोपासना प्रमुख विकास कश्यप, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह सहित हरि नगर, चैनपुर, जपला, नवा बाजार, सतबरवा आदि क्षेत्रों के कार्यकताओं ने सहभागिता की।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में फ्रूट्स विद फन एक्टिविटी के जरिए बच्चों ने सीखा सेहत व सृजन का महत्व

■ प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों ने फलों से बनाई आकृतियां, प्राचार्य ने बढ़ाया उत्साह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशिप, शाहपुर में शनिवार 19 अप्रैल 2025 को 'फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी)' नामक रचनात्मक गतिविधि का आयोजन उल्लासपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य 'डॉ. एके सिंह' ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में 'फाउंडेशनल स्टेज (प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक)' के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 'नई शिक्षा नीति' के अनुरूप विद्यार्थियों में स्कूल के प्रति रुचि व लगाव को प्रोत्साहित करने हेतु यह गतिविधि कराई गई। बच्चों ने 'खरबूजा, अंगूर, सेब, केला आदि फलों' से मनोहारी आकृतियां बनाईं और उनकी सुंदर सजावट प्रस्तुत की, जिससे उनकी रचनात्मकता और बाल-कला झलकी। प्राचार्य डॉ. सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि फलों के सेवन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की रुचि, आत्मविश्वास और कक्षा में सहभागिता को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय बच्चों में अध्ययनशीलता के साथ-साथ नवाचार व निर्भीकता के वातावरण को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं और बच्चों के साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाया।

# एमके डीएवी में महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती पर श्रद्धा के साथ हुई स्मृति सभा

▸▸ डॉ. जीएन खान ने दी श्रद्धांजलि, हंसराज जी के जीवन और अवैतनिक सेवा को किया याद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटनगंज में 19 अप्रैल 2025 को डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में महात्मा हंसराज जी के जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने महात्मा हंसराज जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. खान ने कहा कि महात्मा हंसराज जी ने 25 वर्षों तक अवैतनिक रूप से डीएवी संस्थानों की सेवा की और आर्य समाज के आदर्शों को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने 1886 में लाहौर में पहले डी.ए.वी. स्कूल की स्थापना की, जो हंसराज जी के समर्पण से एक वटवृक्ष के रूप में विकसित हुआ। आज डीएवी समूह के तहत 970 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें पब्लिक स्कूल से लेकर इंजीनियरिंग, लॉ, बीएड, आयुर्वेदिक कॉलेज और शोध केंद्र शामिल हैं। लाखों छात्र यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। डॉ. खान ने महात्मा हंसराज जी की निस्वार्थ सेवा और अनुशासन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे दो कलमें रखते थे–एक डीएवी कार्य के लिए और दूसरी निजी कार्यों के लिए। उन्होंने आजीवन त्याग और सेवा का जीवन जिया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, मीनाक्षी करण, नीरज श्रीवास्तव एवं एके पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विद्या वैभव भारद्वाज ने किया, जबकि संयोजन शिक्षक कन्हैया राय एवं शिक्षिका प्रियंका ने किया।

# सदिक चौक के पास सघन जांच अभियान, 14 वाहनों पर 35 हजार से अधिक का जुर्माना




▸▸ बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला यातायात पुलिस द्वारा 19 अप्रैल को सदिक चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के पाए गए। कुल 13 मोटरसाइकिल जब्त की गईं। इसके अलावा, बीती रात एक मोटरसाइकिल चालक और एक ट्रक चालक को नो एंट्री में पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि ट्रक चालक शराब के नशे में था, जिसकी पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई। सभी जब्त वाहनों को शहर थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया है।

जांच के बाद इन सभी मामलों में जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान हेतु भेजा गया। 14 दोपहिया वाहनों पर कुल ₹18,671, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले एक मोटरसाइकिल चालक पर ₹10,185 और नो एंट्री में पकड़े गए ट्रक चालक पर ₹6,150 का चालान फाइन लगाया गया। कुल मिलाकर 35,006 रुपये की चालान राशि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जारी की गई है। यातायात पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों को लेकर गांधी पार्क में मातृत्व संघ की बैठक

## अत्याचार, दुष्कर्म व शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से जुटीं महिलाएं



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और शोषण के खिलाफ संघर्ष के मुद्दों को लेकर शनिवार को गांधी पार्क, मेदिनीनगर में मातृत्व संघ के बैनर तले एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व धनबाद से आई मातृत्व संघ की संस्थापक पूजा रत्नाकर और पलामू जिलाध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने किया।

पूजा रत्नाकर ने अपने संबोधन में कहा कि हर महिला में शक्ति निहित है और उसे अपनी सुरक्षा के लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और साहसपूर्वक अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया।

शर्मिला वर्मा ने कहा कि मातृत्व संघ का गठन ही उन महिलाओं के लिए किया गया है जो संकट में हैं और जिन्हें मार्गदर्शन व सहयोग की जरूरत है। 'हर महिला शक्ति स्वरूपा है, उसे बस अपनी क्षमता पहचानने की जरूरत है,' उन्होंने कहा।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी स्नेहा ओझा ने महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग देने पर जोर दिया ताकि वे स्वयं की रक्षा कर सकें। वहीं, सचिव फराह नाज ने कहा कि समाज में कई महिलाएं सामाजिक दबाव के कारण अपनी पीड़ा नहीं साझा कर पातीं, लेकिन मातृत्व संघ उन्हें एक खुला मंच देता है।

बैठक में संध्या अग्रवाल, ज्योति सिन्हा, रेशमा प्रवीण, सुषमा देवी, अधिवक्ता वंदना कुमारी समेत कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में जिलाध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने कहा कि मातृत्व संघ का जिला स्तर पर विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं तक मदद पहुंच सके और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

# संत मरियम स्कूल के दो छात्रों का चयन नेशनल गेम्स के लिए

● दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे रोशन और शनि



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के दो विद्यार्थियों रोशन कुमार और शनि कुमार का चयन नेशनल स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) द्वारा 22 से 26 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल स्कूल गेम्स के लिए किया गया है। दोनों छात्रों का चयन झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के नेतृत्व में गतका खेल में हुआ है।

खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा, 'खेल के क्षेत्र में मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य सफलता की कुंजी है। मैं दोनों खिलाड़ियों को आशीर्वाद देता हूं, और आशा करता हूं कि वे दिल्ली में जाकर नेशनल गेम्स में जीत कर झारखंड राज्य को गर्वित करेंगे।'

यह सभी खिलाड़ी 19 अप्रैल को खेल गांव रांची में रिपोर्ट करेंगे और फिर नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इन खिलाड़ियों को विद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन ने मार्शल आर्ट में प्रशिक्षण दिया है। संत मरियम स्कूल में खिलाड़ियों के चयन के बाद एक उत्साहपूर्ण माहौल देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य आदर्श कुमार, उप प्राचार्य शाहा कुमार, कोऑर्डिनेटर अमरेंद्र सिन्हा, शैक्षिक प्रबंधन डॉ. स्वाधीन और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे कि पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल गेम गतका प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के 12 खिलाड़ियों ने पदक जीते थे, और रोशन कुमार को झारखंड सरकार द्वारा 75,000 रुपये से सम्मानित किया गया था।

# बीडीओ ने बालू घाटों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने शनिवार को बालू तस्करी के खिलाफ सघन अभियान चलाया। बीडीओ ने उरीया नदी बालू घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नदी में जगह-जगह इकट्ठा किए हुए बालू का जांच कर ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पूछताछ में ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि वह घर बनाने को लेकर नदी में बालू इकट्ठा किए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि डंडई गांव होते प्रत्येक दिन ट्रैक्टर ही नहीं टिपर के माध्यम बालू का अवैध तस्करी हो रहा है। बीडीओ ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता पूर्वक सुना। मौके पर बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू तस्करी होने की जानकारी मिली है। उस आलोक में आज बालू घाटों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि नदी में कई जगहों पर थोड़ा-थोड़ा मात्रा में इकट्ठा किया हुआ बालू पाया गया। उसके संबंध में ग्रामीणों से पूछताछ करने पर उन्होंने घर बनाने को लेकर नदी में बालू इकट्ठा करने की बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि बालू का अवैध ढुलाई, भंडारण, छर्री का भंडारण होने पर जांच के बाद नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना के एएसआई रॉबिन उरांव, मनोज मांझी, दिनेश राम ,उपेंद्र कुमार, निरंजन कुमार सिंह उपस्थित थे।

# तिलक समारोह में फायरिंग तीन घायल, चैनपुर में इलाज

## एसपी ने घटना की पुष्टि की, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत मेराल थाना क्षेत्र के रेजो गांव में शुक्रवार कि रात्रि में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग होने पर तीन बारातियों को गोली लग गई। गोली उनके पैर में लगी सभी का इलाज पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के एक निजी अस्पताल में किया गया। हालांकि सूचना मिलने के बाद चैनपुर पुलिस के सहयोग से मेराल और गढ़वा पुलिस जख्मी लोगों को अपने साथ ले गई है। लाइसेंसी हथियार से गोली चली या अवैध से, इसके लिए जांच की जा रही है। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जख्मी के



बयान पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जख्मी बारातियों में रंका के तेली मुहल्ला के रहने वाले मनोज साहू (40 वर्ष) कंचनपुर के छोटू दुबे (40 वर्ष) और तेतरडीह के मुकेश तिवारी (42 वर्ष) शामिल हैं। सभी रंका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार रात रंका से तिलक चढ़ाने के लिए बारातियों का समूह मेराल थाना क्षेत्र के रेजो गांव गया था। रात 10:32 बजे तिलक समारोह के दौरान बारातियों की ओर से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। हवाई फायरिंग के क्रम में एक गोली चलने के बाद अन्य गोली फंस गई थी। बंदूक नीचे कर देखने के क्रम ने अचानक तीन राउंड गोली चल गई, जिससे आस पास खड़े मनोज,छोटू और मुकेश के पैर में गोली लगी और वहां अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में सभी को इलाज के लिए पलामू के चैनपुर के शाहपुर में एक निजी अस्पताल में लाया गया। अस्पताल लाने पर दुर्घटना की जानकारी दी गई, लेकिन खून ज्यादा बहता देखकर संदेह हुआ और इसी बीच सूचना मिलने पर चैनपुर के अलावा गढ़वा और मेराल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी का प्राथमिक उपचार होने के बाद सभी को गढ़वा लेकर चली गई। तीनों जख्मी खतरे से बाहर हैं। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि घायल मुकेश तिवारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। जिस गन से फायरिंग हुई है वह लाइसेंसी है। थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### पीने का पानी नहीं लेने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ व बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**रंका।** प्रखंड के खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला के जल सहिया व उनके पति द्वारा पीने की पानी नहीं भरने देने पर ग्रामीण अनुमंडल व प्रखंड कार्यालय पर रोष व्यक्त किया। खरडीह पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण महिला प्रखंड कार्यालय व अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला के समाज सेवी इंद्रदेव राम ने बताया कि खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला में पीने के पानी का गहरा समस्या है। सरकार द्वारा एक बोर व जलमीनार लगाया गया था। वह जलमीनार व पानी की आपूर्ति से पूरे आंबेडकर टोला के लोग लाभांवित होते थे। जल सहिया शोभा देवी वउनके पति मनोज राम द्वारा ग्रामीणों को पीने की पानी नहीं लेने दिया जा रहा है। इससे पिछले दिनों भी 14 अप्रैल को लड़ाई हुई थी। जिसमें शिवराम व उनके चाचा मारपीट में घायल हुए थे। उसके बावजूद भी दबंगई दिखाते हुए गांव के किसी ग्रामीण को पीने की पानी नल से नहीं लेने दिया जा रहा है। अनुमंडल व प्रखंड कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी व बीडीओ के उपस्थित नहीं रहने पर प्रखंड कार्यालय में बड़ा बाबू व अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल कर्मी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी बोर, सरकारी सोलर, सरकारी सबमर्सिबल जब सरकार की सारी संपत्ति लगी है तो एक ही व्यक्ति क्यों उसका लाभ ले रहे है। जांच उन दोनों पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाए। मौके पर इंद्रदेव राम, शिवराम, पंकज भारती, अरविंद कुमार, सीताराम, मुनीराम, रविंद्र कुमार, प्रेम राम, सीता राम, सरवन राम,अजय राम, पंकज कुमार, चंदन कुमार, राम प्रसाद राम, विनोद राम,पूजा कुमारी, संजू देवी, आरती कुमारी, शीतल कुमारी, उर्मिला देवी, सोनमती देवी, सीता देवी, कमला देवी, कविता देवी, अनीशा देवी, पुनीता कुमारी, चंद्रावती देवी, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, आदि सैकड़ो महिला एवं पुरुष इस न्याय के लेकर उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार



**मेराल।** अंचल अधिकारी जसवंत नायक ने गुप्त सूचना के आधार पर अकलवानी गांव से दो ट्रैक्टर जब्त कर मेराल थाना को सौंप दिया है। उनके द्वारा दोनों ट्रैक्टर पर एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार अकलवानी गांव के ग्रामीणों ने सूचना दिया कि सरस्वतीया नदी से अवैध रूप से बालू उठाकर डंप किया जा रहा है। सीओ ने सूचना पर पुलिस बल के साथ अकालवानी गांव पहुंचे। उन्होंने पाया कि अवैध रूप से श्रवण दुबे के घर सामने दो ट्रैक्टर से बालू का डंप किया जा रहा था। सरकारी गाड़ी को देख दोनों ट्रैक्टर का ड्राइवर बालू डंप कर भागने लगे। कुछ दूर भागने पर रास्ते में ही ट्रैक्टर को छोड़ दोनों ड्राइवर फरार हो गए। उसके बाद दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर मेराल थाना को सौंप दिया गया। आवेदन के अनुसार अवैध बालू स्थल पर पहले से ही 17 सौ सीएफटी बालू डंपर रखा गया था। दोनों ट्रैक्टर मालिकों व चालकों पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

# टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए समाजसेवी संगठन आगे आएं : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने रोस्टर के अनुरूप चिकित्सकों की उपस्थिति के अलावा विभिन्न विषयों को लेकर अस्पताल उपाधीक्षक के साथ बैठक की। एसडीओ ने जिला यक्ष्मा केंद्र पहुंच कर वहां संबंधित चिकित्सकों व विशेषज्ञों के साथ अनुमंडल क्षेत्र में टीबी उन्मूलन की दिशा में किया जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। साथ ही टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए चलाए जा रहे महत्वकांक्षी पहल निक्षय मित्र में हुई अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने यक्ष्मा केंद्र के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों से गढ़वा को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की। उन्होंने शहर के सक्रिय सामाजिक संगठनों व स्वैच्छिक समाज सेवियों से अनुरोध किया कि वह टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार देने के खर्च को गोद लेने के लिए स्वतः आगे हाथ बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि एक टीबी मरीज के पौष्टिक आहार को गोद लेने के लिए लगभग 700 के आसपास खर्च आता है। लोग या संगठन अपनी यथाशक्ति एक या अधिक टीबी मरीजों के आहार को अपने स्तर से उपलब्ध करवा सकते हैं। ऐसा सहयोग करने वाले लोगों को निक्षय मित्र का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र को टीबी मुक्त करने की दिशा में सभी के सहयोग की अपेक्षा है। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी श्री राम सुंदर सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक पूरुषेश्वर मिश्रा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सतीश कुमार, टीबी हेल्थ विजिटर विनोद कुमार द्विवेदी, सीनियर डॉट प्लस सुपरवाइजर जितेंद्र कुमार एवं फील्ड ऑफिसर मौजूद थे।

### डायलिसिस सेंटर का किया निरीक्षण

सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण कर एसडीओ ने वहां मौजूद टेक्नीशियनों से दैनंदिन की जरूरतों और समस्याओं के बारे में जाना। तदनुरूप डायलिसिस केंद्र में नेफ्रोलॉजिस्ट की उपलब्धता व अन्य जरूरी सकारात्मक उपायों के लिए पहल करने के लिए उपाधीक्षक से बात की।

# बाबा साहब एक विचारधारा हैं: अनंत प्रताप देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जी बोध क्लब महदेइया के तत्वावधान में गुरुवार की शाम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का 134 वां जयंती समारोह का आयोजन किया गया। विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी सहित अन्य लोगों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जयंती समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनन्त प्रताप देव ,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी,पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम,कांग्रेस नेता माणिक राम, झामुमो नेत्री किरण देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर हम सबों के प्रेरणा स्रोत हैं। बाबा साहब एक विचारधारा हैं, जो पीढ़ियों को सामाजिक न्याय,समानता और सवैधानिक मूल्यों की सीख देते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महदेइया स्थित इस बाबा साहब मैदान के चाहरदीवारी का निर्माण के साथ पार्क का भी निर्माण कराया जायेगा। यह स्थान आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने कहा बाबा साहब तीन मूल मंत्र दिये हैं। शिक्षित हो,संगठित हो और संघर्ष करो। उनके इन विचारों को हम सबों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की आप सभी जहां-जहां बाबा साहब की प्रतिमा लगाना चाहते हैं। आप उसकी सूची दीजिये सारे जगहों पर बाबा साहब का प्रतिमा लगाया जायेगा। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। समारोह को झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू राम,झामुमो नेत्री किरण देवी,झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अमर राम,प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय,कांग्रेस नेता माणिक राम,पूर्व मुखिया राकेश चौबे,लल्लू राम,राजकुमार यादव,राजनारायण, शम्भू राम सहित अन्य ने संबोधित किया। इसके बाद विकास तूफान व भोजपुरी गायिका जयमाला रानी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को खूब झुमाया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष श्रवण सिंह खरवार,मुखिया प्रतिनिधि राकेश चौबे,लल्लू राम,अमर राम,जितेंद्र राम,राजनाथ राम, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर,राजकुमार राम,शोएब आलम,सुदेश्वर राम,जीबोध क्लब के अध्यक्ष राजकुमार राम,सचिव आशीष कुमार,कोषाध्यक्ष अजित कुमार,राजू कुमार,कर्मवीर रंजन,धर्मेन्द्र राम,रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लापरवाही | 2018 से लंबित हैं 3030 योजनाएं

# मनरेगा की नई योजनाओं पर जिला प्रशासन ने लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** मनरेगा के तहत स्वीकृत योजनाओं को वर्षों से लंबित रखना नगर ऊंटारी प्रखंड प्रशासन को भारी पड़ गया है। जिला प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चयनित नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। यह तब हुआ है जब नया वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, नगर ऊंटारी प्रखंड में वर्ष 2018-19 से लेकर अब तक मनरेगा से जुड़ी लगभग 3030 योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। इन योजनाओं को पूरा कराने में प्रखंड प्रशासन ने न कोई गंभीरता दिखाई, न कोई ठोस कार्रवाई की। इस लापरवाही के चलते जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए 2025-26 की सभी नई योजनाओं पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने मनरेगा योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में 4,29,385 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए करीब 12.10 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। लेकिन प्रखंड प्रशासन की निष्क्रियता के कारण नई योजनाओं को शुरू नहीं किया जा सका, जिससे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में भटकना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर बीडीओ रौशन कुमार से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ।

# बाइक चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन नहीं करने वाले 45-50 मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगों को बताया गया कि यातायात नियमों व वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। साथ ही अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इसके साथ हिट एंड रन व गुड समेरिटन के बारे में अवगत कराया गया कि मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए दो हजार रुपए मात्र नकद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार की गई है। किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बताया कि दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक नीरज पांडेय, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट विनय रंजन तिवारी आदि शामिल थें।

# फाइलेरिया रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सीएचसी अस्पताल में फाइलेरिया (हाथी पांव) की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मलेरिया (भीभीटी) जिला सलाहकार अरविंद द्विवेदी द्वारा मरीजों के बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया। जिसमें डेटॉल साबुन,एंटीसेप्टिक क्रीम,टब,मग,तौलिया सहित और अन्य सामग्री दी गई। जिससे बीमारी से पीड़ित मरीज फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल कर सकें। मौके सलाहकार अरविंद द्विवेदी ने मरीजों को स्वयं की देखभाल के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि नियमित दवा के सेवन से तथा मिले उक्त किट के उपयोग से हाथी पांव से ग्रसित अंग की नियमित साफ-सफाई करके प्रभावित अंग में संक्रमण को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान किट जनित रोग मलेरिया,डेंगू, चिकनगुनियां आदि बीमारियों का संक्रमण बढ जाने की संभावना रहती है। इसकी ससमय प्रबंधन की तैयारी करना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने आगे बताया कि इसके लिए सरकार के निदेर्शानुसार 15 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक सभी गांवों में सहिया के माध्यम से बुखार पीड़ितों का सर्वे कर जांच किया जा रहा है, ताकि मलेरिया संक्रमण की सही स्थिति का पता लगाया जा सके। साथ ही उन्हें भी हाथी पांव न हो उसके लिए बीमारी से रोकथाम के लिए ससमम एमएमडीपी किट का प्रबंधन कराया जा सके। मौके पर अस्पताल के डॉक्टर रंजन दास, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, विद्यानन्द प्रजापति, अनुप कुमार, सुनील पटेल, चन्द्रशेखर प्रसाद, आमोद कुमार आदि उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/22/2024-25/Gr_2(3rd call) PR NO- 350322

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम शिबला में पुराना शिबला से डोकिया होते हुए विश्रामपुर देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (भाग–2) | 6253900 | 125100 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.04.2025 से दिनांक 03.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 350642 (Rural Development) 25-26 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/2/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sports cum Knowledge Center में Administrative Block का निर्माण। | 45015396 | 900500 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 10.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 350643 (Rural Development) 25-26 (D)



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना
(D.M.F.T. मद)

ई–निविदा संख्या :– 02/2025-26/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 19.04.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/04/2025-26 | लातेहार | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sport – cum-Knowledge Center में Vocational Training Center का निर्माण कार्य | 449.995 | रू0 चार करोड़ उनचास लाख निनान्वे हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 12 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/05/2025-26 | लातेहार | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sport – cum-Knowledge Center में छात्रों के लिए 100 बेड छात्रावास का निर्माण कार्य। | 437.619 | रू0 चार करोड सैंतीस लाख एक्सठ हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.04.2025
2.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 08.05.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10.05.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6.संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7.एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 350640 (Rural Development)25-26*D

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के फरार एनडीपीएस के अभियुक्त के घर पुलिस ने शनिवार को गाजे बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाया। फरार अभियुक्त पत्थलगड्डा थाना के मनोज गिरी के पुत्र शक्ति गिरी बताया जा रहा है। पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिद्धौर थाना में युक्त अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज है। गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी अभियान चलाया गया, परंतु अभियुक्त फरार है। शनिवार को पत्थलगड्डा थाना के मदद से फरार अभियुक्त के घर में इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तिहार के माध्यम से अभियुक्त को जल्द न्यायालय या थाना में उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है। निर्धारित समय तक अभियुक्त न्यायालय या थाना में आत्म समर्पण नहीं करता है, तो वैसी स्थिति में घर की कुर्की जब्ती किया जाएगा। मौके पर पत्थलगड्डा थाना के अवर सहायक निरीक्ष अरविंद कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस के जवान व ग्रामीण मौजूद थे।

## फरार आरोपी रांची से गिरफ्तार, भेजा जेल

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव निवासी यशवंत कुमार पिता अशोक साव लंबे समय से फरार था। शनिवार को थाना प्रभारी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली की जसवंत रांची में रह रहा है। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार ने एक टीम गठित कर पुलिस बल के साथ रांची से यशवंत कुमार को गिरफ्तार थाना ले आई। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि ग्राम नोनगांव निवासी आरोपी यशवंत कुमार पिता अशोक साव ग्राम पर पत्थलगड़ा थाना में मामला दर्ज था। उसे रांची से गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार चौकीदार मुकेश रजक, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# हाथी के हमले से महिला घायल रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में मौत

### सड़क पर शव रखकर विरोध में बालूमाथ-खलारी मुख्य मार्ग ग्रामीणों ने किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत मारांगलोइया ग्राम में हाथी ने एक महिला को पटक कर घायल करने के बाद उसे ईलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने के दौरान महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार अहले सुबह महिला सुनीता देवी (38 वर्ष) पति धर्मदेव उरांव गांव से सटे जंगल में दातुन पत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई थी। वहां महिला को हाथी ने उठाकर पटक कर घायल कर दिया। महिला का पेट फट गया था। साथ में कुछ और भी लोग थे। उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई और शोरगुल करने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर किसी तरह हाथियों को भगाया। घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स जाने के क्रम में महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीण व परिजनों ने आक्रोश में आकर बालूमाथ-खलारी मुख्य मार्ग मरंगलोईया ग्राम के पास जाम कर दिया। इससे सड़क की दोनों और गाड़ियों की लंबे कतारें लग गई। परिजन और ग्रामीण हाथियों से हमेशा के लिए निजात की मांग कर रहे थे और मृतक के बच्चे को शिक्षा व्यवस्था के साथ मुआवजा और पति के लिए नौकरी की मांग की जा रहे थे। जाम स्थल पर वन विभाग और स्थानीय थाना पुलिस के साथ जनप्रतिनिधि पहुंच जाम हटाने की कोशिश की। ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए थे। समाचार लिखे जाने तक जाम लगा था। रेंजर नंदकुमार महतो ने महिला के मौत के बाद परिजनों को 40 हजार रुपए नकद दिया है। शेष बचे पैसे विधिवत देने की बात कही। बता दें कि मृत महिला अत्यंत गरीब परिवार से है। वह अपने पीछे चार बच्चे को छोड़ गई है। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज बॉक्स

### अज्ञात विक्षिप्त का शव बरामद

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के चिरैया तिलैया गांव जाने वाली सड़क के पूरब दिशा में स्थित ट्रेंच से पुलिस ने एक विक्षिप्त 55 वर्षीय वृद्ध का शव शुक्रवार के देर शाम बरामद किया गया। विक्षिप्त वृद्ध की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। शव को अंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा शनिवार को भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम तिलैया जाने वाली सड़क के पूरब दिशा में स्थित ट्रेंच में एक वृद्ध की शव होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर लिया। ग्रामीणों की माने तो विक्षिप्त वृद्ध एक सप्ताह से इधर-उधर भटक रहा था। उक्त स्थान पर शव होने की सूचना चरवाहों द्वारा ग्रामीणों को दिया गया। इसके पश्चात इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई।

### छह लाभुकों के बीच पशु का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना 90 प्रतिशत व 75 प्रतिशत अनुदान पर फूलसु व डाढ़ा पंचायत के छह लाभुकों के बीच 4 बकरी व 1 बकरा का वितरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा पदाधिकारी शुशीला बागे ने पशुओं के रख-रखाव व होने वाले कई बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया। पशु कर्मी विनोद बैठा ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्त्रोत में वृद्धि करेंगे। उन्होंने पशुओ के रख-रखाव के संबंध मे आवश्यक सुझाव भी दिया। मौके पर बारियातू पंचायत समिति सदस्य सोनी, देवी सहित सभी लाभुक उपस्थित थे।

### हत्या मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बड़ाकर नदी नवडीहा घाट में बालू उठाव को लेकर 21 दिसंबर 2024 को दो पक्षों में हिंसक झड़प में एक युवक की घटना स्थल पर मौत होने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि इस मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार रात्रि थाना प्रभारी आशीष प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला कर फरार चल रहे मुख्य आरोपी हजारीबाग जिले के बीचकिला निवासी सुरेश यादव पिता गुलाब यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

### बिरहोर टोला में शिविर लगाकर दी गई लाभ

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के करमा बिरहोर टोला में शनिवार को बीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में शिविर आयोजित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर के माध्यम से छह आदिम जनजातियों को पेंशन की स्वीकृति ऑन द स्पॉट दी गई। साथ ही10 बैंक में खाता खोलने,2 आयुष्मान कार्ड,7 राशनकार्ड के साथ 2 लोगों का आधार कार्ड अप्लाई किया गया। उसे भी तत्काल प्रभाव से स्वीकृति देने का निर्देश बीडीओ ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया। इसके अलावा बीडीओ ने बिरहोर परिवार के बीच स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाया गया ड्रेस का वितरण किया।

## जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** शनिवार को जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन डीआरडीए सभागार में किया गया जिसमें परियोजना की चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहायिका के द्वारा तैयार किए गए व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से मडुवा (रागी) के आटे का लड्डू, पुआ, महुआ का रोटी, हलुआ, लेटो, रेडी टू ईट पैकेट का नीमकी, लड्डू, ठेकुआ, कचरी, छिलका, सखुआ फूल का ठेकुआ,ड्राई फ्राई, सहजन का पकोड़ा, मूचरी साग का पकोड़ा, सुनसुनिया साग का नमकीन पुआ इत्यादि सैकड़ों व्यंजन प्रदर्शित किए गए। व्यंजन प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, बल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा ग्रामीण अनीता,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, शंभू बड़ाइक क्षेत्रीय प्रबंधक चतरा समर कार्यक्रम ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं सहायिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय अनाज,फल एवं सब्जियों का उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

## साहित्य समाज का दर्पण है : रामचंद्र सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए साहित्य संगम के तत्वावधान में लातेहार में कवि सम्मेलन सह साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले से आए कवियों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने आयोजन की सराहना की। कहा कि यह मंच साहित्य को समर्पित होने के साथ समाज के उन भावों और विचारों को स्वर देता है, जो अक्सर अनसुने रह जाते हैं। साहित्य समाज का दर्पण है और इसमें सामाजिक बदलाव की शक्ति निहित होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, पंकज तिवारी और शमसुल होदा शामिल थे। साहित्य संगम की ओर से संस्थापक अमीन रहबर, संरक्षक हरिवंश प्रभात, शमीम रिजवी सहित मंच पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुरमीत सिंह मीत, एमजे अजहर, ज्योति चौधरी, रीना प्रेम दुबे, मनीष मिश्रा नंदन, किरण राज, बरकतउल्ला रिजवी, नैंसी गुप्ता, शिव प्रसाद साव, शमीम रिजवी अपनी रचना पेश की।

कार्यक्रम का संचालन परशुराम तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष अनूप कुमार ने किया।आयोजन को सफल बनाने में जिला उप सचिव सतेंद्र मेहरा, प्रवक्ता अनुपम कुमार मिश्रा, अतुल कुमार, दिनेश कुमार ठाकुर, पवन कुमार यादव, शमशेर आलम, मिराज उल हक, समश तबरेज, ओमप्रकाश, रंगलाल रवि और प्रमोद प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बंद प्लांट के सीएचपी एरिया में अब चोरों की नजर जमीन के अंदर के पाइप लाइन पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट के सीएचपी एरिया को लोहा चोरों द्वारा लगभग साफ ही कर दिया गया है। पूरा सीएचपी एरिया अब समतल दिखाई पड़ता है। बीते कई सालों से लोहा चोरों का सिंडिकेट प्लांट एरिया में सक्रिय है। सीएचपी एरिया का लोहा खत्म होने के बाद अब चोरों की नजर जमीन के अंदर गड़े पाईप लाइन पर है। इसे भी अब चोरों द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से जमीन खोदकर निकाला जा रहा है। ज्ञात हो कि अंबादोहर से अभिजीत पावर प्लांट के लिए जलाआपूर्ति के लिए बिछाए गये लोहे के बड़े बड़े पाइप लाइन को इन दिनों चोरों के द्वारा धड़ल्ले से चोरी कर लिया जा रहा है। लोहे के पाइप को चोरी करने के लिए चोर जेसीबी मशीन का उपयोग करते हैं। छह फिट मिट्टी हटाने के बाद पाइप को गैस कटर मशीन की सहायता से छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर पीकअप वाहन पर लोड कर चंदवा और जिले के अन्य क्षेत्रों के कबाड़ खाने में खपाया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिसके जमीन से लोहा निकाला जाता है,उनको भी हिस्सा दिया जाता है। जमीन मालिक को यह कहकर मनाया जाता है कि कंपनी वाले एक दिन तो सभी लोहा को निकाल कर ले ही जाएंगे। आप लोगों को कुछ नहीं मिलेगा। हमलोग आप सबको 4 रु प्रति केजी देंगे। यह प्रलोभन दे कर लोहे की खुदाई की जा रही है। इस धंधे में संलिप्त चोर थाना क्षेत्र के नगर और चकला गांव के ही निवासी हैं।

## योजनाओं में तेजी लाएं : बीडीओ



**बालूमाथ।** बीडीओ सोमा उरांव ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने जेएसएलपीएस और मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विकास योजनाओं तेजी लाने के साथ कर्मी एक दूसरे से आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ एम कमाल, बड़ा बाबू राजीव रंजन, जेएसएलपीएस कर्मी समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में चार घायल

**महुआडांड़।** प्रखंड के बहेरा टोली में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गये। घटना के सूचना मिलते ही महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस द्वारा घायलों को महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। चारों घायल युवक को डाक्टर अमित खलखो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों लोगों की गंभीर स्थिति देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। बता दे कि प्रिंस मिंज पिता विमल मिंज, साले निवासी व जेवियर लकड़ा पिता तरसीयूस लकड़ा छिपादोहर निवासी दोनों लोग गुमला से आ रहे जेवियर लकड़ा अपने मामा प्रिंस लकड़ा के साथ साले पारिस जा रहे थे। इस क्रम में बहेरा टोली निवासी उज्जवल लकड़ा की बाइक की टक्कर हो गई।

## अपराधियों ने मवेशी व्यापारी की पिटाई कर ऑनलाइन पैसा खाता में डलवाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुईया के नजदीक शुक्रवार की देर रात मवेशी लदे वाहन चालक से लूट कांड करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात पिकअप ड्राइवर अशफाक आलम अपने सह चालक के साथ मनिका से दुधारू जानवर लेकर लोहरदगा जा रहा था। इस क्रम में लुटेरों इनको लातेहार से ही पीछा कर रहे थे। अशफाक को किसी अनहोनी की आशंका हुई तो वह चंदवा में अपनी गाड़ी रोक कर चाय पीने लगा। इस दौरान लुटेरे आगे निकल कर उनका इंतजार करने लगे। जैसे ही ये लोग पिकअप वाहन लेकर आगे बढ़े, तभी इन लोगों को लुटेरों द्वारा लुकुइया के पास गाड़ी रोककर मारपीट कर नकद के साथ साथ ऑनलाइन लगभग 28 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। पीड़ित उस समय रात होने की वजह से एफआरआई नहीं करा पाया। शनिवार को पीड़ित द्वारा चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।


**शपथ पत्र**

मैं, फुलवंती देवी, पति-प्रदिप सिंह, ग्राम-बोहिता, पो.-धावाडीह, थाना-लेस्लीगंज, जिला- पलामू, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड सं.-753974611264 में मेरे पुत्र का नाम- अमित कुमार सिंह (AMIT KUMAR SINGH) एवं जन्म तिथि 25/05/2008 ई. दर्ज है। जबकि मेरे उक्त पुत्र जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के वर्ग 8 का छात्र है। जिसका विद्यालय रिकोड के अनुसार मेरे पुत्र का नाम मोहित कुमार सिंह (MOHIT KUMAR SINGH) एवं जन्म तिथि 10/02/2011 ई. दर्ज है ये दोनों नाम मेरे पुत्र का ही है वे इन्हीं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता है।

**शपथ पत्र संख्या : 12574**
**दिनांक : 08/04/2025**

**शपथ पत्र**

मैं, सुकिंदर सिंह पिता-रामवृक्ष सिंह, ग्राम-कलयानपुर, पो.-सरईडीह, थाना-बरवाडीह, जिला-लातेहार, राज्य-झारखंड का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड सं.-656113429339 में मेरी पुत्री का नाम प्रीतम कुमारी (PRITAM KUMARI) एवं जन्म तिथि 29/12/2009 ई. दर्ज है। मेरी उक्त पुत्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के वर्ग 10 की छात्रा है जिसका विद्यालय रिकोड के अनुसार मेरी पुत्री का नाम आकांक्षा कुमारी (AKANSHA KUMARI) एवं जन्म तिथि 25/01/2011 ई. दर्ज है ये दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है वे इन्हीं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती है।

**शपथ पत्र संख्या : 12687**
**दिनांक : 02/04/2025**



**कार्यालयः—जिला अभियंता, लातेहार**

**अल्पकालीन ई—निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0—संख्या—ZP/LATEHAR- 02/2025-26

1. कार्य का नाम :—

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लतेहार जिला अन्तर्गत कंट्रोल रूम —सह— प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण। | 3,35,25,400 | 6,71,000 | 10,000 | 12 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः—23.04.2025
3. ई—निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः—08.05.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः—10.05.2025 अपराहन 02:00बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवंअग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः—जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई—निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या—**6205276661**
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकतीहै।
11. उक्त निविदा में BCD/RWD में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भागले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 350635 Rural Development(25-26)#D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा**

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांकः—10 मई 2025 (शनिवार)**
**स्थान—व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।**

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 10.05.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः—

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर—दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.30 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं।

हारिस बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक—सह—सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त—सह—उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

राजकमल मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश—सह—अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः—जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 350637 (Lohardaga) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/1/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GR_1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत परसही में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय होटवाग लातेहार में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण। | 29437779 | 588800 | 10000 | 12 माह |
| 2 | GR_2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत चंदवा पूर्वी में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय हड़गड़वा चंदवा में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण। | 29437779 | 588800 | 10000 | 12 माह |
| 3 | GR_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत मंगरा में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय हेन्देहास बरवाडीह में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण। | 29437779 | 588800 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.04.2025
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 10.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई—निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 350645 (Rural Development)25-26*D



**कार्यलिय मेदिनीनगर नगर निगम**
ज्ञापांक................../दिनांक....................

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक– IV हेतु मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय में रहने वाले आवास विहिन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये है, ऐसे सभी लाभुको को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं तो सभी दस्तावेजो के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र दिनांक 20.02.2025 तक समर्पित कर सकते हेतु निर्धारित थी।

लाभुको के निवेदन पर पुनः एवं अंतिम तिथि दिनांक 28.04.2025 तक निर्धारित की जाती है।

**कौन कर सकते है आवेदनः–**

- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए।
- योजना से संबंधित लाभुको के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

**आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक है:–**

- स्थल सहित परिवारिक फोटो।
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- भारत वर्ष में कही भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र, जमीन संबंधित दस्तावेज।
- अद्यतन होल्डिंग रसीद।
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हो।

Link to apply/QR code
https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

लाभुक के द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित लिंक– https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024/PMAY_SURVEY/Applicant_Login.aspx पर अपलोड कर प्राप्त, आवश्यक कागजात के साथ लाभुक स्वयं आवेदन पत्र PMAY(U) कोषांग में जमा कर निबंधन पंजी में हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY(U) कोषांग, मेदिनीनगर नगर निगम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः– सभी आवश्यक कागजात जाँचोपरान्त स्थलीय जाँच की प्रक्रिया की जायेगी।**

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350663 District(25-26)#D

### पश्चिम बंगाल सरकार की बर्खास्तगी और राष्ट्रपति शासन की मांग पकड़ा जोर

# सनातनी हिंदुओं के रक्षार्थ पश्चिम बंगाल में तुरन्त राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों ने आक्रोश मार्च निकाला। हिन्दू संगठनों का आक्रोश मार्च स्थानीय पावरगंज सुभाष चौक से हुई जो पदयात्रा करते हुए समाहरणालय मैदान पहुची। उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति महोदया के नाम विज्ञप्ति उपायुक्त से मिलकर सौपने का काम किया गया। विहिप जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल संशोधन कानून 2025 का विरोध के आड़ में सनातनी हिंदुओं के साथ वीभत्स घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सनातनी हिंदुओं की हत्या की जा रही है, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है और घर छोड़ने हेतु मजबूर किया जा रहा है। इस पूरी घटनाक्रम को ममता सरकार की समर्थन प्राप्त है, ऐसा प्रतीत होता है। वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा । सनातनी हिंदुओं की रक्षार्थ पश्चिम बंगाल में तुरन्त राष्ट्रपति शासन लागू किया जाय। मौके पर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, बजरंग दल संयोजक प्रियांशू कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव प्रदीप साहू, केन्द्रीय महावीर मंडल महासचिव कपिलदेव मिश्रा, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति महासचिव मिथुन तामेड़ा, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर समेत ओमप्रकाश सिंह, अजय पंकज,मनोज गुप्ता मन्ना, सुषमा सिंह, देबाशीष कार, बाबई, प्रवीर दत्ता, राजी पड़हा बेला लक्ष्मी नारायण भगत, अनिल उरांव, सोहन साहू, सुशील पटनायक, यशस्वी ओझा, आर्यन, आयुष, रितिक वर्मा, हैप्पी, अनुभव, सतीश, गोलू सिंह, आर्यन साहू, विवेक, अमित केशरी, विनोद साहू समेत सनातनी भाई बन्धु उपस्थित रहें।







# नेटवर्क स्लो की समस्या से जूझने के बावजूद 74% कार्डधारकों का ई-केवाईसी संपन्न

- झारखंड में कार्डधारकों का ई-केवाईसी कराने के मामले में लोहरदगा आठवें नंबर पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राशन कार्डधारकों को केवाईसी अपडेट कराने में नेटवर्क की समस्या आड़े आ रहा है। नेटवर्क स्लो होने के कारण एक-एक उपभोक्ता को पांच-दस मिनट तक खड़े रहकर अंगूठा लगाना पड़ रहा है, जिससे दूसरे लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा कुछ उपभोक्ताओं का आधार नंबर ई-पोस मशीन में गलत चढ़ा हुआ है, वैसे लोगों को केवाईसी अपडेट कराने में समस्या हो रही है। पीडीएस दुकानदारों का कहना है कि सर्वर काफी स्लो चल रहा है। 2जी सिम बदलकर 4जी करने की बात कही गई थी, लेकिन अबतक नहीं हुआ है जबकि 5जी चल रहा है। सर्वर स्लो चलने के कारण कई लोग आक्रोशित हो जाते हैं। कई ऐसे कार्डधारक हैं, जो एक परिवार के हैं। उसमें कई लोगों का राशन कार्ड में आधार नंबर गलत है। इससे लोगों को केवाईसी अपडेट नहीं हो रहा है। राशन उपभोक्ताओं को ई-केवायसी करने में कई दिक्कतें आ रही हैं। 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों और छोटे बच्चों के फिंगरप्रिंट ई-केवायसी के दौरान सही से नहीं आते, जिससे प्रक्रिया में देरी होती है। ई-केवायसी के लिए लगने वाले समय के कारण उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है। ई-केवायसी की प्रक्रिया जटिल होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी होती है, खासकर उन लोगों को जो तकनीक से परिचित नहीं हैं। इन सब तकनीकी खराबी के बावजूद ई केवाइसी कराने के मामले में लोहरदगा जिला झारखंड में आठवां स्थान रखता है। राशन कार्डधारियों को ई-केवाईसी कराना जटिल समस्या है। इसके बावजूद आपूर्ति विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के डीलरों से समन्वय बनाकर पूरे झारखंड में बेहतर उपलब्धि हासिल की है। झारखंड में ई केवाईसी कराने के मामले में लोहरदगा जिला आठवें स्थान पर आ गया है और हर दिन यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान 74 प्रतिशत से ज्यादा कार्डधारी का सफल सत्यापन किया जा चुका है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल ने बताया कि सरकार के गाइडलाइन के मुताबिक आगामी 30 अप्रैल तक लंबित उपभोक्ताओं का ई-केवाइसी नहीं होने पर स्वतः उनके राशन कार्ड निरस्त हो जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेशानुसार ई-केवाईसी करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। ई-पॉश मशीन से सत्यापन नहीं करा पाने वाले उपभोक्ताओं को यथाशीघ्र भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने के लिये संबधित डीलर के पास ई-केवाईसी कराने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क थोड़ा स्लो है, हालांकि 4जी सिम के लिए विभागीय पहल जारी है। जल्द ही लोगों को इससे निजात मिलेगी। राशन कार्ड में नाम किसी और का और आधार नंबर किसी और का चढ़ा हुआ है। इस तरह के मामला आ रहे हैं, वैसे लोगों के लिए कार्यालय में व्यवस्था की गयी। वहां पहले अपना आधार नंबर सही कराएं। इसके बाद भी केवाईसी अपडेट कराएं।

इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, सरकार ने मेरा राशन 2.0 ऐप लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं को अपने राशन कार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त करने और ई-केवायसी जैसी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन पूरा करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे ही अपने राशन कार्ड की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।



# लोहरदगा कांग्रेस में भयंकर गुटबाजी : त्रिवेणी दास

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा नेता त्रिवेणी दास ने बयान जारी कर कहा कि इन दिनों लोहरदगा कांग्रेस में भयंकर गुटबाजी चल रही है। लोहरदगा कांग्रेस की गुटबाजी सतह पर दिखाई दे रही है। एक तरफ कांग्रेस से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू अपनी (ददई दुबे) छोटा नागपुर बॉक्साइट एंड कोल माइंस वर्कर्स यूनियन को मजदूर हितैषी और असली बताते हैं दूसरी तरफ इंटक यूनियन के जिला समिति को मजदूर विरोधी बताते हुए केवल कंपनी से रुपया ऐंठने का जरिया बताते रहें हैं।

वही सुखदेव भगत के निजी सहायक आलोक साहू जो लोहरदगा जिला के लिए कांग्रेस के ₹इंटक₹ यूनियन के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं बकायदा अखबार में स्टेटमेंट देकर कह रहे हैं कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के सचिव धीरज प्रसाद साहू खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू का यूनियन नकली है जबकि इंटक यूनियन ही असली है। कुल मिलाकर कांग्रेस की गुटबाजी के कारण लोहरदगा से कांग्रेस के विधायक सांसद और पूर्व राज्यसभा सांसद के होते हुए जनहित के लिए कोई कार्य नहीं हो रहा है तथा साथ ही साथ हिंडालको कंपनी के मजदूरों का नुकसान एवं शोषण हो रहा है।

# हॉस्पिटल में चलाया गया अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अग्निशामक सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फायर ब्रिगेड ने कार्यक्रम का आयोजन सनराइज हॉस्पिटल में किया। इस दौरान अग्निशमन दल के प्रभारी फायर रामाधार मुंडा, लीडिंग फायर मैन मनीष कुमार शर्मा, फायर मैन अभिजीत कुमार वर्मा व गोपी यादव ने आपातकालीन? परिस्थिति में और लापरवाही से गैस और बिजली से दुर्घटना घटने का प्रदर्शन किया।

आग लगने से सबसे पहले बरती जाने वाली सावधानियां की जानकारी दी।

ज्वलनशील वस्तुओं को सुरक्षित रखने और शॉर्ट सर्किट से बचने की भी उपाय बताए गए। फायर एक्सटिंग्विशर, वाटर हाइड्रेट और सेंड बकेट जैसे उपकरणों से आग बुझाकर प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करना चाहिए। हॉस्पिटल, कार्यालय या घर में फायर अलार्म और सुरक्षित निकास मार्ग की जानकारी जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि अग्नि समाज सेवा सप्ताह का उद्देश्य आग से बचाव की तकनीक सीखना और लोगों को सतर्क बनाना है।



## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी वितरण किया गया

**भंडरा ।** प्रखंड के भौंरो पंचायत के लाभुकों को शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी वितरण किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार , मुखिया सुमंती तिग्गा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जिसमें लाभुक सुमंती उरांव, सुकरमुनि उरांव , बुदो उरांव, दहवा उरांव , शांति उरांव , बुद्धमनिया उरांव, तेतरी उरांव और सुंदरी उरांव को पशुधन योजना का लाभ दिया गया। शुकर पालन का लाभ लेने वाले लाभुक बुधराम उरांव,बंधु उरांव, जयंत भगत एवं बहादुर बकरी पालन का लाभ लेने वाले लाभु की संख्या 9 थी। मौके पर भ्रमणशील पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 लाभुकों को चार बकरी व एक बकरा प्रति लाभुक को पालन के लिए दिया गया है।

# प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बैठक कर दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा ने बैठक आयोजित कर कनीय अभियन्ता, मनरेगा विभाग, सहायक अभियन्ता, पंचायत सचिव और सभी रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा की अप्रैल माह में शत प्रतिशत मानव दिवस सृजन, प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में 150 से 200 मजदूरों को मनरेगा योजना में काम उपलब्ध कराना, सभी पंचायत में मनरेगा योजना के माध्यम से 50-50 योजनाएं संचालित करना, अबुवा आवास का प्रधानमंत्री आवास में मनरेगा के तहत मस्टर रॉल निर्गत करना तथा मस्टर रॉल के अनुसार शत प्रतिशत मजदूरी भुगतान कराना और 2024 -25 के तहत आम बागवानी का स्वीकृति करते हुए 20 अप्रैल तक कार्य प्रारम्भ कराना और 2022-23 का और उसे पूर्व के योजनाओं का एमआईएस में बन्द कराना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजनाओं का शत प्रतिशत कार्य प्रारम्भ कराने के लिये तथा एमबी इंट्री करने और जॉब कार्ड को ससमय पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया।







# शांति व सौहार्द से हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में शनिवार को शांति व सौहार्द से हर्षोल्लाष के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। वही सरहुल के अवसर पर गांव का पहान कलमेश उरांव और पुजार भीखू उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से गांव के सरना स्थल में साल वृक्ष के समीप प्रकृति के विभिन्न देवी देवताओं का विधि विधान के साथ आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया.वही पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना कर गांव और क्षेत्र की खुशहाली तथा अमन चैन शांति के लिये प्रकृतिक देवी देवताओं से विनती प्रार्थना किया गया.पूजा अर्चना करने के उपरान्त आदिवासी महिला पुरुष और बच्चे बूढ़े तथा नवजवानों द्वारा ढोल मांदर और नगाड़ा के थाप पर नाचते झूमते हुए हर्षोल्लाष के साथ खुशी से सरहुल का त्यौहार मनाया गया.वही सरहुल जुलूस चंदवा,गढ़गांव,सेमरटोली के अलावे अन्य गांवों में भ्रमण किया.मौके पर सरहुल जुलूस में दीपक उरांव, नन्दगोपाल ठाकुर,हौड़ा उरांव, शिला उरांव,संदीप उरांव,कृष्णा खेरवार,त्रिलोकी सिंह,आलम उरांव,समेत सैकडों आदिवासी महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग व अन्य शामिल थे।

# मजदूरों से मोबाइल लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




### गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने अरोपी को उसके घर से गिरफ्तार से किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने शनिवार को मजदूरों से मोबाइल लूट के आरोपी रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र के चुरी बस्ती निवासी विनोद यादव उम्र 28 वर्ष पिता गलू यादव को उसके घर से लूट के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया की भंडरा थाना क्षेत्र के नंदनी डैम में आठ अप्रैल 2023 में पुल निर्माण में काम कर रहे मजदूरो से दो अज्ञात अपराधियों द्वारा सात मोबाइल फोन की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद संवेदक ने भंडरा थाने में अज्ञात अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया था। भंडरा पुलिस ने घटना को काफी गंभीरता से लेते हुई घटना मे शामिल प्रकाश यादव को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक अन्य आरोपी काफी दिनों से फरार था। पुलिस ने गुप्त सुचना पर शुक्रवार की रात आरोपी विनोद यादव को उसके घर खलारी थाना के चुरी बस्ती से गिरफ्तार कर भंडरा थाना लाया। जहाँ मेडिकल व अन्य कानूनी प्रक्रिया कर शनिवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

# पहले इंटक के बारे में जान लें, उसके बाद दें बयान : हातिम अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन को लेकर हेसल डंपिंग यार्ड के इंटक सचिव हातिम अंसारी ने कहा कि उलूल-जुलूल बयान देने वाले नेताओं को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें खुद ही कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया गया था। प्रदेश कार्यालय में आज भी उनके खिलाफ एक शिकायत दर्ज है। यह मौकापरस्त इंसान हैं। इन्हें तो जनता को बताना चाहिए कि यह किसी नेता के सेवक हैं, या फिर जनता के। अभी हाल में ही पार्टी विरोधी कार्य को लेकर इनको शोकाज नोटिस भेजा गया था। इन्हें पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। अगर यह कांग्रेस पार्टी के इतने हितैशी हैं, तो यह कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में क्या करने गए थे। कांग्रेस पार्टी के दो फाड़ होने के पीछे भी इनका निजी स्वार्थ और इनका ही हाथ हैं। ददई दूबे जैसे नेता के सामने खड़े होने की इनकी औकात भी नहीं है, और यह उन पर टिप्पनी करते हैं। अनर्गल और बचकाना बयान देने वालों को यह जानना जरूरी है कि पहले इंटक के स्थापना काल से लेकर आज तक का इतिहास काफी महत्वपूर्ण है। इंटक का चुनाव सिर्फ डेलीगेट होकर लड़ा जा सकता है। इंटक और छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन को लेकर बयान देने वाले एक नेता की प्रतिक्रिया पर जवाब देते हुए उन्होनें कहा है कि मजदूर किसके साथ हैं और कौन हिंडाल्को से लाभ लेने के चक्कर में मजदूरों को धोखा दे रहा है, यह सब जानते हैं। जो मजदूरों के हितैशी बनते हैं, उन्हें यह बताना चाहिए कि उन्होनें अब तक कितने मजदूरों को उनका अधिकार दिलाया है। ऐसे लोग सिर्फ अपना स्वार्थ साधने में लगे हुए हैं। आगामी वार्षिक अधिवेशन में सारी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाएगी। ऐसे छुटभैया नेताओं के बहकावे में मजदूर अब नहीं आने वाले हैं। मजदूर उन्हें साथ हैं और वह मजदूरों के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। मेरी सलाह है कि विरोधी जितना कम बोलें, उतनी ही उनकी फजीहत कम होगी।

# मिलकर लिखेंगें विकास का नया अध्याय : नीरू शांति भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मोजमिल अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुआ। जिसमें लोहरदगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नीरू शांति भगत के नेतृत्व में आजसू पार्टी छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने वाले नेताओं का भव्य स्वागत किया एवं एक दूसरे के साथ परिचय करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आइये हम सब मिलकर लोहरदगा क्षेत्र के विकास का एक नया अध्याय लिखे और जनांकांक्षाओं को पूरा करने में अपना योगदान निश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य ही मेरे स्वर्गीय पति के अधूरे सपनों को पूरा करना है और इसके लिए मैं इस क्षेत्र की जनता के लिए अपना तन मन धन ही नहीं बल्कि पूरा जीवन समर्पित करने का निश्चय कर चुकी हूं।




## डीसी व डीएसई से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला । जिसमें शिक्षकों के ग्रेड 3 और 4 में प्रोन्नति और सेवानिवृत्ति लाभों पर चर्चा हुई। बताया गया कि 30 अप्रैल तक प्रोन्नति और सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दिन एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक प्रोन्नति पत्र और सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करेंगे। अगले सप्ताह में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और सफलता के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। शिक्षक नेताओ ने लोहरदगा के तमाम शिक्षक मित्रों और शिक्षिका बहनों से अनुरोध किया है कि वे इस समारोह में उपस्थित हों और सहयोग प्रदान करें। उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलने वालों में लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनी उरांव एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष द० छो० प्रमंडल, अजप्टा अजय कुमार सिंह शामिल थे।

## कैरो के गितिलगढ़ में आयोजित सरहुल पर्व में सांसद सुखदेव भगत हुए शामिल

**कैरो/लोहरदगा।** प्रकृति का पर्व सरहुल प्रखण्ड क्षेत्र के गितिलगढ़ में शनिवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई।मौके पर पहान पुजार महतो के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई ततपश्चात ढोल मांदर, नगेडा आदि पारंपरिक गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल होकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए गंतब्य स्थान तक पहुंची। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत परिछते हुए सभा स्थल तक ले गए जहां पर आयोजन समिति के द्वारा माला पहनाकर,पता का मुकुट पहनाकर व सरना गमछा ओढाकर किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने खोड़हा में सामील होकर मांदर बजाकर लोगो का उत्साह बढ़ाया।मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हम सभी सरना धर्मावलम्बी प्रकृति के पुजारी हैं।

# संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त बनेगी कांग्रेस : राजेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित हुए। बैठक में संगठन सृजन 2025 को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। बैठक में विशेष कर सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं प्रखंडों के नव नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित थे। जिला पर्यवेक्षक डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस पार्टी इस वर्ष को संगठन सृजन के लिए रखा है। संगठन सृजन के माध्यम से बूथ लेवल पंचायत कमेटी, मंडल कमेटी, प्रखंड कमेटी एवं जिला कमेटी का गठन करना है यह कार्य लगातार तीन महीना तक जारी रहेगा। संगठन में वैसे सक्रिय लोगों को जगह देना है जो कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत और कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति अपनी आस्था रखते हो। प्रत्येक कमेटी में कुल 12 पदाधिकारी होंगे।

कमेटी में पूर्व के पदाधिकारी सक्रिय होकर कार्य करना चाहते हैं उन्हें यथावत रखा जाएगा। जबकि वैसे लोग जो सिर्फ संगठन में पद लेकर बैठे हैं और संगठन के कार्य में रुचि नहीं रखते वैसे लोगों को हटाकर नए लोगों को दायित्व सौंपा जाएगा। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। संगठन के प्रत्येक स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया सेल का गठन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि जो लोग पार्टी में रहकर पार्टी को कमजोर करने की साजिश करते हैं वैसे लोगों को भी चिन्हित करना है। संगठन सृजन का कार्य अभी लगातार तीन माह तक चलता रहेगा। बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सेवा दल के महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा, संदीप गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर जुगल भगत अनीस अहमद युनुस अंसारी सत्यदेव भगत विनोद सिंह खैरवार, प्रखंड पर्यवेक्षक निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, राजू उरांव, ऐनूल अंसारी, श्यामुल अंसारी, डोमना उरांव, प्रकाश उरांव, मुजाहिर अंसारी, रेहान अख्तर, रूपनारायण भगत, कबीर अंसारी, जफरुल अंसारी, विजय भगत वीरेंद्र उरांव समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।




# 80 हजार केसीसी ऋण के बदले बिचौलिए ने मांगे 40 हजार रिश्वत, लाभुक ने बीडीओ से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा बैंक ऑफ इंडिया शाखा से केसीसी ऋण दिलाने के नाम पर बिचौलिए द्वारा ऋण स्वीकृति राशि अस्सी हजार रुपए के एवज में चालीस हजार रुपए रिश्वत मांगने को लेकर संतोष साहू ने बीडीओ को आवेदन सौंपा है। साथ ही केसीसी ऋण स्वीकृत कराने की मांग की है। भौंरो गांव निवासी भिखुआ साहू के पुत्र संतोष साहू ने बीडीओ को दिए आवेदन में कहा है कि बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा में अस्सी हजार रुपए केसीसी ऋण के लिए आवेदन दिए थे, परंतु उदरंगी गांव निवासी जियाउल अंसारी (बिचौलिए) द्वारा संपर्क कर केसीसी ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर चालीस हजार रुपए की मांग की गई है। अवैद्य राशि नहीं देने पर केसीसी ऋण को रोक लगवा दिया गया है। इस मामले में बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस तरह किसी व्यक्ति द्वारा केसीसी ऋण स्वीकृति के नाम पर पैसा मांगने का मामला नहीं आया है। इस मामले को लेकर जांच करेंगे। साथ ही संतोष साहू का केसीसी ऋण प्रोसेस में है। ऋण एकाउंट नहीं आया है। केसीसी ऋण के लिए किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।



# भरनो में जंगली हाथी का तांडवः मकान को किया ध्वस्त ग्रामीणों में भय का माहौल



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते शुक्रवार की रात अमलीया पंचायत अंतर्गत अंबाटोली गांव में जंगली हाथी ने एक बार फिर तबाही मचाई। हाथी ने ग्रामीण राजेश मुंडा का मिट्टी का बना मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के अंदर रखे पांच बोरा धान को खा गया और अन्य जरूरी सामानों को भी नुकसान पहुंचाया।

वहीं, समसेरा करंजटोली गांव में भी हाथी ने कई किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। पिछले एक महीने से भरनो क्षेत्र में हाथियों का यह उत्पात जारी है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कई लोग रात में अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को वनरक्षी अकील अहमद और अमलीया वन समिति के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने अंबाटोली गांव पहुंचकर हाथी द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को मुआवजा हेतु आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, भविष्य में हाथी से बचाव के लिए पीड़ित ग्रामीण को टॉर्च लाइट और पटाखे भी उपलब्ध कराए गए। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी के आतंक पर नियंत्रण करने और शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि क्षेत्र में गश्ती दल तैनात कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

# ट्रक की चपेट में आए तीन बाइक सवार, एक की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के गुगाटोली गांव के पास रांची-नेतरहाट मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से तीन बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शुक्रवार देर शाम उस वक्त हुआ जब तीनों युवक शराब के नशे में एक ही बाइक पर सवार होकर चटकपुर से बनारी की ओर जा रहे थे। घटना के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बॉक्साइट ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में बाइक अनियंत्रित हो गई और ट्रक से जा टकराई। घायल युवकों की पहचान नागेश्वर ब्रिजिया (27 वर्ष) पिता सूरज ब्रिजिया, निवासी लंगडाटांड़, दिनेश उरांव (30 वर्ष) पिता सोमरा उरांव, तथा सुनील ब्रिजिया (29 वर्ष) पिता भिकवा ब्रिजिया, दोनों निवासी तुसरुकोना के रूप में हुई है।

# 72 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला

**नवीन मेल संवाददाता**



**घाघरा(गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव निवासी वृद्ध भिखुवा उरांव के तालाब में डूबने से मौत हो जाने के 72 घंटे के बाद शव को एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला। वही लगातार दो दिनों से स्थानीय प्रशासन के द्वारा नौका एवं जाल के सहारे शव को निकाले का काफी प्रयास किया गया इसके बावजूद उसका शव नहीं मिल पाया। थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने घटना की जानकारी एनडीआरएफ की टीम को मेल के द्वारा घटना जानकारी दी गयी है। वही आज सुबह एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल कुगांव गांव पहुंची साथ में वीडियो दिनेश कुमार अंचल अधिकारी आशीष मंडल थाना प्रभारी पुनीत मिंज घटना स्थल पर मौजूद रहे वही एनडीआरएफ की टीम ने लगभग दो घंटे की मस्कत के बाद दो गोताखोर विकास एवम गुंजन की मदत से भिखुवा उरांव का शव तालाब से बाहर निकाला। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# संस्थागत प्रसव के पश्चात बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग व टीकाकरण का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये। आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा रहे लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच, अबुआ स्वास्थ्य योजना में उपलब्धि व कार्ड निर्माण, पोषण मार्ग अंतर्गत कुपोषित बच्चों व अतिगंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल, प्रखंडवार बीमारियों का प्रोफाइल बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव के पश्चात बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग व उनका पूर्ण टीकाकरण का निर्देश दिया गया। बैठक में वित्तीय प्रगति संबंधी रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व जिला स्वास्थ्य समिति की टीम उपस्थित थी।

# तेज आंधी-तूफान से झिखिरमा पंचायत में दो मकान हुए क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत झिखिरमा पंचायत में शुक्रवार की रात आई तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आकर दो ग्रामीणों–अनिल कुमार (पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद) और डमरू दास (पिता स्व. हिरा दास)–के कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घर की छत उड़ गई और दीवारों में दरारें आ गई, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष रोहित एक्का अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया।

श्री एक्का ने तत्काल मामले की जानकारी पालकोट के प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी और पीड़ित परिवारों के लिए आपदा राहत मद से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीब ग्रामीणों के लिए यह क्षति अत्यंत दुखद और चुनौतीपूर्ण है, इसलिए प्रशासन को अविलंब मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस के झिखिरमा पंचायत अध्यक्ष राजू टेटे, डमरूधर साहू, जेवियर डुंगडुंग, सोमरा खड़िया, अनिल कुमार, दिलीप कुमार सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से पीड़ितों को तत्काल राहत और मकान मरम्मति हेतु सहायता राशि देने की मांग की।

प्रभावित परिवारों ने भी सरकार और जिला प्रशासन से शीघ्र सहायता पहुंचाने की गुहार लगाई है, ताकि वे फिर से अपने जीवन को सामान्य ढंग से जी सकें।

## वज्रपात से तीन मवेशियों की हुई मौत


**गुमला (चैनपुर)।** चैनपुर प्रखंड के मालम गांव में अचानक बदले मौसम ने एक किसान परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ा। तेज बारिश, आंधी और वज्रपात के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर किसान पौलिना लकड़ा के तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस अप्रत्याशित घटना से किसान परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

पीड़ित पौलिना लकड़ा ने बताया कि शाम के समय अचानक तेज हवा के साथ बारिश और गरज के साथ वज्रपात शुरू हो गया। उसी दौरान उनके तीन मवेशी खेत के पास खुले में थे, जो वज्रपात की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह नुकसान उनके लिए बहुत बड़ा है, क्योंकि यही मवेशी उनके आजीविका का सहारा थे। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है, ताकि वे इस नुकसान से उबर सकें। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में बेमौसम बारिश और वज्रपात की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों को जान-माल की क्षति हो रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वज्रपात से सुरक्षा के उपायों को गांवों में लागू किया जाए और क्षतिग्रस्त परिवारों को शीघ्र सहायता प्रदान की जाए।

### गुमला में आयोजित हुआ साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस

# भरनो और चैनपुर प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन जुड़कर रखी अपनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भरनो एवं चैनपुर प्रखंड के लगभग 20 नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याएं सीधे उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं। नागरिकों द्वारा जो प्रमुख समस्याएं रखी गईं, उनमें आवास निर्माण, भूमि विवाद, जलमीनार की मरम्मत, पेयजल संकट, ट्रांसफार्मर खराबी, सड़क निर्माण, पेंशन से वंचित रहना, जन्म प्रमाण पत्र जारी न होना और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन मामलों में तुरंत निवारण संभव था, उन्हें मौके पर ही सुलझाया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से आवास से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं, जिन पर उप विकास आयुक्त ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल हो सकती हैं, उनका समाधान तुरंत किया जाए।

**अगली तिथि की घोषणा**

इस माह 26 अप्रैल को सिसई एवं बसिया प्रखंडों में ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जाता है। जिले के नागरिक अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपनी शिकायतें उपायुक्त या उप विकास आयुक्त के समक्ष रख सकते हैं।

# विद्यायल में शारीरिक योग और बालसभा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट स्थित सोहर साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर शनिवार की तरह इस सप्ताह भी भैया-बहनों के लिए शारीरिक योग अभ्यास और बालसभा का आयोजन किया गया। यह विद्यालय श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित है, जो वनवासी कल्याण केंद्र, झारखंड की एक संबद्ध शैक्षिक इकाई है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शारीरिक प्रमुख मंगली कसेरा ने छात्रों को विभिन्न योगाभ्यास करवाए और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास के साथ-साथ बालसभा में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और नैतिक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़े। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कंसारी सहित आचार्य सुदर्शन होता, दीपक मिश्रा, हाविल कन्डुलना, संजय मिश्रा, आचार्या रूपा देवी, सुनीता साहु, नूतन देवी, हेमलता मिश्रा, मंगली कसेरा एवं रिचा कुमारी गुप्ता उपस्थित रहे। विद्यालय के सभी भैया-बहनें पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

विद्यालय में प्रतिदिन की पढ़ाई के साथ इस तरह के शारीरिक और मानसिक विकास के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो रहे हैं।

# गुमला के स्कूलों में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की शुरुआत की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेशानुसार जिले के उच्च विद्यालयों में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से 22 से 26 अप्रैल 2025 तक एक युद्ध नशे के विरुद्ध शीर्षक से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का संचालन झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं विद्यालय प्रधानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अभियान के तहत विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन किया जा रहा है, जिसके सदस्य विद्यालय परिसर के आसपास मादक पदार्थों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों की काउंसिलिंग का भी कार्य करेंगे।

**अभियान की प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं**

22 अप्रैल (मंगलवार): प्रातःकालीन सभा में नशा मुक्ति की शपथ और प्रहरी क्लब का गठन।

23 अप्रैल (बुधवार): नशा मुक्त जीवन और ड्रग्स से इंकार विषय पर क्विज, कविता आदि प्रतियोगिताएं।

24 अप्रैल (गुरुवार): नशा मुक्त बचपन एवं समाज विषय पर स्लोगन लेखन, चित्रांकन और पोस्टर प्रतियोगिता।

### गुमला में मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

# जागरूकता अभियान चलाने पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य, प्रतिनिधिगण, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान मादक पदार्थों के दुरुपयोग की गंभीरता पर चिंता जताते हुए इससे जुड़ी सामाजिक और स्वास्थ्यगत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने नशे की लत के दुष्परिणाम और इससे जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सुझाव दिया गया कि जिन स्थानों पर अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है, उन्हें चिन्हित कर वहां सघन छापेमारी एवं नियमित निरीक्षण किया जाए। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही विद्यालयों में बच्चों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने की बात कही गई। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सही दिशा में प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

# गिरती कानून-व्यवस्था पर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स चिंतित

**गुमला।** शनिवार की शाम 3 बजे गुमला बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक अहम प्रेस वार्ता आयोजित की गई। यह प्रेस वार्ता झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स के निदेशानुसार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी की अध्यक्षता में हुई। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य राज्य में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करना और प्रशासन को चेताना था।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि राज्यभर में, खासकर गुमला जिले में हत्या, लूट, अपहरण जैसी आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके कारण व्यापारियों और आम नागरिकों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो व्यापारी पलायन के लिए मजबूर हो सकते हैं। गुमला चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने युवाओं में बढ़ते नशाखोरी को भी अपराध का मुख्य कारण बताया और जिला प्रशासन से इस पर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि नशे की लत में डूबे युवा अपराध की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसे रोकना अति आवश्यक है। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने कानून व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त नहीं किया, तो चेंबर झारखंड बंद जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह-सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, आदित्य गुप्ता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# बिशुनपुर में तालाब में डूबने से 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मंजीरा गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से गांव के 50 वर्षीय भारत उरांव की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, भारत उरांव शराब के नशे में अपने घर से करीब तीन बजे नहाने के लिए तालाब गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह नशे की हालत में तालाब में उतरा, लेकिन बाहर नहीं निकल पाया। पास ही खेल रहे बच्चों ने देखा कि वह काफी देर तक पानी में डूबा रहा और बाहर नहीं आया। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उसे तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाइक और बिशुनपुर पुलिस मौके पर पहुंचे।

# विद्यायल में दीक्षांत समारोह संपन्न, भावुक क्षणों और संस्कारों से सजी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड सिसई अंतर्गत रंजीत नारायण सरस्वती विद्या मंदिर, कुदरा में शनिवार 19 अप्रैल 2025 को कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थियों के लिए गरिमामय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भावनात्मक क्षणों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक संदेशों से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, सचिव सचिन अधिकारी एवं सदस्या श्रीमती किरण देवी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता, ओम एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।



सरस्वती वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य ने उपस्थित अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह में उत्साह और रंगत का संचार हुआ। कक्षा दसवीं की छात्राओं साक्षी कुमारी, स्वाति रानी सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय से जुड़ी यादों को भावुक स्वर में व्यक्त किया, जिससे उपस्थित सभी जन भावविभोर हो उठे। विभाग निरीक्षक ने अपने संबोधन में भगवान राम और आरुणि जैसे आदर्श गुरु भक्तों का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से जीवन में समय के सदुपयोग और संस्कारों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। वहीं अध्यक्ष एवं सचिव ने अपने प्रेरणादायक आशीर्वचनों में विद्यार्थियों को नैतिकता एवं देशभक्ति को जीवन में सर्वोपरि रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिसे छिपाना पड़े या जिससे विद्यालय, माता-पिता और समाज की गरिमा को ठेस पहुंचे।

मंच संचालन श्रेया कुमारी एवं सोनी कुमारी ने संयमित एवं प्रभावशाली ढंग से किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों झ कौशल्या रानी, सरिता मुखर्जी, ममता कुमारी, मृत्युंजय कुमार, श्रीकमल सिंह एवं नाथ नाथू भगत सहित अन्य आचार्यों की अहम भूमिका रही।

# जर्जर सड़क बनी रही है हादसों का कारण, ग्रामीणों ने की शीघ्र कालीकरण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के बाघिमा पंचायत अंतर्गत अंबाटोली गांव की छापर जतरा टोंगरी से लेकर शंभु पतरा तक लगभग दो किलोमीटर लंबी कच्ची और जर्जर सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यह सड़क मोरम से बनी हुई है, जिसे ट्रैक्टर और भारी वाहनों की आवाजाही ने और भी बदहाल कर दिया है। बरसात के दिनों में पानी भरने से सड़क की हालत और खराब हो जाती है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क जिला और प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे और मरीजों की नियमित आवाजाही होती है। लेकिन सड़क की जर्जर हालत के कारण कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीण अखिलेश्वर मिश्रा बताते हैं कि सड़क इतनी संकीर्ण और खस्ताहाल हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

वार्ड सदस्य एवं उपमुखिया अजय पाहन उर्फ अजय किंडो ने बताया कि इस मार्ग से महिला मंडल द्वारा संचालित बाघिमा राम टोली स्थित मुर्गी पालन केंद्र भी जुड़ा है। प्रतिदिन भारी वाहन चारा और तैयार मुर्गों की ढुलाई के लिए इस मार्ग से गुजरते हैं। साथ ही अधिकारी जांच-पड़ताल के लिए आते हैं, जिससे यह सड़क व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

वहीं, ग्रामीण मोहन कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्षों से इस सड़क को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आवेदन दिए जा रहे हैं। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आश्वासन जरूर देते हैं, लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो इस खराब सड़क में वाहन पलट चुके हैं, जिससे बच्चों और ग्रामीणों की जान को खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क का अविलंब कालीकरण कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो और विकास समर्थक शासन-प्रशासन पर ग्रामीणों का विश्वास बना रहे।

# गुमला के गांधी नगर श्मशान घाट में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहर के करमटोली स्थित गांधी नगर श्मशान घाट की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां की जर्जर स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का अभाव लाश जलाने के लिए आने वाले लोगों के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। इस श्मशान घाट का निर्माण तो किया गया है, लेकिन काम अधूरा पड़ा है, और यह पूरी तरह से उपयोग करने योग्य नहीं है। चारदीवारी की कमी, पानी और बिजली की सुविधाओं का न होना, यहां आने वाले ग्रामीणों के लिए कई समस्याओं का कारण बन रहा है। कई बार लाश जलाने के लिए आने वाले लोग यहां बिना पानी के परेशान हो जाते हैं। इसके अलावा, बिजली की सुविधा न होने के कारण श्मशान घाट में रात के समय लाश जलाने में भी कठिनाई होती है। चारदीवारी न होने के कारण श्मशान घाट में निजी गोपनीयता की भी कमी है, जिससे दुख की घड़ी में परिजनों को और भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट के नजदीक रहने वाले परिवारों को अक्सर यहां आकर श्मशान संबंधी कार्यों में परेशानी होती है। कई बार आंधी-तूफान और बारिश के समय यहां पर काम करना और भी कठिन हो जाता है, क्योंकि यह स्थल बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से यह मांग की है कि गांधी नगर श्मशान घाट में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे कि चारदीवारी, पानी की व्यवस्था, और बिजली की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही श्मशान घाट के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि यहां आने वाले लोग बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा सकें और शांति से अंतिम संस्कार कर सकें। यह मांग अब प्रशासन के सामने उठ रही है और उन्हें उम्मीद है कि इस मुद्दे पर जल्द कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्रीय लोगों को राहत मिल सके।

# विद्यालय में महात्मा हंसराज जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में महात्मा हंसराज जयंती पर कार्यक्रम तथा हवन पूजन का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जितेंद्र मेहेर, सीसीए प्रभारी शिक्षा शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी तथा अपराजिता कुमारी द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराई गई। मौके पर प्राचार्य जी पी झा ने महात्मा हंसराज के जीवन आदर्शों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए शिक्षा तथा आत्मविश्वास के महत्व को विद्यार्थियों को समझाया। कहा कि महात्मा हंसराज एक भारतीय शिक्षाविद् और आर्य समाज आंदोलन के संस्थापक स्वामी दयानंद के अनुयायी थे । उन्होंने गुरुदत्त विद्यार्थी के साथ मिलकर 1 जून 1886 को लाहौर में दयानंद एंग्लो-वैदिक स्कूल (डीएवी) की स्थापना की , जहाँ दयानंद की याद में पहला डीएवी स्कूल स्थापित किया गया था।

# वितृष्णा

शोभा ने घर की कॉलबेल बजने पर जब दरवाजा खोला , तो सामने एक अनजान शख्स को खड़ा देखा । उनके कुछ बोलनें से पहले ही वो बोलने लगा था ,

'मैडम जी ,आपके यहाँ कैमरा लगा है न ।"
'जी हाँ " , शोभा ने त्वरित कहा ।



मीरा सिंह

"मेरी बेटी आज दोपहर घर से गायब है । पत्नी नें कहा कि वो बरामदे से कूदकर कहीं चली गयीं है ।हमलोग आपके पड़ोस में तीन महीना पहले आएं हैं ।थोड़ा कैमरा में देख कर बताइएगा कि वो किधर गई । मात्र बारह साल की बच्ची है । आज ही रिजल्ट आया था उसका । टारगेट नम्बर नहीं ला पाई तो मेरे डर से घर छोड़कर चली गई । उस इंसान की बातें सुनकर वो आवाक थीं ।उस सख्श से पता चला मात्र बारह साल की बच्ची थी उसकी । वो सोचनें लगीं कि ,ये अपने बच्चों के लिए कितना क्रूर होगा । कैसा निष्ठुर पिता है जिसके मार के भय से उसकी बेटी घर से भाग गई ? बेटियाँ तो पिता की सबसे अनमोल रत्न होतीं हैं । कोई पिता अपनी बेटी को कैसे मार सकता है ।उसने हिकारत भरी निगाह से उस शख्स की ओर देखा और सी.सी टी.वी. का कैमरा बैक कर दिखानें लगीं । दोपहर के एक बजे के लगभग एक बच्ची सड़क पर दिखी तो वो आदमी लगभग चिल्लाते हुए बोला , " हाँ हाँ रोक दीजिए , मैडम जी , यही मेरी बेटी है । ये मुहल्ले से निकलकर मेन सड़क की तरफ क्यों जा रही है । हे भगवान इस बड़े शहर में मैं अपनी बच्ची को कहाँ खोजूँ ? "

शोभा ने न चाहते हुए भी उसे बैठने के लिए कुर्सी दी और पानी पिलाया। अपने रिटायर्ड पति को बाहर बुलाया और उस शख्स और उसकी बच्ची के बारें में उन्हें बताया । उनदोनों ने उस शख्स को थाना में कम्प्लेन करने के लिए बोला । पर वो इसके लिए तैयार नहीं था । वह अपने स्तर से ही बेटी को खोजना चाह रहा था । दूसरे के मामलें में क्यों पड़े यह सोचकर उनलोगों ने उसे विदा किया । शाम में उन्हें अपने पड़ोसी से पता चला कि वो सख्श सीआईएसएफ में सिपाही है और एयरपोर्ट पर तैनात है । रोज पत्नी और बच्चों को जानवरों की तरह पिटता है । पड़ोसियों से दोस्ती ना रखने की सख्त हिदायत थी उसकी । बच्चे तो बाहर निकलते थे पर पत्नी को किसी ने भी आजतक नहीं देखा था । ऐसा जालीम इंसान उनलोगों ने भी पहली बार देखा था । पड़ोसन के मुख से उस इंसान की असलियत जानकर उनका हृदय उस व्यक्ति के प्रति वितृष्णा से भर उठा। वो हैरान थीं कि ऐसे लोग भी हमारे समाज में भरें पड़ें हैं ?

## एक अविस्मरणीय यात्रा

# जलियांवाला बाग और वैशाखी

मेरी जलियांवाला बाग की यात्रा रोमांचक और अविस्मरणीय यात्रा थी..अपने विगत को करीब से प्रत्यक्ष देखने और अनुभव करने का पहला अवसर था। हमारी पीढी ने आजादी के बाद का सूरज देखा था। स्वतंत्रता के संघर्ष में उन अनाम शहीदो के जीवन के सूरज को अस्त हो जाने की कहानियां सिर्फ किताबों और इतिहास के पन्नो में पढी थी।.पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शनों के बाद आज हम जलियांवला बाग देखने जा रहे थे.।बडे से विशाल दरवाजे पर लिखे शहीदो की स्मृति"शब्द ने रोमांचित कर दिया.। अंदर प्रवेश करते ही दाहिनी ओर से हरे भरे फूलों से सुसज्जित पार्क से गुजरते हुए अमर शहीद ज्योति तक पहुंच कर मन न जाने क्यों विह्वल हो गया। तस्वीरो मे. वो पल कैद कर हम ठीक सामने स्मृति स्तंभ को देखने गये.जो शहीदो की याद मे बनाया गया था।.कहते है.कि इसके ठीक विपरीत दिशा में वो छोटा सा गेट था.जिसे अंग्रेजों के क्रूर अफसर जनरल ओ डायर के सैनिको ने घेर लिया था और सभा करते हुए निर्दोष नागरिक भाग नहीं पाये और उनकी गोलियों का शिकार हो गए।क्या दोष था उनका ??उन गोलियों के अमिट निशान आज भी बाग की एक दीवार पर मौजूद हैं.।घूमते हुए मेरा मन भर आया था। कहीं किसी मार्गदर्शन या गाइड की जरूरत नहीं पडी।. एक एक दीवार. बचे हुए अवशेष सभी चीख चीख कर गवाही दे रहे थे कि इतिहास का वह क्रूरतापूर्ण कांड यहीं पर घटित हुआ था।.बांयी ओर शहीदी कुआं था.जिसमे जान बचाकर सैकड़ो बच्चे. महिलाएं-और पुरुष कूद गए थे और दम घुटने के कारण मारे गए.उस जालियों.से घिरे कुंए में झांकते हुए मन रोमांचित हो गया ,लगा जैसे अचानक लोगों के चीखने ,चिललाने और वंदेमातरम की आवाजें मेरे अहसास में गूंजने लगीं। मन भावुक हो गया था। अपने विगत इतिहास को अपनी अनुभूति में साकार हो जाने का अनुभव अकल्पनीय था।बस मुंह से यही निकला अशेष नमन. उन अनाम शहीदों के नाम ।एक छोटा सा संग्रहालय भी था जिसमें तत्कालीन समाचार पत्रों की कटिंग.शीर्ष नेताओ और विश्व के महारथियों की प्रतिक्रियाएं लगायी गयी थी.। गुलजार रचित दो पंक्तिया प्रमुखता से दर्शाई गई थीं.।मुझे याद नही.अब।लगभग सात वर्ष हो गए वहां गये परंतु आज भी सबकुछ यादो में प्रतिबिंबित है।.आज.वैशाखी पर अपने भाव सुमन अर्पित करती हूं.शहीद तुम्हरी कुर्बनी .हम याद रखेंगे सदियों तक ।



पद्मा मिश्रा

## काव्य कोना

# बात से ही हर बात

बात से ही हर बात पूरी हो जाती गर
लच्छेदार भाषा से ही असरदार हो जाते
निखट्टू सारी दुनिया में महान हो जाते।

कल से कल तक कल की प्रतीक्षा
कल की रट लगाते-लगाते
कल आज मे बदल कल तक पहुँच गया
हाय कल फिर भी पकड़ में नहीं आया।

बात से ही हर बात पूरी हो जाती गर
मेहनत का रंग
संघर्ष की कहानी
कला की जुबानी
बिना मूल्य के हो जाते
मनुष्य आसमां के नीचे सिर्फ चर्चा करता
सूर्य उतर कर ज़मीं पर सब काम कर देता।


नाग मणि



- डॉ. कुमार संजय

## बदलते दौर में

# नाटक



हाल ही में मेरे द्वारा लिखित पूर्णकालिक नाटक "बिरसा मुंडा" का मंचन हुआ। इस नाटक को लिखने से पूर्व मैंने बिरसा मुंडा पर आधारित कई पुस्तकों, शोध-पत्रों और वीडियो का अध्ययन किया। इसी शोध यात्रा में मुझे हृषिकेश सुलभ द्वारा रचित नाटक "धरती आबा" पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

यह नाटक साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, परंतु इसे पढ़ने के बाद मेरे मन में कुछ प्रश्न और चिंतन के बिंदु उभरे, जिन्हें साझा करना प्रासंगिक लगता है:

### 1. क्या आज के नाटक में लंबे संवाद प्रासंगिक हैं?

"धरती आबा" में कई संवाद एक-एक पृष्ठ या उससे भी अधिक लंबे हैं। भाषा और भाव के स्तर पर वे प्रभावशाली हो सकते हैं, लेकिन रंगमंचीय दृष्टि से वे प्रस्तुति को एकरस और जटिल बना देते हैं। यह बात भी समझनी आवश्यक है कि संवाद जितना लंबा होगा, मंच पर गतिशीलता उतनी सीमित होगी। खासकर जब कोई पात्र अकेले लंबे संवाद बोलता है, तो अन्य पात्रों की उपस्थिति असहज हो सकती है। वे यदि निष्क्रिय खड़े रहें तो दृश्य कृत्रिम प्रतीत होता है, और यदि वे प्रतिक्रिया देते रहें तो दर्शक का ध्यान भटक सकता है। यहाँ फिल्म और रंगमंच का अंतर समझना जरूरी है। फिल्म में यदि किसी पात्र को लम्बा संवाद देना हो- जैसे कोर्टरूम सीन में वकील की भावुक दलील- तो निर्देशक के पास दृश्य को रोचक बनाए रखने के कई विकल्प होते हैं: कैमरा कट करके अन्य पात्रों की प्रतिक्रियाएँ दिखा सकता है, फ्लैशबैक में जा सकता है, क्लोज़-अप ले सकता है, या पृष्ठभूमि में संगीत जोड़ सकता है। इससे दृश्य में विविधता ब न ी रहती है और दर्शक की रुचि भी।

किन्तु नाटक में यह दृश्यात्मक सुविधा नहीं होती। मंच पर सब कुछ 'यथार्थ में और यथाकाल' घट रहा होता है। ऐसे में अत्यधिक लंबे संवाद, यदि बारीकी से निर्देशित न किए जाएँ, तो न केवल प्रस्तुति की लय तोड़ते हैं, बल्कि दर्शकों की संलग्नता भी कमजोर कर सकते हैं। इसलिए आज के नाटककारों के लिए यह आवश्यक है कि वे संवादों की संक्षिप्तता, प्रभावशीलता और गतिशीलता को प्राथमिकता दें।

### 2. संवाद की भाषा- पात्र के अनुसार या लेखक के अनुसार?

"धरती आबा" में अनेक ग्रामीण पात्र अत्यंत क्लिष्ट और साहित्यिक हिंदी में संवाद करते नजर आते हैं। यह न केवल उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि के विरुद्ध है, बल्कि संवाद की स्वाभाविकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। मेरा स्पष्ट मत है कि संवाद सदैव पात्र की सामाजिक, भाषिक और बौद्धिक पृष्ठभूमि के अनुरूप होने चाहिए। यदि पात्र ग्रामीण है, तो वह या तो अपनी बोली-बानी में बोलेगा, या फिर सरल, सहज हिंदी में। एक ग्रामीण किसान यदि 'संघर्षशील जीवन पर दार्शनिक विचार देने लगे', तो यह नाटक नहीं, भाषण प्रतीत होगा।

आज का दर्शक यथार्थवादी संवादों की अपेक्षा करता है। यदि कोई पात्र छात्र है, तो वह 'हिंग्लिश' बोलेगा। संवाद वही विश्वसनीय माने जाते हैं जो पात्र की जीवन-स्थितियों के अनुकूल हों, न कि लेखक की भाषाई दक्षता का प्रदर्शन। हर विधा समय के साथ परिवर्तित होती है- फिर चाहे वह कविता हो, उपन्यास, फिल्म या रंगमंच। रंगमंच भी अब वैसा नहीं रहा जैसा सौ साल पहले था। दर्शकों की रुचियाँ, देखने का ढंग, सामाजिक संदर्भ, और तकनीकी अपेक्षाएँ — सब कुछ बदल चुका है।

ऐसे में नाट्यलेखन को भी समय के अनुरूप ढलना होगा। आज के दर्शकों के लिए लिखा गया नाटक न केवल भावनात्मक रूप से गहरे हो, बल्कि प्रस्तुति की दृष्टि से भी व्यावहारिक और दृश्यात्मक रूप से प्रभावी हो। अत्यधिक लंबे संवाद, कृत्रिम भाषा और गंभीरता की अति अब दर्शकों को बाँध नहीं पाती। नाटकों को संवाद, दृश्य और पात्रों की विश्वसनीयता के संतुलन के साथ रचा जाना चाहिए। "कलाकारों की प्रतिभा तभी चमकती है जब लेखक संवादों को छोटा, सटीक और पात्रानुकूल बनाए। याद रखिए, नाटक भी अब 'बदलते समय का साक्षी' है- उसे पुरानी परंपराओं से नहीं, नए दर्शकों से संवाद करना है।

# दरीचे पे भोर

पापा! जन्नत की इन वादियों में फिर कब घूमने आओगे? बेटी के इस मासूम सबाल पर पापा ने उसकी मां की ओर देखा और पलटकर मुस्कराते हुए कहा, "बेटा! इस बार मैं तुम्हें घुमाने लाया हूं, अगली बार मैं और मम्मी तुम्हारे साथ आएंगे"। मिनी ने प्रश्नभरी निगाहों से पापा की आँखों में झांका और पूछा- मतलब?



मनोज कुमार झा 'मनु'

इससे पहले कि बिटिया के इस मतलब का मतलब पापा समझाते, तड़-तड़ की आवाज़ से वादियाँ थर्रा उठीं। चीख-पुकार मच गई। आतंकवादियों ने वाहनों के काफिले पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। रक्त के शापित छींटे मिनी के बदन पर भी पड़े थे। उसे आसमान घूमता-सा नजर आया और जब होश आया तो उसने खुद को माँ की करुण वैधव्यता का साक्षी बनता पाया। होटल के इसी कमरे में.मिनी उस मनहूस यात्रा के दौरान ठहरी थी। पूरे काश्मीर खासकर गुलमर्ग की वह लगभग सीधी चढ़ान वाली गोंडोला-यात्रा उसे काफी रोमांचकारी लगी थी। किंतु, अधिक ऊंचाई पर चढ़ना उसे भयभीत कर देता था। पापा उसे हिम्मत देते —बेटा! "ऊँचाई से डरना नहीं, ऊँचाई पर चढ़ना सीखो"। ''परिस्थितियों से घबराना नहीं, दिलेरी से उनका मुकाबला करना सीखो"। और, वह सहमति में सर हिला देती।

पिता के यही उद्बोधन-स्वर उसकी जिजीविषा का संबल बने और पितृ-सुख छिन जाने के बावजूद उसके इरादे नहीं डगमगाए। कुछ दिन पहले ही यूपीएससी का रिजल्ट निकला था और उसे प्रशासनिक सेवा में उसका पसंदीदा काश्मीर-कैडर मिला। निशा की नीरवता में यादों के जख्म हरे हो गए। आंखें कब लग गईं पता न चला। अलसुबह, वह उसी दरीचे से लगकर खड़ी हो गई थी जहां खड़े होकर अंतिम बार पापा ने ऊंची पर्वत-श्रृंखलाओं की ओर इशारा करते हुए कहा था—बेटा! ऊँचाइयाँ तुम्हें पुकार रही हैं। मिनी की तंद्रिल चेतना भंग हुई। भोर-किरणों ने मुस्कुराकर बड़े स्नेह से उसका अभिसार किया और उसके अहसासों को स्वर मिला- पापा! आप गए नहीं। आप इन्हीं भोर-किरणों में मौजूद हो। आपने ही तो वतनपरस्ती के मेरे इन सपनों को पंख दिए हैं। काश्मीर में एक नये युग का आगाज़ हुआ है। भीतरी-बाहरी घातियों से घाटी को मुक्त कराना है।
पीछे आहट हुई।

म..आं!
हां, बेटा!!

माँ ने बेटी को बांहों में किरणों की भांति ही भर लिया था और दो जोड़ी आँखें गंगाजल से अभिषिक्त होने लगी थीं।

# कुत्ता होने का सुख



ललन शर्मा

कुत्ता इस पृथ्वी का सर्वप्रिय जीव है इसे अमीर लोग भी पालते हैं और गरीब भी। अमीरों के कुत्तों का अपना व्यजंन होता है। उसकी अपनी हॉबी होती है, वे अच्छे-अच्छे आकर्षक व हसीन रूप में दर्शन देते है। खूबसूरत मालकिनों तथा शाही मॉडलों के साथ भी दिखते हैं इन कुत्तों के लिए लग्जरी सामान बनाने वाली कंपनियाँ प्रदर्शनी आयोजित कराती है उनकी फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, आज्ञाकारिता प्रतियोगिता इत्यादि होती रहती है। सैर-सपाटे के लिए अत्याधुनिक वातानुकूलित वाहन का आनंद लेता हुआ कुलीन शरीर और दुमकटा होता है।

एक खोज के अनुसार कुत्तों के पूर्वज भेड़िए हैं इन भेड़ियों को कुछ आवारा पर्यटकों द्वारा घरों पे लाकर उसे कुत्ता बना दिया गया अतः कुत्तों में मौलिक रूप से भेड़ियों के सारे स्वभाविक गुण होते हैं पर मालिकों के स्वभाव के आगे उसका गुण कम हो जाता है और वह एक कुत्ता बन कर रह जाता है और इस तरह दोनों कुत्ता होने का सुख प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ जाते हैं। बचपन में मैंने कुत्ते पर लेख लिखा था '' कुत्ता एक प्रकार का जानवर होता है उसे जो दो-टुकड़ा खिला दे, उसी का हो जाता है कुत्ता एक अच्छा पहरेदार होता है, जो काम पुलिस नहीं कर पाती, कुत्ता कर देता है।'' इस लेख पर मेरे मास्टर साहब उखड़ गयें और मुझे इस लेख पर सबसे कम नम्बर देते हुए नसीहत दी- ''बेटा लल्लन तुम्हें कुत्तों का ज्ञान कम है, तेरा दिमाग अभी कच्चा है, जाओ और ज्ञान प्राप्त करों।'' तब से मैंने कुत्तों पर शोध करना शुरू कर दिया। वर्षों के मेहनत के बाद निष्कर्ष निकला कि लगभग सभी आदमी में कुत्तों के गुण विद्यमान होते हैं आदमी इस गुण के बिना जी ही नहीं सकता है आप पहला उदाहरण देखे- सरकारी दफ्तरों में प्रवेश से लेकर निकास द्वार तक कुत्ते ही खड़े, बैठे या इधर-उधर विचरते दिखाई पड़ते हैं। इन दफ्तरों की सभी बासमती महक वाली कमरों के हरेक फाईल पर एक कुत्ता बैठा या लेटा पाया जाता है। हर कुत्ता जीभ लपलपाते हुए जनता को अपनी शिकार की तरह घूरता रहता है। एक और उदाहरण देखे- कुत्ता को भारतीय परंपरा के अनुसार बोटी खाने का सुख प्राप्त है सरकारी योजनाओं में बोटी का स्कोप ज्यादा होता है किस योजना का महाद्वार कब खुलेगा, कैसे खुलेगा, किधर से खुलेगा, ये कुत्ते पहले ही सूंघकर पता लगा लेते हैं और कुत्तों की समिति इसे हर स्तर के कुत्तों में बांट लेती है और इस तरह योजनाओं का तिया-पांचा होता है।



वैश्वीकरण के इस घोर-युग में कुत्ता समूह ज्यादा संगठित हो गए हैं और अपनी-अपनी पार्टी या संगठन बना ली हैं और जगह-जगह जनता का शिकार करने लगे हैं। सारा कुत्ता समूह मौसरे भाई बनकर जन सेवा में भरपूर योगदान देता है। इनके इस प्रशंसनीय योगदान के लिए पशु प्रेमी 'कुत्ता बचाओ अभियान' चलाते हैं, उन्हें एक्सेलेंस अवार्ड देते हैं। और तो और इस कुत्ता संस्कृति को बचाने के लिए एक अखिल भारतीय कुत्ता पार्टी के अध्यक्ष कुत्ता स्वामी ने वकायदा कुत्ता आश्रम खोल रखा है जहाँ लोगों को कुत्ता बनने के लिए आवश्यक प्रवचन दिए जाते हैं एक भाषण में युवा क्रांतिकारी प्रखर-प्रचंड नेता कुत्ता श्री स्वामी ने कहते है- कुत्ता धर्मनिरपेक्ष होता है वह हिन्दु-मुस्लिम, सिख या ईसाई में भेद नहीं करता है, सभी को अपना समझ कर ही काटता है। अतः कुत्ता राजा होता हैं क्योंकि कुत्ता आदमी (जनता) को काट सकता है पर आदमी कुत्ता को नहीं काट सकता। कुत्ता स्वामी आगे अपने आर्शिवचन में कहते है- कुत्ते को स्थान-काल-परिवेश के अनुसार अपने व्यावहार- वेश-भूषा में आवश्यक परिवर्तन करते रहना चाहिए ताकि जनता को लगे कि फलां कुत्ता बड़ा साफ छवि वाला है जब भी काटता है'' बड़ा ही सेक्युलर तरीके से काटता है। कुत्ता स्वामी हमेशा अपने प्रवचन के अंत में सभी भक्तों को कहते हैं।

**पुनः कुक्कूरः भवः**
**पुनः श्वानः भवः**

चलते-चलते एक बात और- मुझे एक साहब ने घर पर बुलाया, मैं घर के गेट पर पहुँचा, वहाँ गेट पर तख्ती लटकी पड़ी थी उसमें लिखा था- '' कुत्ता से सावधान।'' मैं डरते-डरते अंदर पहुँचा- कुत्ते की न तो कोई मधुर भौं-भौं, न उसके अपने चेन से निकल कर मुझ पर झपटने का प्रयास, एकदम शांत वातावरण मुझे समझ में नहीं आया कि मुझे किस कुत्ते से सावधान होने के लिए कहा गया था। इस तरह विभिन्न प्रकारों के सुखों को यदि आप प्राप्त करना चाहते है तो आपके लिए मेरे पास एक लल्लन टॉप मंत्र है- '' कुत्ता बनिए'' आनंद पाइए। पर याद रहे यह सुख केवल आदमजात ही प्राप्त कर सकता है जो मानव ईमानदारी, मेहनत, संस्कार, मानवता, प्रजातंत्र इत्यादि को मानते हैं वे इस मंत्र का जाप न करें, परहेज करें, पर बाकी सब ऐरे-गैरे-नत्थू खेरे इस मंत्र का भरपूर इस्तेमाल करें और विश्वास करें कि वे भी कुक्कूरपना का स्वर्गतुल्य सुख यही से प्राप्त होगा और सभी बन्धु-बान्धव को कुत्ता बनने के लिए प्रेरित करें।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

# फेसबुक



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

पति ने सुबह -सुबह ।
फेसबुक पर पोस्ट किया ।
आज की सुबह सुहानी है ।
लगता है कि अच्छा
गुज़रेगा ।
पत्नी ने लाइक के साथ
उत्तर दिया ।
चाइलेंज एक्सेप्टेड ।
तब से पति का दिमाग घूम
गया है ।
इतने दिनों से मेरी पत्नी
ही,
मेरी गर्लफ्रेंड बनी हुई
थी ।
ओह! पता नहीं क्या-
क्या?
बहुत दर्द होता है भाई ।
जिस पर आँख बंद कर ।
विश्वास करो ।
वही,
यह अहसास करा देता है ।
कि वाकई तुम अंधे हो ।।
पता नहीं और कितनों की,
गर्लफ्रेंड बनी हुई होगी ।
यह सोच कर ही,
कलेजा मुँह को आता है ।।
हर किसी की किस्मत,
सुनीता विलियम्स के,
पति जैसी नहीं होती है ।
कि सात दिन बोलकर
गईं।
और नौ महीनों बाद ।
लौट कर आईं।
न तो पति पूछ पाया क्यों?
और न पत्नी पूछ पाई ।
कैसे रहें ? इतने महीने ।
क्या -क्या किया ?
सोचता हूँ ,
यह नारी शक्ति भी ।
क्या चीज है ?
जैसे -जैसे उम्र बढ़ती है ।
इत्र की जगह ।
आयोडेक्स ही काम आता
है ।
तब से आयोडेक्स का ।
केमिकल ढूढ़ रहा हूँ ।
यह किस कम्पोनेंट्स से
बनता है ।
जिंदगी में सीधा होना
बहुत टेढ़ा काम है ।
अब अखबार में उपर
खबर थी
पिचहतर वर्ष के बूढ़े ने ।
तीस वर्ष की महिला से ।
शादी कर ली है ।।

उसी के नीचे एक और..?
खबर छपी थी ।
जब पूराने कर्मचारी ।
रिटायर्ड नहीं होंगे तो ।
नयों को ..??
कैसे रोजगार मिलेगा?
अब समझ में आया ।
कुछ लोग आपसे ।
सिर्फ इसीलिए ।
नफरत करते हैं ।
क्यों कि ?
बहुत सारे लोग ।
आपसे ।
बहुत प्यार करते हैं ।।
यह अलग बात है ।
कि आपको।
इसकी खबर नहीं
होती ।
क्यों कि,
आप अपनी दुनिया में,
बेखौफ, बिंदास,
मस्त रहते हैं ।।

# झूले पर झूलती लड़की



चारुमित्रा

महाकुंभ का मेला
रौनक अपार
मन्नत की थाल
नदी का
प्यार
लोगों
का
हुजूम
सभी
बराबर
न कोई छोटा ,न बड़ा
उसी भीड़ में था
नट का झूला
झूले पर झूलती लड़की
बालू में धंसी दो बांस
उसपर बंधी मोटी रस्सी
न कोई आम, न कोई
ख़ास
हाथ में डंडा
पैरों को थाली में डाल
जान हथेली में रख
चल रही चाल
झूले पर झूलती लड़की
नीचे खड़ी है माँ
हिम्मत बढ़ाने को
भीड़ जा रही संगम की
तरफ
झूले पर झूलती लड़की
भरी भीड़ में थी अकेली
न संगी न सहेली
झूले पर झूलती लड़की
बस झूलती रहती है
जीवन भर
रेले में ,मेले में।

# गुल्लक

गुल्लक का प्रचलन और हमारा बचपन एक दूसरे के पूरक हैं।गुल्लक मध्यमवर्गीय परिवार का एक सदस्य जैसा है जो न जाने हमारी कितनी पीढ़ीयों के सुख-दुख और उतार-चढ़ाव का साक्षी रहा है। गुल्लक का इतिहास मध्ययुग से जुड़ा है जब लोग पैसे रखने के लिए मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल करते थे ,जिसे पग कहा जाता था जो बाद में पिग्गी बैंक के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मध्यकाल में गुल्लक के बर्तन खास तरह की मिट्टी से बने होते थे जिन्हें पग या क्ले कहा जाता था। तब ना तो बैंक होते थे और ना ही तिजोरी। इस कारण लोग अपने पैसे इन्हीं मिट्टी के बर्तनों मे रखा करते थे,इन बर्तनों के मुंह चौड़े होते थे जिन्हें कपड़ों से बांध कर रखा जाता था। इन गुल्लकों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बचत सीखाना था, जिसकी व्यवहारिकता आज भी वही है। यह परिवार का एक पारंपरिक बैंक है जो बच्चों को ना सिर्फ पैसे बचाने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि वित्तीय समझ को भी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



कंचन सिंह

गुल्लक बच्चों के अंदर यह समझ पैदा करता है कि कभी-कभी छोटी बचत भी बड़ा रूप ले सकती है मैंनें कई अरबपति उद्योगपतियों की बायोग्राफी पढ़ी है जिन्होंने अपने बिजनेस की शुरुआत अपने गुल्लक में पड़े पैसों से की थी। गुल्लक सिर्फ हमारी बचत की आदत हीं विकसित नही करता बल्कि बच्चों को यह समझने में भी मदद करता है की छोटी बचत को कैसे बड़े राशि में बदल सकते हैं और पैसे को कैसे प्रतिबंधित कर सकते हैं। वित्तीय आत्मनिर्भरता का अनुभव भी बच्चों को सबसे पहले गुल्लक में जमा किए गए पैसे को खर्च करके ही प्राप्त होता है।गुल्लक बच्चों को आत्मनिर्भरता के साथ-साथ अनुशासन और संयमित होना भी सीखाता है।

बच्चों को बचत सिखाता ये गुल्लक हमारे बुरे समय का साथी भी होता है और बच्चे पूरे संयम के साथ इस गुल्लक के भरने का इंतजार करते हैं और जब यह गुल्लक टूटता है तो कई सपने पूरे होते हैं और एक सपना पूरे होने के बाद शुरुआत होती है नए सपने की। गुल्लक हमारे परिवार की उम्मीद होती है उम्मीदों वाली गुल्लक, खुशियों वाली गुल्लक,सपनों वाली गुल्लक तो होनी चाहिए ना हर एक घर में एक गुल्लक।

## आज का दोहा

हर 'कसाब' जो ख्वाब में, ढूंढ रहा है हूर।
आंख खुली, कहने लगा, 'फंदा' नहीं हुज़ूर।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सिगरेट पीने से पुरुषों में कम हो सकती है पिता बनने की क्षमता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



धूम्रपान से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में सबसे ज्यादा बात कैंसर को लेकर होती है। लेकिन धूम्रपान से कैंसर होने के जोखिम के अलावा और भी कई नुकसान होते हैं। हाल ही में इस संबंध में कई स्टडी सामने आई हैं, जिसमें यह दावा किया गया है कि जो पुरुष धूम्रपान करते हैं, उनमें पिता बनने की क्षमता कम होती है। इसके अलावा, इससे उनके शुक्राणु पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। यह जोखिम उन सभी युवाओं के लिए है जो लंबे समय से धूम्रपान के आदी हैं। इस विषय पर आईएएनएस ने सीके बिरला अस्पताल के डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर से खास बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धूम्रपान करने से पुरुषों के शुक्राणुओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिसका सीधा असर उनकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। सिगरेट से शुक्राणुओं की गतिशीलता और उनकी संख्या पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे हानिकारक तत्व इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। अगर लंबे समय तक सिगरेट पीना जारी है, तो निश्चित तौर पर स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है इसके अलावा, सिगरेट का सेवन शुक्राणुओं के डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है। यह भ्रूण के विकास को भी प्रभावित कर सकता है और गर्भपात का खतरा बढ़ा सकता है। सिगरेट के विषाक्त पदार्थ ऑक्सीडेटिव तनाव को बढ़ाते हैं, जो शुक्राणु कोशिकाओं को नष्ट करता है।डॉ. जैन ने पुरुषों से धूम्रपान छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा, "धूम्रपान न केवल आपके समग्र स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह आपकी प्रजनन क्षमता को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और धूम्रपान से दूरी बनाकर पुरुष अपनी प्रजनन क्षमता को बेहतर कर सकते हैं।

### धूम्रपान से पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य पर खतरा: इरेक्टाइल डिसफंक्शन और शुक्राणु गुणवत्ता पर गंभीर असर

फोर्टिस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. परेश जैन ने भी चेतावनी दी है कि सिगरेट पीने से पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन (ईडी) का एक कारण हो सकता है, बल्कि शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता को भी कम करता है। सिगरेट में मौजूद निकोटीन और हानिकारक रसायन रक्त वाहिकाओं को संकुचित करते हैं, जिससे लिंग में रक्त प्रवाह कम होता है। यह ईडी का प्रमुख कारण बन सकता है। धूम्रपान रक्त वाहिकाओं की आंतरिक परत को भी नुकसान पहुंचाता है और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को कम करता है, जिससे कामेच्छा और ईडी की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

**धूम्रपान और पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य : मुख्य बिंदु**

**डीएनए को नुकसान :** लंबे समय तक धूम्रपान करने से शुक्राणुओं के डीएनए को क्षति हो सकती है, जिससे भ्रूण विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है।

# युवती ने 21वें फ्लोर से लगाई छलांग, मौके पर हुई मौत

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। शनिवार, 19 अप्रैल को सुबह एक 21 वर्षीय युवती ने 21वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान उन्नति के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली थी।

मृतका उन्नति, पुत्री गोपाल मोहन, लोटस बुलेवर्ड सोसायटी के टावर नंबर 12 के फ्लैट नंबर 2101 में रह रही थी। आज सुबह अचानक उसने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। 21वीं मंजिल से नीचे गिरने की वजह से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-39 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मृतका के पिता को भी सूचना दे दी है। फिलहाल, पुलिस द्वारा मौके पर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर ली गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवती के कमरे की तलाशी भी ली जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके। लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में इस हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सोसायटी के निवासी इस घटना से स्तब्ध हैं और युवती के इस कदम पर हैरानी जता रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने जनता को किया सचेत

# धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी

**धोखाधड़ी का तरीका**

- फर्जी वेबसाइटें, सोशल मीडिया पेज, व्हाट्सएप अकाउंट और गूगल/फेसबुक पर पेड विज्ञापन के माध्यम से लोगों को ठगा जा रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जनता को सचेत करने के लिए शनिवार को चेतावनी जारी की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने जनता को ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी के बारे में सचेत किया है। विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया गया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। आई4सी ने एक बयान में कहा कि यह धोखाधड़ी फर्जी वेबसाइटों, भ्रामक सोशल मीडिया पेजों, फेसबुक पोस्ट और गूगल जैसे सर्च इंजनों पर पेड विज्ञापनों के जरिए की जा रही हैं। इन घोटालों में पेशेवर दिखने वाली लेकिन फर्जी वेबसाइटें, सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर केदारनाथ, चारधाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए गेस्ट हाउस और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब या टैक्सी सेवा बुकिंग और हॉलिडे पैकेज और धार्मिक यात्राएं जैसी सेवाएं देने का दावा करते हैं। इन प्लेटफार्मों के माध्यम से भुगतान करने पर लोगों को जब बुकिंग की कोई पुष्टि या सेवा प्राप्त नहीं होती और संपर्क के लिए दिए गए नंबर पहुंच से बाहर हो जाते हैं, तो उन्हें ठगे जाने का एहसास होता है।

इन घोटालों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र बहु-आयामी रणनीति अपना रहा है। आई4सी ने कहा कि घोटाले का पता लगाने के लिए गूगल, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे आईटी मध्यस्थों के साथ नियमित रूप से स्कैम सिग्नल का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि साइबर अपराध के हॉटस्पॉट की पहचान की जा रही है तथा जिन राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों से अपराध की शुरुआत हो रही है, उन्हें सतर्क और संवेदनशील बनाया जा रहा है। नागरिकों की सुरक्षा के लिए फर्जी वेबसाइटों या विज्ञापनों और नकली सोशल मीडिया अकाउंट की पहुंच को बंद किया जा रहा है। इसके अलावा परेशानी मुक्त शिकायत की सुविधा के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर संदिग्धों की जांच और रिपोर्टिंग सुविधा विकसित की गई है।

### पर्यटन सेवाओं में धोखाधड़ी से बचाव के लिए आई4सी की सख्त चेतावनी

आई4सी ने लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी है। आई4सी के अनुसार, लोग कोई भी भुगतान करने से पहले हमेशा वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करें। गूगल, फेसबुक या व्हाटसएप पर प्रायोजित या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सत्यापन करें। केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से बुकिंग की क्रॉस-चेकिंग करें। ऐसी वेबसाइटों की शिकायत तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें या किसी भी धोखाधड़ी के मामले में 1930 पर कॉल करें। केदारनाथ हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए आधिकारिक बुकिंग केवल https://www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से की जा सकती है। वहीं सोमनाथ ट्रस्ट की सेवाओं और गेस्ट हाउस बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट https:somnath.org है।



- आई4सी ने अत्यधिक सावधानी बरतने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की दी सलाह

## उत्तराखंड बोर्ड दसवीं और बारहवीं का परिणाम जारी

# हाईस्कूल के 90.8 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के 86.7 फीसदी बच्चे पास

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने हाई स्कूल (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2025 के परिणाम 19 अप्रैल 2025 को घोषित कर दिया। इस साल हाई स्कूल में 90.87 फीसदी और इंटरमीडिएट में 86.20 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए। परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हाई स्कूल परीक्षा में 1,09,859 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 99,725 पास हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 90.87 फीसदी रहा, जिसमें छात्रों का पास प्रतिशत 88.20 फीसदी और छात्राओं का 93.25 फीसद रहा। बागेश्वर के जतिन जोशी ने 500 में से 496 अंक (99.20 फीसदी) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। टिहरी की कनकलता ने 495 अंक (99 फीसदी) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान उत्तरकाशी के दिव्यम और उधम सिंह नगर की दीपा जोशी ने साझा किया, दोनों ने 494 अंक (98.80 फीसदी) प्राप्त किए। इंटरमीडिएट परीक्षा में 1,06,345 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें से 88,518 पास हुए। कुल पास प्रतिशत 86.20 फीसदी रहा। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.10 फीसदी और छात्राओं का 86.20 फीसदी रहा। देहरादून की अनुष्का राणा ने 493 अंक (98.60 फीसदी) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान देहरादून के केशव भट्ट और उत्तरकाशी की कोमल कुमारी ने साझा किया, दोनों ने 489 अंक (97.80 फीसदी) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर आयुष सिंह रावत रहे, जिन्होंने 484 अंक (96.80 फीसद) हासिल किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ये परिणाम छात्रों के लिए नई राहें खोलेंगे। परिणाम घोषणा के बाद छात्रों में उत्साह देखा गया।



### मध्य प्रदेश में प्रेम प्रसंग पर भड़की हिंसा

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक प्रेम प्रसंग के मामले ने हिंसा का रूप ले लिया। उपद्रवियों द्वारा दुकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई, तो वहीं पुलिस को हालात पर काबू पाने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। मामला सागर जिले के सानौधा थाना क्षेत्र का है। यहां दो अलग-अलग समुदायों के लड़का-लड़की में प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह शुक्रवार की रात को अपने घरों से भाग गए। यह मामला सामने आने पर शनिवार को एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों के घरों में जमकर तोड़फोड़ की और कुछ घरों में आग तक लगा दी।

### संविधान ही सर्वोपरि, मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा : अखिलेश यादव

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की और दावा किया कि रामजी लाल के घर पर हमला भी साजिश के तहत किया गया। अखिलेश यादव ने देश के संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि बाबासाहेब के संविधान और जो लोकतंत्र में हमें जो अधिकार मिले हैं, उनके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। हमें संविधान और कानून पर पूरा भरोसा है। जिन्होंने तलवार लहराई, जो बहुत सी तैयारियों के साथ आए, जिन्होंने गलियां दी हैं, वे आज भी सोशल मीडिया पर हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम लोग कानून मानने वाले हैं। भाजपा कानून को नहीं मानती। वह अधिकार को छीनने वाली है। सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि पीडीए की ताकत सपा के साथ खड़ी है। आज सामंतवादी और प्रभुत्ववादी लोगों को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि 'जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे', आखिरकार कौन हैं इनके पीछे।

### तेजस्वी ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा हर टेंडर में मंत्री का 30 फीसदी कमीशन तय

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जोरदार सियासी हमला बोला। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भ्रष्टाचार का आलम है कि सभी विभागों में ताबड़तोड़ टेंडर निकाला जा रहा है, जिसमें सभी विभागीय मंत्रियों का 30 प्रतिशत कमीशन तय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे उन्हें चुनाव का खर्च भी निकालना है। पटना में एक प्रेस वार्ता में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अब कितना भी दम लगा लें, उनकी सरकार नहीं बनने वाली है। इसलिए आनन-फानन में टेंडर निकाला जा रहा है। मात्र तीन महीने की कैबिनेट की बैठक में 76 हजार करोड़ रुपए की ही स्वीकृति मिली है। इसमें अधिकतर योजनाएं निर्माण से जुड़ी हुई हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार वार्षिक रूप से हर साल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए लोन की राशि चुकाती है। ब्याज का तो छोड़ दीजिए। बिहार सरकार सरकारी खजाने से चुनाव को लेकर यात्रा और राजनीतिक प्रचार कर रही है। जनता इसका जवाब मांग रही है।

### डबल इंजन की सरकार से बिहार को लाभ हो रहा है, लोग इसे नहीं बदलेंगे : संजय झा

**पटना।** राज्यसभा सांसद एवं जदयू पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने शनिवार को यहां कहा कि डबल इंजन की सरकार से बिहार को लाभ हो रहा है और लोग नहीं चाहते हैं कि इसमें कोई बदलाव आए। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इंडी एलायंस की बैठक और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार आगमन पर संजय झा ने कहा कि बिहार में यह चुनावी साल है। इस साल बहुत लोग यहां दिखाई देंगे लेकिन बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है और 2025 में भी उनके नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी। बिहार में कांग्रेस का कुछ नहीं बचा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा एनडीए की सरकार पर भ्रष्टाचार में सरकारी राशि की लूट को लेकर राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि तेजस्वी यादव को पहले उस विषय पर बोलना चाहिए जिसके ऊपर जांच चल रही है। नौकरी के बदले जमीन के मामले पर उन्हें पहले बोलना चाहिए। नीतीश कुमार के राज्य में बहुत बड़े-बड़े काम हुए हैं। जबकि तेजस्वी यादव को कोर्ट लगातार बुला रहा है, इस पर कभी उन्होंने बयान नहीं दिया है।

### जेईई मेन में हर्ष झा का शानदार प्रदर्शन, 100 पर्सेंटाइल हासिल करने का खोला राज

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सेशन 2 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले 24 छात्रों में से एक दिल्ली के हर्ष झा भी हैं। हर्ष ने आईएएनएस से बातचीत में अपनी सफलता का राज बताया। 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले हर्ष झा ने बताया कि मैंने ऑल इंडिया रैंक 23 हासिल की और मुझे 100 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ है और मैं दिल्ली से हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, परिणाम बेहद शानदार है। परीक्षा देने के बाद मुझे उम्मीद थी कि अच्छा परिणाम आएगा, लेकिन इतना शानदार रिजल्ट मिलेगा, यह नहीं सोचा था। एग्जाम के लिए अपनी तैयारी के बारे में हर्ष ने कहा, " मेरी तैयारी बहुत अच्छी थी। मैंने घंटों के हिसाब से पढ़ाई नहीं की, बल्कि जब मन करता था, तब पढ़ता था। मेरा डेली रूटीन यह था कि सुबह मैं मुश्किल और चैलेंजिंग टॉपिक्स पढ़ता था, फिर धीरे-धीरे आसान चीजों पर जाता था।"अपनी इस उपलब्धि का श्रेय हर्ष पूरे परिवार को देते हैं। उन्होंने कहा, " परिवार से मुझे बहुत सपोर्ट मिला, मेरे पापा मैथ्स के टीचर हैं, उन्होंने मुझे खूब सपोर्ट किया और मम्मी ने भी उनका साथ दिया।" हर्ष खुलासा किया कि कैसे उन्होंने खुद को मांझा और अपने लक्ष्य के करीब पहुंचे।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बेटी के ससुर से प्यार तो समधन फरार, सिलेंडर तक ले गई

**एजेंसी। बदायूं**

अपने दौर के मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब ने कभी लिखा था, 'इश्क ने 'ग़ालिब' निकम्मा कर दिया वर्ना हम भी आदमी थे काम के '। बॉलीवुड ने भी इसे खूब भुनाया और 'निकम्मा किया इस दिल ने' पर युवाओं को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। कहने का मतलब है कि दौर बदलते रहे और मोहब्बत का मुकाम भी बदलता चला गया। कितना खूबसूरत अहसास होती है मोहब्बत, जिसे चाहो, उसे चुपके-चुपके याद करो और मुस्कुराते रहो। आज के दौर में मोहब्बत 'लाल इश्क' से आगे बढ़कर 'फरार इश्क' हो चुकी है। मतलब, मोहब्बत के नाम पर तमाम ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन्हें जानकर न सिर्फ आप सिर पीट लेंगे, हर गुजरते दिन के साथ ढहती सामाजिक मर्यादाओं पर शर्मिंदा हो जाएंगे।

पिछले दिनों अलीगढ़, मेरठ और बरेली से सामने आई घटनाएं हमारे सामने सवाल उठाती हैं कि क्या बड़े होने के नाते हमारा ऐसा फर्ज़ बनता है कि अपने आने वाले भविष्य को इस तरह से कलंकित करें। दरअसल, बदायूं के दातागंज से एक ऐसी ही खबर सामने आई है, जिस पर मोहब्बत का स्टीकर चिपकाया जा रहा है। लेकिन, स्थिति उतनी सीधी नहीं है, जितनी बताई जा रही है। बदायूं में एक महिला अपनी बेटी के ससुर के साथ फरार हो गई। हैरानी की बात यह है कि महिला के चार बच्चे हैं। एक लड़की की शादी 2022 में हुई थी। उसी बेटी के ससुर के साथ महिला को प्यार हो गया और उसने जीवन गुजारने का फैसला कर लिया। इस पूरी घटना पर महिला के पति सुनील कुमार का कहना है कि वह ट्रक ड्राइवर है। इस कारण घर पर कम ही रहता है। पत्नी को जब भी जरूरत होती थी, पैसे भेज दिया करता था। मेरे पीठ पीछे पत्नी समधी शैलेंद्र उर्फ विल्लू को बुलाती थी। आरोपी रोडवेज बस का सरकारी ड्राइवर है। इस बार भी पत्नी ने समधी को बुलाया और उसके साथ फरार हो गई। पति का कहना है कि उनकी पत्नी पहले भी तीन बार समधी के साथ भाग चुकी है। इसके बाद भी पत्नी को घर में रखा, लेकिन, उसमें कोई सुधार नहीं हुआ।

## पीएम के प्रधान सचिव ने प्रबंधन के विद्यार्थियों को संबोधित किया

# सुधार प्रदर्शन और परिवर्तन से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा : डॉ मिश्रा

**एजेंसी। संबलपुर**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी के मिश्रा ने कहा है कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह लाखों लोगों को गरीबी से उबारने, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, सुरक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत काल के दृष्टिकोण से ''सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन'' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास है । डॉ मिश्रा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, संबलपुर, ओडिशा के 9 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातक छात्रों को ''वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में अवसर और चुनौतियां'' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप 'संपूर्ण विश्व एक परिवार है', डॉ. मिश्रा छात्रों को ऐसे प्रबंधक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो न केवल व्यवसायों का प्रबंधन कर सकते हैं बल्कि मूल्यों, विविधता और परिवर्तन का भी प्रबंधन कर सकते हैं।

उन्होने दोहराया कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हम सभी 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर पर ले जाएं। इस प्रयास में हम सभी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाए।''वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में अवसर और चुनौतियां'' विषय पर संबोधित करते हुए, डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में रह रहे हैं क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, संरक्षणवादी नीतियों, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और बदलते वैश्विक व्यापार पैटर्न सहित जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जहां हम अभूतपूर्व गति से तकनीकी सफलताएं देख रहे हैं; वहीं आपूर्ति श्रृंखलाओं की फिर से कल्पना की जा रही है और व्यापार संबंधों को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु और स्थिरता हर बातचीत के केंद्र में हैं और इस मंथन के बीच, एक बात स्पष्ट है भविष्य सिर्फ विरासत में नहीं मिलेगा, बल्कि इसे बनाया जाएगा।डॉ. मिश्रा ने भारत की सुदृढ़ता पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक स्थिति सकारात्मक है क्योंकि यह आंतरिक परिवर्तन के साथ-साथ वैश्विक गतिशीलता में भी बदलाव ला रहा है। प्रधान सचिव डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक तरफ आंतरिक रूप से, बढ़ती अर्थव्यवस्था, युवा आबादी, बुनियादी ढांचे का विस्तार और तकनीकी प्रगति हमारी ताकत है, वहीं वैश्विक स्तर पर भारत का भू-राजनीतिक प्रभाव, रणनीतिक साझेदारी, प्रवासी समुदाय, वैश्विक प्रभाव के मामले में सॉफ्ट पावर हमारे देश के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।डॉ. मिश्रा ने वैश्विक नवाचार पावरहाउस बनने में भारत के कौशल का उदाहरण दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ, हम दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम हैं।इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और सौर जैसे क्षेत्रों में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के बारे में बात करते हुए विनिर्माण पुनरुत्थान को बढ़ावा दे रहे हैं, डॉ मिश्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह संचालन, रसद, आपूर्ति श्रृंखला रणनीति और विनिर्माण उत्कृष्टता में रोमांचक भूमिकाएं खुलती हैं।



- 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर पर ले जाएं

# 'गगनयान' मिशन के लिहाज से शुभांशु शुक्ला की आईएसएस यात्रा महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अगले महीने एक निजी कंपनी के मिशन में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले हैं। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। इसरो 'गगनयान' मिशन पर तेजी से काम कर रहा है। लेकिन, यह भी एक सच्चाई है कि इस मिशन के लिए चुने गए सभी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में जाने का यह पहला अनुभव होगा। इसरो ने जिन अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया है, उनके प्रशिक्षण के तीन में से दो सत्र पूरे हो चुके हैं। साथ ही साथ, अंतरिक्षयान और विभिन्न मॉड्यूलों का परीक्षण भी प्रगति पर है। वायुसेना के विशेषज्ञ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी 'गगनयान' के लिए चुने गए संभावित अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हैं और अंतिम सूची में उनके स्थान पाने की प्रबल संभावना है। इस बीच, इसरो ने एक निजी कंपनी एग्जिऑम स्पेस के एएक्स-4 मिशन के लिए शुभांशु शुक्ला को भेजने का फैसला किया है। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मिशन मई 2025 में आईएसएस के लिए रवाना होगा। इसका रणनीतिक महत्व इसलिए है कि जब इसरो का मिशन गगनयान अंतरिक्ष की यात्रा पर रवाना होगा, उस समय टीम में कम से कम एक सदस्य ऐसा होगा, जिसे अंतरिक्ष यात्रा का और खासकर आईएसएस से धरती के वातावरण में आकर समुद्र में लैंडिंग का, पहले से अनुभव होगा। वह इस मिशन में पायलट की भूमिका में होंगे। मिशन के 14 दिन तक आईएसएस के साथ जुड़े रहने का कार्यक्रम है।



## राकेश शर्मा के बाद एक और भारतीय की ऐतिहासिक उड़ान

इसरो ने एएक्स-4 मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को शामिल करने के बदले निजी कंपनी के मिशन को आर्थिक मदद भी प्रदान की है। यह दिखाता है कि उनका अनुभव गगनयान मिशन के लिए कितना अहम है। वह अपने साथ स्पेसफ्लाइट ऑपरेशन, लॉन्च प्रोटोकॉल, बेहद कम या नगण्य गुरुत्वाकर्षण के साथ अनुकूलन और इमरजेंसी की तैयारी जैसे अनुभव लेकर लौटेंगे। शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर जाने वाले पहले और 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे, जो तत्कालीन सोवियत संघ के सोयूज अंतरिक्ष यान में गए थे। हालांकि, इस बीच भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए आईएसएस की यात्रा कर चुकी हैं। इसरो ने बताया कि वह मई से जुलाई के दौरान टेस्ट व्हीकल-डी2 का परीक्षण करेगा। यह गगनयान क्रू के लिए इस्केप सिस्टम का परीक्षण है, जिसमें समुद्र से क्रू मॉड्यूल की रिकवरी भी शामिल है।

## यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 80



**सना (आईएएनएस)।** यमन के ईंधन बंदरगाह रास ईसा पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई। वहीं 150 अन्य लोग घायल हुए। यह जानकारी हूती संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को दी। ये हमले गुरुवार रात को हुए, जिनमें बंदरगाह और आयातित ईंधन के भंडारण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई कंक्रीट टैंकों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पीड़ित बंदरगाह के कर्मचारी हैं, जिनमें पांच पैरामेडिक्स भी शामिल हैं। रास ईसा बंदरगाह यमन के लाल सागर के पास होदेदाह शहर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यह हूती ग्रुप के कब्जे वाले क्षेत्रों में ईंधन के आयात का मुख्य स्रोत है। 2014 के अंत में सरकार के खिलाफ गृह युद्ध शुरू करने वाले हूती विद्रोहियों का उत्तरी यमन के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण है।

# बांग्लादेश में हिन्दू नेता की पीट-पीट कर हत्या

**ढाका (हि.स.)**

बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या क्रम थम नहीं रहा है। अब हन्दू समुदाय के प्रमुख नेता और बांग्लादेश पूजा उडजापान परिषद के उपाध्यक्ष भाबेश चंद्र राय की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इसे लेकर बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय में रोष और भय का माहौल है। उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर में प्रमुख हिन्दू नेता भाबेश चंद्र राय परिवार के साथ रहते थे। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार की करीब शाम पांच बजे का समय रहा होगा। तभी अपराधियों ने राय को फोन किया। उन्होंने घर पर ही होने के बारे में बताया। 30 मिनट बाद ही चार लोग दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए। भावेश को घर से उठा ले गए।

## हत्या की भारत ने की निंदा, कहा - अपनी जिम्मेदारी निभाए यूनुस सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने इसे देश की अंतरिम सरकार के तहत अल्पसंख्यकों के 'व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न' का हिस्सा बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ लक्षित हिंसा की खतरनाक ट्रेंड को दर्शाती है। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को व्यथित रूप से देखा। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न का अनुसरण करती है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

# करना था ऑपरेशन बाईं आंख का दाईं में पट्टी बांधकर घर भेज दिया

## आयुष्मान योजना में इस तरह होने की शिकायत पर जांच

- शिकायत दर्ज कराने पर अस्पताल के चिकित्सक ने ग्लूकोमा का हवाला देकर ऑपरेशन की बात कही थी
- अस्पताल के एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाते हैं

**संवाददाता**



*इसी तरह झारखंड में आयुष्मान भारत योजना से बिना इलाज के फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान करवाने के मामले में चार अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 15 सदस्यीय तीन टीमों ने खेजुरी बाजार स्थित मकान और दुकान पर छापा मार कर पत्रावलियों को ले गई थी।*

**लखनऊ।** आयुष्मान योजना के नाम पर कई जगह गजब ही हो रहा है। बलिया में आयुष्मान कार्ड धारक ने शिकायत दर्ज कराई है कि बाईं आंख में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए वह आंखों के अस्पताल में भर्ती हुआ। लेकिन वहां दाईं आंख में पट्टी बांधकर घर भेज दिया गया । इस पर सीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं। आयुष्मान योजना के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन में इस तरह की धोखाधड़ी की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच कर रही है। इसी तरह की अन्य शिकायतें आने पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के प्रबंधक से जवाब-तलब किया था। इसके बाद 4 अप्रैल को मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई थी।

बलिया जिले में 907631 आयुष्मान कार्ड धारक हैं। सितंबर 2018 से मार्च 2024 तक 46252 मरीजों का आयुष्मान योजना के तहत इलाज हुआ। संबंधित आंखों के अस्पताल में अकेले 26803 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन किए गए हैं। लालगंज निवासी तेजनारायण सिंह ने सीएमओ बलिया से मार्च के अंतिम सप्ताह में शिकायत की थी कि शहर के आंखों के एक अस्पताल में बायीं आंख में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भर्ती हुआ था। आरोप है कि शाम को दूसरी आंख पर पट्टी बांधकर और अगली सुबह दवा डाल कर घर भेज दिया गया। इस तरह की शिकायत कई आयुष्मान कार्ड धारकों ने भी मौखिक रूप से दर्ज कराई है। दूसरे मरीजों के अनुसार, शिकायत दर्ज कराने पर अस्पताल के चिकित्सक ने ग्लूकोमा का हवाला देकर ऑपरेशन की बात कही थी। तेज नारायण सिंह व अन्य मरीजों ने आरोप लगाया कि इस अस्पताल के एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाते हैं। आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क ऑपरेशन का झांसा देकर खुद के वाहन से अस्पताल लाते हैं। इस शिकायत पर तत्कालीन प्रभारी सीएमओ डॉ. विजय यादव ने अस्पताल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम में जिला आयुष्मान प्रभारी अनुपम सिंह व जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। इस बारे में संबंधित अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन, सीएमओ, कह रहे हैं कि मरीज की शिकायत पर गठित टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच रिपोर्ट आने पर शासन को अवगत कराने के साथ ही दोषी मिलने पर अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई होगी।इसी तरह से झारखंड में आयुष्मान भारत योजना से बिना इलाज के फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान करवाने के मामले में चार अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 15 सदस्यीय तीन टीमों ने खेजुरी बाजार स्थित मकान और दुकान पर छापा मार कर पत्रावलियों को ले गई थी।

# शिकागो व यूरोपीय शहरों की तर्ज पर बुलंदशहर व दादरी क्षेत्र के 80 गांवों को मिलाकर 'नया नोएडा' नाम से नया शहर बसाने की तैयारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे नोएडा से पूरब तरफ 80 गांवों को नोएडा' नाम से नया शहर बसाने की योजना बन गई है। अगले माह मई से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।इस परियोजना की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को सौंपी गई है। मुआवजे की दरें तय करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही लेआउट प्लान तैयार किया जाएगा। 'नया नोएडा' एनसीआर के बुलंदशहर व दादरी क्षेत्र के 80 गांवों की जमीन पर विकसित किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में शासन ने इस परियोजना के लिए मास्टर प्लान-2041 को मंजूरी दी थी। दस्तावेजों में इसे दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन नाम दिया गया है।

### मई से जमीन खरीद

- नया शहर 209.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला होगा
- भूमि अधिग्रहण के लिए 1000 करोड़ रु का बजट मंजूर
- यह शहर बसाने में गुरुग्राम मॉडल अपनाया जाएगा

**20,911.29** हेक्टेयर जमीन पर विकसित किया जाएगा

**3165** हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य साल 2027 तक पूरा किया जाना है

जिसमें डेवलपर्स को सीधा लाइसेंस देकर भूमि अधिग्रहण की अनुमति दी गई थी, इस मॉडल के तहत बाहरी विकास नोएडा प्राधिकरण द्वारा , आंतरिक विकास डेवलपर्स द्वारा किया जाएगा

यह नया शहर 209.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला होगा। जो करीब 20,911.29 हेक्टेयर जमीन पर विकसित किया जाएगा। अधिग्रहण के लिए जिन 80 गांवों की जमीन चिन्हित की गई है। उन्हें पहले ही नोटिफाई किया जा चुका है। इस मास्टर प्लान को चार चरणों में लागू किया जाएगा। इसका खाका दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर ने तैयार किया है। 'नया नोएडा' पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का प्रमुख इंजन बनने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। नोएडा प्राधिकरण प्राधिकरण ने 'नया नोएडा' बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मास्टर प्लान-2041 को अंतिम रूप दे दिया है। यह मास्टर प्लान प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड बैठक में पेश किया गया था। सितंबर 2023 में इस पर सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। जिसके बाद 12 जनवरी 2024 को इसे शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस योजना को चार चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में साल 2027 तक 3165 हेक्टेयर भूमि का विकास किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में 2027 से 2032 के बीच 3798 हेक्टेयर, तीसरे चरण में 2032 से 2037 तक 5908 हेक्टेयर और अंतिम चरण में 2037 से 2041 तक 8230 हेक्टेयर भूमि विकसित की जाएगी।नए शहर के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी अलग-अलग मॉडल पर आधारित है। अधिकतर भूमि का अधिग्रहण धारा-4 और धारा-6 के तहत जिला प्रशासन के माध्यम से होगा। वहीं कुछ स्थानों पर किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन ली जाएगी। नोएडा प्राधिकरण यह भी विचार कर रहा है कि नया शहर बसाने में गुरुग्राम मॉडल अपनाया जाए। जिसमें डेवलपर्स को सीधा लाइसेंस देकर भूमि अधिग्रहण की अनुमति दी गई थी। इस मॉडल के तहत बाहरी विकास नोएडा प्राधिकरण द्वारा और आंतरिक विकास डेवलपर्स द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि अभी प्राथमिकता किसानों की सहमति से ही जमीन लेने की है।

नए नोएडा के लिए भूमि अधिग्रहण और बुनियादी ढांचे के आंतरिक विकास हेतु नोएडा प्राधिकरण ने 1000 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस राशि का उपयोग भूमि अधिग्रहण के दौरान किया जाएगा। बजट को हाल ही में हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि 29 अगस्त 2017 को शासन ने 'दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन' के रूप में एक विशेष निवेश क्षेत्र अधिसूचित किया था। शुरुआत में इसे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सौंपा गया था, लेकिन 29 जनवरी 2021 को इसे नोएडा प्राधिकरण को स्थानांतरित कर दिया गया।पूरे शहर को एक साथ बसाने की बजाय, इसे चार अलग-अलग जोन में बांटकर चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। मास्टर प्लान को दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर द्वारा तैयार किया गया है। जो शिकागो और यूरोपीय शहरों की तर्ज पर आधारित है। नया नोएडा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और शहरी विकास के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगा। इसके प्रथम चरण में 3165 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य साल 2027 तक पूरा किया जाना है। जबकि दूसरे चरण में साल 2032 तक 3798 हेक्टेयर भूमि का विकास कार्य पूरा किया जाएगा। तीसरे चरण में साल 2037 तक 5908 हेक्टेयर भूमि के विकास के साथ चौथे और अंतिम चरण में साल 2041 तक 8230 हेक्टेयर भूमि का विकास करने का लक्ष्य रखा गया है।

## ईरान ने की यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने यमन के तेल बंदरगाह रास ईसा पर अमेरिका के घातक हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। बाघेई ने गुरुवार को यमन के बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में यह टिप्पणी की।

## भारतीय छात्रा को कार ने रौंदा, इलाज के लिए क्राउड फंडिंग से जुटाए गए पैसे, नहीं बच सकी जान

**विजयवाड़ा/ऑस्टिन।** भारतीय छात्रा वांगवोलु दीप्ति की टेक्सास के डेंटन शहर में एक हिट-एंड-रन घटना में मौत हो गई। दीप्ति की मास्टर डिग्री कुछ ही हफ्तों में पूरी होने वाली थी। 23 वर्षीय दीप्ति आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले की रहने वाली थी। वह 2023 में गुंटूर के नरसारावपेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका गई थी। वह नॉर्थ टेक्सास विश्वविद्यालय में कंप्यूटर और सूचना विज्ञान में एमएस की पढ़ाई कर रही थी। दुर्घटना 12 अप्रैल की सुबह हुई, जब दीप्ति और उसकी दोस्त स्निग्धा, सड़क पर चल रही थीं। एक तेज रफ्तार सेडान ने दोनों छात्राओं को कुचल दिया और फरार हो गई। दुर्घटना में दीप्ति के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि स्निग्धा भी घायल हो गई। स्निग्धा आंध्र प्रदेश के मेडिकोंडुरु की रहने वाली हैं। आपातकालीन सेवा के कर्मियों ने दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां दीप्ति को गहन देखभाल में रखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक दीप्ति के इलाज के लिए एक क्राउडफंडिंग कैंपेन के जरिए लगभग 80,000 डॉलर जुटाए गए।

## व्हाइट हाउस ने कोविड 'लैब लीक' के लिए चीन को ठहराया जिम्मेदार बाइडेन पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक कोविड-19 वेबसाइट लॉन्च की, जिसमें उन्होंने कोरोना वायरस की उत्पत्ति के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। साइट के मुताबिक वुहान के एक लैब से ये वायरस लीक किया गया। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन, अमेरिका के पूर्व शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी एंथनी फाउसी और विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी कोरोना वायरस की उत्पत्ति को दबाने की भी आलोचना की गई है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर अब कोविड-19 लैब-लीक थ्योरी को समर्पित एक पूरा पेज है।

यह घटना सीआईए द्वारा एक रिपोर्ट जारी करने के कुछ सप्ताह बाद आई है जिसमें कहा गया था कि प्रयोगशाला से लीक की आशंका है।

एजेंसी ने पहले कहा था कि उसके पास कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए पर्याप्त जानकारी नहीं है। नया वेबपेज उस साइट पर है, जो कोविड-19 टीकाकरण प्रयासों के लिए संसाधन के रूप में कार्य करती थी। अब इसमें एक बैनर है जिसमें लिखा हैः "लैब लीक, द ट्रू ओरिजिन्स ऑफ कोविड-19 ( यानि कोविड उत्पत्ति की सच्चाई)। बैनर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी दिखाया गया है। इसमें पूर्व मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. फाउसी और बाइडेन पर कोरोना वायरस की उत्पत्ति को छुपाने का भी आरोप लगाया गया है।

इसमें कहा गया है कि पिछली सरकार ने सच्चाई को छुपाने के लिए विलंब, भ्रम और गैर-जवाबदेही का बहु-वर्षीय अभियान चलाया। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि यह वेबसाइट कोविड-19 की उत्पत्ति को दर्शाती है और दिखाती है कि कैसे डेमोक्रेट्स और मीडिया ने वैकल्पिक स्वास्थ्य उपचारों और लैब-लीक थ्योरी को बदनाम किया। इसके अलावा, वेबसाइट में पांच प्रमुख बिंदुओं को सूचीबद्ध किया गया है, जो यह सुझाव देते हैं कि कोविड-19 की उत्पत्ति प्राकृतिक नहीं थी। वायरस में एक जैविक विशेषता है जो प्रकृति में नहीं पाई जाती। डेटा के अनुसार, कोविड-19 के सभी मामले मनुष्यों में एकल प्रवेश से उत्पन्न हुए हैं, जो पिछली महामारियों के विपरीत है, जहां कई स्पिलओवर घटनाएं हुई थीं। वुहान में चीन का प्रमुख सार्स अनुसंधान लैब है, जिसका पर्याप्त जैवसुरक्षा के बिना गेन-ऑफ-फंक्शन अनुसंधान (जीन परिवर्तन और जीवों को सुपरचार्ज करने) का इतिहास रहा है।

## दक्षिण कोरिया मार्शल लॉ मामला, पूर्व मंत्री से रातभर पुलिस ने की पूछताछ



**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व आंतरिक और सुरक्षा मंत्री ली सांग-मिन से पुलिस ने शुक्रवार को रातभर पूछताछ की। उनसे मार्शल लॉ लागू करने की योजना में शामिल होने के आरोपों को लेकर सवाल - जवाब किए गए। ये मामला पिछले साल के अंत में उस समय का है, जब पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल ने थोड़े समय के लिए मार्शल लॉ लगाया था। पूछताछ के बाद ली सांग-मिन शनिवार को अपने घर लोट गए। पूर्व मंत्री शुक्रवार को दोपहर करीब 2 बजे विशेष पुलिस जांच दल के सामने संदिग्ध के तौर पर पेश हुए। उन्हें करीब 18 घंटे बाद शनिवार को सुबह करीब 7:40 बजे रिहा कर दिया गया। मिन पर शक है कि उन्होंने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति यून की आलोचना करने वाले कई मीडिया आउटलेट्स की बिजली और पानी की आपूर्ति काटने के लिए राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी को निर्देश दिया था।

# सरकार ने चीन के कम गुणवत्ता वाले सामान पर नया नियम लागू किया

**ब्यूरो**

- नुकसान होने लगा भारतीय कंपनियों को
- एल्युमीनियम, स्टील , तांबे , खास धातु व प्लास्टिक जैसी चीजें पर क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू किया है
- इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने सरकार को लिखा है - क्यूसीओ लागू होने से सामान मिलना बंद हो सकता है , उत्पादन रुक सकता है

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आ रहे कम गुणवत्ता वाले सामान व सस्ते आयात से ग्राहकों को बचाने के लिए कुछ नए नियम बनाए , लेकिन इससे उल्टे लाभ के बजाय भारतीय कंपनियों को ही नुकसान होने लगा है। सरकार के इस कदम से इलेक्ट्रॉनिक उद्योग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकार ने एल्युमीनियम, स्टील व तांबे जैसी चीजें पर क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू कर दिया है। इससे ऑटोमोबाइल और बिजली के उपकरण बनाने वाली कंपनियों को भी दिक्कत हो रही है। कुछ खास तरह की धातुओं और प्लास्टिक पर भी क्यूसीओ लागू हो गया है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में होता है। इससे कंपनियों की परेशानी बढ़ गई है। उनका कहना है कि इससे भारत दूसरे देशों के मुकाबले पिछड़ सकता है। इस बारे में एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के अधिकारी ने कहा कि सामान दुनिया भर से आता है, जिसमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल हैं। जब तांबा या एल्यूमीनियम जैसी चीजों पर क्यूसीओ लागू होता है, तो इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को भी नुकसान होता है। इससे सामान मिलने में दिक्कत होती है। कंपनियों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक सामान पहले से ही अनिवार्य पंजीकरण आदेश स्कीम II के तहत आते हैं। उनकी जांच और सर्टिफिकेशन होता है। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान को क्यूसीओ से छूट मिलनी चाहिए। इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री का कहना है कि क्यूसीओ उन चीजों के लिए जरूरी है जिनका इस्तेमाल ज्यादा होता है और जिनमें ज्यादा रिफाइनमेंट की जरूरत नहीं होती। इनमें एल्यूमीनियम और स्टील शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने के लिए बहुत अच्छी क्वालिटी के कच्चे माल की जरूरत होती है। ये चीजें खास होती हैं और तकनीकी रूप से जटिल होती हैं। भारत में अभी ऐसी चीजों की भरोसेमंद सप्लाई नहीं है। दरअसल, क्यूसीओ भारत में इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि चीन व अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव चल रहा है। भारत को डर है कि कहीं चीन अपना सस्ता सामान भारत में न भेज दे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि क्यूसीओ के दायरे में आने वाली कई चीजें मोबाइल फोन व दूसरे गैजेट बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। ये गैजेट भारत में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चीजों को अच्छी क्वालिटी के लिए आयात करना पड़ता है। ये भारत में बनने वाले सामान की क्वालिटी बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। लेकिन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने सरकार को लिखा है कि क्यूसीओ लागू होने से सामान मिलना बंद हो सकता है और उत्पादन रुक सकता है। उसका कहना है कि सरकार के कदम से सप्लाई चेन बिगड़ जाएगी, उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा और भारत में बने सामान को ग्लोबल वैल्यू चेन में शामिल करने में दिक्कत होगी। आईसीईए ने इलेक्ट्रॉनिक सामान के लिए छूट मांगी है। इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि इन चीजों का आयात खास मकसद के लिए होता है और इनकी मात्रा उन चीजों के मुकाबले बहुत कम होती है, जिन पर क्यूसीओ लागू है।

### बांग्लादेश में अशांति, अपराध और आतंकवाद

# अपने नागरिकों के लिए अमेरिका की एडवाइजरी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**





अमेरिका ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश की यात्रा के लिए फिर से परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। इसमें कहा गया कि अशांति, अपराध और आतंकवाद के कारण बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करें। अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में नागरिकों से सांप्रदायिक हिंसा, अपराध, आतंकवाद, अपहरण और अन्य सुरक्षा जोखिमों के कारण खगराचारी, रंगमती और बंदरबन हिल ट्रैक्ट्स जिलों (सामूहिक रूप से चटगांव हिल ट्रैक्ट्स के रूप में जाना जाता है) की यात्रा न करने का आग्रह किया गया। एडवाइजरी में कहा गया, "क्षेत्र में अपहरण की घटनाएं हुई हैं, जिनमें घरेलू या पारिवारिक विवादों से प्रेरित किडनैपिंग और धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाले अपहरण होते रहे हैं। अलगाववादी संगठन और राजनीतिक हिंसा भी इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों के लिए अतिरिक्त खतरा पैदा करती हैं, आईईडी विस्फोट और सक्रिय गोलीबारी की घटनाएं भी हुई हैं।" इसमें आगे कहा गया कि अगर आप इन इलाकों की यात्रा करने की योजना बनाते हैं, तो आपको बांग्लादेश सरकार के गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

# भारत की चिंता के बाद श्रीलंका ने पाक के साथ युद्धाभ्यास रद्द किया

- भारत के समुद्री सुरक्षा हितों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में त्रिंकोमाली तट महत्वपूर्ण केंद्र

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत की ओर से चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने पाकिस्तान के साथ नौसैनिक अभ्यास रद्द कर दिया है। यह अभ्यास श्रीलंका के त्रिंकोमाली तट पर किया जाना था। भारत ने पाकिस्तानी नौसेना के चीन की पीएलए नौसेना के साथ घनिष्ठ सहयोगऔर त्रिंकोमाली में पाकिस्तानी युद्धपोतों की यात्रा को लेकर श्रीलंका के सामने चिंता जताई थी। त्रिंकोमाली श्रीलंका के उत्तर पूर्वी तट पर स्थित है और इसे भारत के समुद्री सुरक्षा हितों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 04 अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने भारत की वित्तीय सहायता से पूरी हुई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी की इस यात्रा से पहले श्रीलंका और पाकिस्तान की नौसेनाओं ने अपनी नियमित गतिविधियों के अनुरूप त्रिंकोमाली के तट पर अभ्यास करने की योजना बनाई थी। इसकी जानकारी मिलने पर भारत ने प्रस्तावित अभ्यास पर श्रीलंका के सामने अपनी चिंताएं रखी थीं। भारत का कहना था कि पाकिस्तान और श्रीलंका की नौसेनाओं के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के युद्धपोत युद्धाभ्यास के अलावा नियमित रूप से एक-दूसरे के बंदरगाहों पर जाते हैं।


भारत ने इस बात पर भी चिंता जताई थी कि अगस्त , 2022 में हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज 'युआन वांग' के डॉकिंग ने श्रीलंका कूटनीतिक विवाद को जन्म दिया था। इसके बाद अगस्त, 2023 में कोलंबो बंदरगाह पर डॉक किए गए एक अन्य चीनी युद्धपोत ने भी नई दिल्ली में कुछ चिंताएं पैदा की थीं।

# वायुसेना के हैरतअंगेज करतब ने सबका दिल मोहा

## एयर शो का आंखो देखा

### खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में एयर शो का पहला दिन
### कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों ने की शिरकत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में एयर शो के पहले दिन लगभग एक लाख की भीड़ एयर शो देखने के लिए उमड़ी। झारखंड की धरती पर पहली बार एयर शो का आयोजन किया गया था। बहुत लोगों को तो ये भी पता नहीं था कि एयर शो का मतलब क्या होता है। हां इतना जरूर पता था कि आसमान में एक से ज्यादा फाइटर जेट देखने को मिलेगा। फिर क्या था रांचीवासी और आसपास के गांवों के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने को उत्सुकता से पहुंचे। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से शुरू होना था, लेकिन नौ बजे से लोगों का हुजूम लगना शुरू हो गया था। बूढ़े, महिलाएं, युवा, स्कूली बच्चे सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच प्रशासन के लोग व्यवस्था को लेकर संजीदगी से काम कर रहे थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री पूरे आयोजन के दौरान एक खुशनुमा और उल्लासित माहौल बनाते नजर आए। सुबह 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो गया था।



## एयर शो देखने आई भीड़ थी उल्लासित

विमान की गूंज से पूरे मैदान परिसर में जुटे लगभग एक लाख की भीड़ आश्चर्य चकित थी। सभी के मन में उत्साह था कि आज वायुसेना का करतब देखने को मिलेगा। तभी वह क्षण आया जब मंच से कहा गया कि एयर शो शुरू हो गई है। सभी आसमान की ओर देखने लगे कि वायुसेना के जांबाज अपने हैरतअंगेज कारनामे में क्या दिखलाते हैं। फिर क्या था मंच से कभी बांये देखने तो कभी दांये देखने, कभी सामने देखने तो कभी पीछे देखने को कहा गया। दर्शक मंच से संबोधन का अनुकरण करते दिखे और उसी ओर से वायुसेना का विमान आता हुआ दिखाई दिया। हैरतअंगेज कारनामे से सभी दर्शक आश्चर्यचकित और भाव विहल हो रहे थे। तालियां बजाकर और हाथ हिलाकर विमान के कॉक पिट में बैठे पायलट का उत्साह बढ़ा रहे थे। सभी सामने के विमान को देख रहे थे कि अचानक पीछे से एक विमान दर्शकों के एकदम उपर से गुजरा।



## मेडिकल टीम ने स्कूली बच्ची का किया इलाज

कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आगमन साढ़े नौ बजे हुआ। उनका अभिवादन हुआ और मंच से एयर शो शुभारंभ होने की बात कही गई। 9.45 में विमान उड़ने की गूंज सुनाई देने लगी लोग इधर उधर देख ही रहे थे। इसी बीच एक स्कूली छात्रा तेज धूप में चक्कर खाकर गिर पड़ी। मौके पर उपायुक्त के एपीआरओ रियाज के द्वारा मेडिकल टीम को सूचना दी गई। तुरंत सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार जो मेडिकल टीम का नेतृत्व कर रहे थे मौके पर पहुंचे ओर उस स्कूली बच्ची के इलाज में जुट गए और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

## एयर शो में बच्चों ने बांधा समां

एअर शो में आए स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। तिरंगा लहराते स्कूली बच्चे भारत माता की जय के नारे से मैदान की खूबसूरती को बढ़ाते नजर आए। वहीं विमान ने भी आसमान में तिरंगा लहराकर देश की आन, बान, शान और वायुसेना के शौर्य और अदम्य साहस का परिचय दिया। विमान के कॉक पिट से पायलट की आवाज भी एयर फोर्स के द्वारा सुनाई गई। सबों ने पहली बार सुना कि हजारों फीट आसमान में उड़ रहे विमान से पायलट की आवाजें कैसी आती है। विमान कभी ए शेप तो कभी वाई शेप कभी वन शेप बनाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। तभी मंच से बताया गया कि झारखंड के लिए एयर फोर्स एक नया शेप बनाने जा रही है जो झारखंड के लिए स्पेशल है। तभी दो विमान हवा में बलखाते-लहराते हुए दिल की आकृति आसमान में बनाया, जिसे देख दर्शकों ने खड़े होकर ताली बजाकर एयर फोर्स का अभिवादन किया। रविवार को भी दूसरे दिन एयर शो उसी समय पर आयोजित है।



## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं ने देखा भारतीय वायु सेना का पराक्रम



**रांची।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं शनिवार को नामकुम को खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायु सेवा के एयर शो की गवाह बनीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों के लिए एयर शो देखने की व्यवस्था की गई थी। आसमान में सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के हैरतअंगेज कारनामे को देखकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं का जोश हाई दिखा। बच्चों ने कहा कि वो भी एक दिन अपने राज्य और देश का नाम ऊंचा करेंगी। सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के सदस्यों से मिलते वक्त बच्चे काफी उत्साहित दिखे। टीम के सदस्यों ने भी बच्चों की भरपूर हौसला अफजाई की। बच्चों के सवालों के जवाब भी टीम के सदस्यों के द्वारा दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन और इसमें स्कूली बच्चों की भागीदारी का उद्देश्य उनमें देश सेवा का भाव उत्पन्न करना है, ताकि आगे चलकर वो वायु सेवा में शामिल हो और देश सेवा में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि इस शो से बच्चों को भारतीय वायु सेवा की पराक्रम, कार्य कुशलता और अनुशासन की सीख बच्चों को मिलती है ताकि वो अपने जीवन इसे आत्मसात कर सकें।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने एयर शो के सफल आयोजन के लिए प्रशासन को बधाई दी, कहा

## रांची की जनता को वायु सेना के कौशल और शौर्य को करीब से देखने का मौका मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेज के प्राचार्य सहित प्रशासनिक पदाधिकारी व उपयुक्त को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा कि रांची में पहली बार आयोजित एयर शो जो एयर फोर्स के द्वारा आयोजित की जा रही है। देश की सेवा के प्रति बच्चे जागरूक हो, अपने जीवन का गोल सेट कर सकें, अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सकें। इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है।

यह शो पूरी तरह निशुल्क है। इस एयर शो में एयर फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ एपी सिंह रविवार को रांची आ रहे हैं।




विदित हो कि 19 व 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे रांची में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की यह टीम विमानों के द्वारा कई रोमांचकारी करतब दिखाएगी।

इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि सेना के जवानों का शौर्य और कौशल को करीब से देखने का यह ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं स्वर्णिम अवसर होगा। इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए वायुसेना अथक परिश्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के साथ ही आरंभ से उनका यह प्रयास रहा कि रांची और झारखंड की जनता सेना के शौर्य और कौशल को करीब से देख सके, उसे महसूस कर सके और सेना में सेवा देने के लिए युवाओं की उत्सुकता और बढ़ सके। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पिछले वर्ष सेना को जानो कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन कराया था। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। रांचीवासी वायु सेवा के शौर्य को करीब से देखेंगे। इससे हमारे क्षेत्र के युवाओं का सेना में जाने का उत्साह और दोगुना होगा। रक्षा राज्य मंत्री ने रांचीवासियों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है।



## पीवीटीजी परिवार ने देखा भारतीय वायु सेना का एयर शो

**उपायुक्त के निर्देश पर की गई थी पीवीटीजी परिवार के आवागमन की व्यवस्था**

**आसमान पर फाइटर जेट की अद्भुत कारनामे को देखकर रोमांचित दिखा पूरा परिवार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित भारतीय वायु सेना के एयर शो को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। विशिष्ट अतिथियों, पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों, विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ बुंडू प्रखंड के अमनबुरु गांव से पीवीटीजी परिवार भी आकाश में भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज कारनामे को देखने पहुंचे थे।

उपायुक्तक के निर्देश पर पीवीटीजी परिवार के आवागमन की व्यवस्था की गई थी। सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम द्वारा आसमान पर फाइटर जेट की अद्भुत कारनामे को देखकर पूरा परिवार रोमांचित दिखा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह उनके लिए बेहतरीन अनुभव था, सभी सदस्यों ने एयर शो देखने के लिए की गई व्यवस्था के प्रति जिला प्रशासन का आभार जताया।

## रिम्स निदेशक की बर्खास्तगी भ्रष्टाचार को बढ़ावा : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रिम्स निदेशक के हवाले से आई खबरों से पता चला कि जीबी की बैठक में उनपर हेल्थमैप और मेडाल को अनुचित भुगतान करने का मौखिक दवाब बनाया जा रहा था जबकि एजी की ऑडिट में इसपर आबजेक्शन किया जा चुका है। कहा कि दलित समुदाय से आने वाले इस प्रतिभावान रिम्स निदेशक को अपमानित एवं प्रताड़ित कर बिना कारण पूछे एवं अपना पक्ष रखने का मौका दिए बगैर अकस्मात हटाने की यह बड़ी वजह बनी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी में अगर हिम्मत है तो इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश देकर सच्चाई को सामने



आने दें। उन्होंने कहा कि चाहे पथ निर्माण विभाग हो या भवन निर्माण विभाग। ग्रामीण विकास विभाग हो या पेयजल विभाग।

इन जैसे सारे कामकाजी विभागों में कहने के लिए तो ठेके-पट्टे देने एवं भुगतान करने के लिए विभागीय कमेटियां बनी हुई हैं, लेकिन विभागों में ठेकेदारों का चयन, कार्य आवंटन, भुगतान से लेकर कार्य आवंटन के बाद अतिरिक्त काम के नाम पर एकरारनामा की राशि बढ़ाकर बढ़ी हुई राशि का बंदर बॉट कराने का काम सत्ताधारियों की मिलीभगत से विभागीय सचिवों के मौखिक निर्देश एवं दवाब पर ही संचालित एवं नियंत्रित किया जाता रहा है। इससे जो काली कमाई होती है उसका हिस्सा उपर तक जाता है। कहा कि इस गोरखधंधे में पकड़े जाने पर नीचे के पदाधिकारी दंडित हो जाते हैं। जो अधिकारी सचिवों के कहने पर गलत काम करने से आनाकानी करते हैं उन्हें रिम्स निदेशक राजकुमार की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

### भ्रष्टाचार मुक्त होगा झारखंड का स्वास्थ्य विभाग

## सरकारी कर्मियों की कोई जाति नहीं होती सिर्फ कर्तव्य होता है : डॉ इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का स्वास्थ्य विभाग अब किसी का चारागाह नहीं रहेगा, और न ही खाद्य आपूर्ति विभाग या आपदा प्रबंधन। अब जो काम करेगा, वो रहेगा जो कामचोर और भ्रष्ट है, वह बाहर जाएगा। ये विभाग अब काम के नाम पर आरामगाह नहीं बनेगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं यूं ही नहीं बदलतीं। कुछ कड़े फैसले लेने पड़ते हैं, और मैं वो फैसले लेने के लिए तैयार हूं। भाजपा ने 18 सालों तक स्वास्थ्य विभाग को ऐसा लूटा जैसे ये कोई खान हो लेकिन उनको बता दूं कि अब खनन बंद हो गया है। अब वक्त है सिस्टम और माफियाओं के इलाज करने की। स्वास्थ्य विभाग में हर यूनिट, हर विंग एक कमिटमेंट होता है जनता के प्रति। यहां कोई भी सुस्ती, ढील या दलाली अब नहीं चलेगी।



जो अफसर काम में टांग अड़ाते हैं, या बाहर से उंगली लकड़कर किसी को खींचने की कोशिश करते हैं उनसे बस यही कहूंगा कि अबकी बार, सुधर जाइए, नहीं तो पर्दा उठेगा और किरदार सामने आएगा। नेताओं के बीच कुछ ऐसे भी हैं जो हर जगह करप्शन ही सूंघते हैं, जैसे गाड़ी में पेट्रोल की जगह बासी घी डाल दिया हो। अरे भाई, थोड़ा जनता के काम पर भी ध्यान दे लिया कीजिए। उन्होंने कहा कि बात साफ है जब हाथी बाजार से निकलता है तो कुत्तों का भौंकना आम है। लेकिन हाथी रुकता नहीं है, हेमंत सरकार हाथी है और हम झारखंड के लोगों की उम्मीद हैं। और याद रखिए हेमंत है तो हिम्मत है। उन्होंने कहा कि कुछ बुजुर्ग नेता हैं बाबूलाल और सरयू राय जिनका हम सम्मान करते हैं, उनसे भी मैं कहना चाहता हूं, अब एआई का जमाना है, आप लोग अब भी रेडियो की तरह पुराने ख्याल में फंसे हैं।

## अधिकारी हटाये जाते हैं, जातियां नहीं : सोनाल शांति



**रांची।** रिम्स निदेशक को हटाये जाने पर बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया के जवाब में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि इस मामले को जातिगत मसला बनाने की कोशिश ना करें। पद से अधिकारी हटाए जाते हैं जातियां नहीं। उन्होंने कहा क बाबूलाल मरांडी को वर्तमान सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार की गंगोत्री का उद्गम उनके कार्यकाल में ही हुआ था जो डेढ़ दशक से ज्यादा भाजपा के नेतृत्व में चलने वाली सरकार के कार्यकाल में गहरा हो गया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर वार भाजपा के गले नहीं उतर रहा है। सरकार के निर्णय के इतर रिम्स निदेशक के कार्यकलाप थे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही थी इसे नियंत्रण में रखने हेतु रिम्स निदेशक का हटाना जरूरी था। भाजपा के कार्यकाल में मजबूत की गई भ्रष्टाचार की जड़ों पर महागठबंधन सरकार द्वारा प्रहार किए जाने के कारण भाजपा में बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में ही प्रथम जेपीएससी परीक्षा में घोटाला हुआ जिसका दंश झारखंड का युवा आज भी झेल रहा है । इस आयोग के सभी सदस्य जेल में रहे हैं। बाबूलाल जी जिस नेता को भ्रष्टाचारी कहते हैं उसी भ्रष्टाचारी को भाजपा में शामिल करते हैं। दवा घोटाले के आरोपी भानु प्रताप शाही इसके उदाहरण मात्र है। एक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने अपने कार्यकाल में ही कई सरकारी सुविधाओं से अपने मेडिकल कॉलेज को लाभान्वित किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**भारतीय वायुसेना के कौशल, शौर्य...**

बनाईं। इसके अलावा, विमान उलटी उड़ान भरते भी नजर आए। टीम के पायलट, भारतीय वायुसेना के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने छह महीने कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की हैं। नामकुम के आर्मी ग्राउंड में एयर शो को देखने के लिए लगभग एक लाख की संख्या में लोग पहुंचे थे। इनमें स्कूली बच्चे, युवा, परिवार सहित सेवानिवृत्त और मौजूदा सैन्यकर्मी भी शामिल थे। बुंडू प्रखंड के अमनबुरु गांव से पीवीटीजी परिवार भी भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज करतब को देखने के लिए पहुंचा था। रांची उपायुक्त के निर्देश पर उनके आवागमन की व्यवस्था की गई थी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं भी एयर शो में भारतीय वायुसेना का कौशल देखा। एयर शो के पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस एयर शो में आम लोगों के लिए एंट्री फ्री थी। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर दर्शकों को खाने-पीने की चीजें, बैग्स या ड्रोन लाने की अनुमति नहीं थी। साथ ही, एयर शो के दौरान पूरे क्षेत्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

**पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया स्वागत :** रांची जिला प्रशासन ने भारतीय वायुसेना के एयर शो कार्यक्रम में पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गण्यमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। इसमें राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकरियों ने भी हिस्सा लिया।

**आज भी एयर शो :** रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायुसेना के दो दिवसीय एयर शो का आयोजन रविवार (20 अप्रैल) को भी होगा। एयर शो का आयोजन सुबह 09:45 से 10:45 बजे तक होगा। इस एयर शो में प्रवेश निःशुल्क है। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम रविवार को भी अपनी कुशलता और करतब को प्रस्तुत करेगी।

**तिरंगा झंडा लेकर मैदान में पहुंचें : संजय सेठ**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को एयर शो के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एयर शो का आयोजन रविवार को भी होगा। इसे देखने के लिए सभी लोग आएं, सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा कि एयर फोर्स के जांबाज पायलटों का मनोबल बढ़ाने के लिए सभी लोग रविवार को तिरंगा झंडा लेकर मैदान में पहुंचें।

**1.5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया :** एयर शो में बड़ी संख्या में लोग आए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद बड़ी संख्या में वाहनों के एक साथ निकलने से सड़कों पर करीब एक से 1.5 किलोमीटर लंबा जाम भी लग गया। लोगों को पार्किंग से मुख्य सड़क तक मात्र 100 मीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से ज्यादा समय लगा। ट्रैफिक पुलिस और जिला पुलिस के जवान और अधिकारी काफी मशक्कत के बाद जाम हटवाने में सफल रहे।

**सीएम सोरेन प्रतिनिधिमंडल के...**

में स्पेन के कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता होगी। 25 अप्रैल को स्वीडन के गोथनबर्ग में स्वच्छ ऊर्जा पर काम करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात की जाएगी। स्वीडन में 26 अप्रैल को उद्यमियों के साथ झारखंड सरकार के अधिकारियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग होगी। झारखंड में सौर ऊर्जा निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

## एक नजर

### एशियाई क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए 15 टीमें भिड़ेंगी

**भुवनेश्वर।** कलिंगा सुपर कप का पांचवां संस्करण रविवार को शुरू होगा, जिसमें 15 टीमें ट्रॉफी और अगले सीजन के एएफसी चैंपियंस लीग टू में जगह बनाने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। पिछले दो सालों से अलग, जहां टूनार्मेंट में ग्रुप स्टेज के बाद सेमीफाइनल खेले गए, इस सीजन में 2018 और 2019 की तरह पूरी तरह से नॉकआउट प्रारूप होगा, जिसका मतलब है कि हर मैच 'करो या मरो' वाला होगा। भुवनेश्वर के साथ कलिंगा सुपर कप का खास रिश्ता है। 2018 में पहले संस्करण के बाद से चार संस्करणों में से तीन का आयोजन कलिंगा स्टेडियम में किया गया था, और टूनार्मेंट का एकमात्र आयोजन ओडिशा के बाहर कोझिकोड में 2023 में हुआ था, जिसमें ओडिशा एफसी ने ट्रॉफी जीती थी और उसे भुवनेश्वर लाया गया था। पिछले साल, ईस्ट बंगाल एफसी ने फाइनल में अतिरिक्त समय के रोमांचक दौर के बाद जुगरनॉट्स को 3-2 से हराकर खिताब छीन लिया था। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने राष्ट्रीय ट्रॉफी के लिए अपने 12 साल के इंतजार को खत्म किया, और उसी मैदान पर अपने ताज का बचाव करने के लिए तैयार है। ईस्ट बंगाल के लिए खिताब का बचाव करना कोई नई बात नहीं है, उन्होंने 2009-10 और 2010 में लगातार फेडरेशन कप जीते हैं।

### एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 11 पदकों के साथ किया अभियान का समापन



**नई दिल्ली।** हिमांशु जाखड़ ने शनिवार को सऊदी अरब के दम्मम में एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 67.57 मीटर की दूरी दर्ज करके भारत को पहला भाला फेंक स्वर्ण पदक दिलाया। यह स्वर्ण पदक महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी है। हरियाणा के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने चीन के लू हाओ (63.45 मीटर) और उज्बेकिस्तान के रुसलान सादुल्लाव (61.96 मीटर) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हिमांशु का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 74.56 मीटर (700 ग्राम) है, जो उन्होंने दिसंबर, 2024 में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### डेविड वार्नर एमएलसी 2025 में सिएटल ऑर्कास के लिए खेलते नजर आएंगे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाज डेविड वार्नर अब अपने क्रिकेट करियर की एक नई शुरूआत करने जा रहे हैं। 37 साल के वॉर्नर ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के तीसरे सीजन के लिए सिएटल ऑर्कास टीम से करार किया है। यह टूनार्मेंट 12 जून से 13 जुलाई 2025 तक अमेरिका में खेला जाएगा। यह वार्नर का एमएलसी में पहला मुकाबला होगा। यह लीग साल 2023 में शुरू हुई थी और धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। टी20 क्रिकेट के सबसे शानदार बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले वार्नर अब तक 401 टी20 मैच खेल चुके हैं और 12,956 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 140.27 है। वॉर्नर की खासियत है कि वह शुरूआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और बड़े-बड़े शॉट्स खेलने से नहीं डरते।



जोस बटलर शतक से चूके

# गुजरात की दिल्ली पर सात विकेट से बड़ी जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जोस बटलर शतक से चूक गए लेकिन गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल कर ली। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। दिल्ली ने 8 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 203 रन बनाए। इस दौरान आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर 37 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी गुजरात की ओर से जोस बटलर ने 54 गेंदों पर 97 तो रुदरफोर्ड ने 34 गेंदों पर 43 रन बनाकर जीत की राह खोल दी। आखिरी ओवरों में बटलर के पास शतक बनाने का मौका था लेकिन राहुल तेवतिया ने एक छक्का और एक चौका मारकर मैच खत्म कर दिया। उन्होंने बटलर को स्ट्राइक ही नहीं दी। अगर बटलर शतक बनाते तो उनके आईपीएल में आठ शतक हो जाते और वह विराट कोहली की बराबरी पर आ जाते।

दिल्ली को अभिषेक पोरेल ने 9 गेंदों पर 18 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। केएल राहुल ने 14 गेंदों पर 28 रन बनाए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 200 छक्के लगाने के मामले में संजू सैमसन से ऊपर हो गए हैं। करुण नायर ने 18 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। कप्तान अक्षर पटेल ने 32 गेंदों पर 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 41 रन देकर 4 विकेट लिए।

## नेमार को पैर में नई चोट लगी है: सैंटोस

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरो।** सैंटोस फॉरवर्ड नेमार को पैर की मांसपेशियों में नई चोट का पता चला है, क्लब ने शुक्रवार को पुष्टि की, जो पूरी तरह से फिट होने के उनके लंबे संघर्ष में नवीनतम झटका है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 33 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को एटलेटिको मिनेरो पर सैंटोस की 2-0 की जीत के 34वें मिनट में मैदान से बाहर होना पड़ा और बाद के परीक्षणों में हैमस्ट्रिंग मांसपेशियों में से एक, सेमीमेम्ब्रानोसस को नुकसान की पहचान की गई,। अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में, सैंटोस ने कहा, अभी भी कोई निश्चित उत्तर देना जल्दबाजी होगी, हमारे पास अभी तक कोई निदान नहीं है,अब हमें वास्तव में प्रार्थना करनी होगी कि यह ऐसी चीज न हो जो उसे लंबे समय तक बाहर रखे। सैंटोस के कोच सीजर सैम्पाइओ ने कहा कि नवीनतम चोट पिछली समस्या की पुनरावृत्ति नहीं थी। सैंटोस ने कहा, नंबर 10 ने पहले ही उपचार शुरू कर दिया है और ... मांसपेशियों को मजबूत करने का काम जारी रखेगा।

हालांकि, उन्होंने ठीक होने की अनुमानित समयसीमा नहीं बताई। नेमार पिछले साल अक्टूबर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद से लगातार सॉफ्ट-टिशू चोटों से जूझ रहे हैं। फॉर्म में वापसी के बाद बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार को मार्च में विश्व कप क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें एक और मांसपेशियों की चोट के कारण वापस ले लिया गया।

33 वर्षीय खिलाड़ी, जो घुटने की चोट के कारण अक्टूबर 2023 से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, उनकी जगह रियल मैड्रिड के किशोर फॉरवर्ड एंड्रिक को शामिल किया गया है।



सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल से क्लब में लौटने के बाद से नेमार ने सैंटोस के लिए आठ मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं।

## आज आरसीबी के खिलाफ पंजाब किंग्स की नजरें सीजन डबल पर होंगी

**एजेंसी। चंडीगढ़**



शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उनके घरेलू मैदान पर हराने के बाद, पंजाब किंग्स की टीम रविवार को आईपीएल 2025 के 37वें मैच में सीजन डबल पूरा करने की कोशिश करेगी। आरसीबी के लिए यह एक तेज बदलाव रहा है, जिसे घर पर मिली करारी हार से उबरने का समय ही नहीं मिला। शुक्रवार को बेंगलुरु में बारिश से बाधित मुकाबले में उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप हास्यास्पद रूप से बिखर गई। 14-ओवर प्रति टीम के मैच में सिमटकर, आरसीबी 9 विकेट पर 95 रन ही बना सकी - जिसमें टिम डेविड की नाबाद 50 रन की पारी ही एकमात्र उज्ज्वल स्थान रही। विराट कोहली, फिल साल्ट, रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी दो-तरफा पिच के अनुकूल ढलने में विफल रहे। मैच के बाद कप्तान पाटीदार ने माना कि जल्दी विकेट गिरने और साझेदारी की कमी ने उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। सात मैचों में आठ अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज आरसीबी को जल्दी से फिर से संगठित होने की जरूरत है। साल्ट और कोहली को मजबूत शुरूआत की जिम्मेदारी उठानी होगी, जबकि पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या से मध्यक्रम को स्थिर करने की उम्मीद की जाएगी। उनकी गेंदबाजी भी जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पर काफी हद तक निर्भर करती है।

## पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में खालसा कॉलेज और डीयू एल्युमिना का जलवा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में चल रहे पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किरोड़ी मल कॉलेज को पुरुष हॉकी मुकाबले में 7-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं महिला वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना ने भी दमदार खेल दिखाते हुए भारती कॉलेज को 10-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। खालसा कॉलेज की तरफ से मोहित ने दो गोल दागे और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा रिशुल अरोड़ा, तनुज, हर्ष तेवतिया, विपिन मिश्रा, सागर और पवन ने भी एक-एक गोल कर टीम का स्कोर सात तक पहुंचाया। किरोड़ी मल कॉलेज के लिए ध्रुव ने इकलौता गोल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए मोहित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

महिला हॉकी मुकाबले में दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना की टीम ने एकतरफा खेल दिखाते हुए भारती कॉलेज को 10-0 से हराया। टीम की ओर से सोनाली ने हैट्रिक लगाई, जबकि नीलम शर्मा, पूजा निर्दोष और सुनीता रायडू ने 2-2 गोल किए। मनिता ने भी 1 गोल कर जीत में योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए सोनाली को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे हफ्ते बढ़ा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में 1.57 बिलियन डॉलर बढ़कर 677.84 बिलियन डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों में दी गई। यह लगातार छठवां हफ्ता है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड बढ़त देखी गई है। इससे पहले 4 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 676.3 बिलियन डॉलर हो गया है। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटकों में से एक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 892 मिलियन डॉलर बढ़कर 574.98 बिलियन डॉलर हो गई। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के साथ यूरो, पाउंड और येन को भी शामिल किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार के एक अन्य अहम घटक गोल्ड की वैल्यू 638 मिलियन डॉलर बढ़कर 79.99 बिलियन डॉलर हो गई है। हफ्ते के दौरान, वैश्विक अनिश्चितता के चलते गोल्ड को बड़ी मात्रा में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की ओर से खरीदा गया है।

### येस बैंक का चौथी तिमाही का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़कर 738 करोड़ रुपये हुआ

**मुंबई।** येस बैंक ने शनिवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में मजबूत प्रदर्शन की जानकारी दी, जिसमें बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 63.7 प्रतिशत बढ़कर 738.12 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में बैंक ने 451.9 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। मुनाफे में वृद्धि उच्च ब्याज आय, कम प्रावधानों और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता की वजह से दर्ज की गई। बैंक की कुल आय पिछले साल की समान अवधि के 9,015.8 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 9,355.4 करोड़ रुपये हो गई। मार्च 2024 तिमाही में 7,447.2 करोड़ रुपये की तुलना में ब्याज आय बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 7,616.1 करोड़ रुपये हो गई। दूसरी आय में भी वृद्धि देखी गई।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया हेक्टर मिडनाइट कार्निवल

### ग्राहकों को मिलेगा लंदन जाने का मौका

**नवीन मेन संवाददाता**



**रांची।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में, 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपये तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। ऑफर प्रोग्राम के दौरान, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कार खरीदने के अनुभव को और भी बेहतर बनाने लिए कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल /1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही 2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर पर आरटीओ खर्च पर 50% की छूट और एमजी एक्सेसरीज तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा। इस तरह की पहल रवश के शौकीन लोगों को एक बेहतरीन कार पेश करने की एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करती है। मौके पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, भारत में एसयूवी के शौकीनों के लिए एमजी हेक्टर हमेशा से ही सबसे पसंदीदा मॉडल रहा है। हमारा मिडनाइट कार्निवल लोगों के इसी विश्वास का एक अनूठा उत्सव है।

### भारत से निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहा 'नथिंग': कार्ल पेई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ और वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितता के बीच कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी नथिंग भारत से अपने निर्यात को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसकी जानकारी खुद सीईओ कार्ल पेई ने एक लाइव सेशन में दी। देश से निर्यात बढ़ाने को लेकर कंपनी के सीईओ कार्ल पेई की ओर से खुद जानकारी दी गई है। कार्ल पेई की ओर से आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी दी गई है।

एक्स पर 'आस्क मी एनीथिंग सेशन' (एएमए) में पेई ने टेक्नोलॉजी सेक्टर पर मौजूदा ट्रंप टैरिफ के प्रभाव को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। पेई से एक एक्स हैंडल यूजर ने सवाल किया कि क्या टेक इंडस्ट्री विशेषकर 'नथिंग' पर टैरिफ का कोई बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। इस सवाल के जवाब में पेई ने कहा, कौन जानता है कब क्या हो जाए। आए दिन नए बदलाव हो रहे हैं।

